फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -213, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com







## रोहित-गिल ने जड़े शतक

**2019** के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा नौ शतक लगाने वाले ओपनर बने रोहित, टेस्ट में 12वां शतक

**धर्मशाला।** कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को विकेट जल्दी गिरने के बावजूद स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। रोहित ने 103 रन और गिल ने 110 रन बनाने के साथ ही दूसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के शोएब बशीर ने 4 और टॉम हार्टली ने 2 विकेट लिए। 135 रन से आगे खेलते रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे में 129 रन बनाए। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वहीं, गिल ने भी इस श्रृंखला का दूसरा शतक लगाया।

| इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शतक बनाने वाले भारतीय ओपनर | |
|---|---|
| 4 | सुनील गावस्कर |
| 4 | रोहित शर्मा |
| 3 | विजय मर्चेंट |
| 3 | मुरली विजय |
| 3 | केएल राहुल |

| बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक | |
|---|---|
| 49 | डेविड वार्नर |
| 45 | सचिन तेंदुलकर |
| 43 | रोहित शर्मा |
| 42 | क्रिस गेल |
| 41 | सनथ जयसूर्या |
| 40 | मैथ्यू हेडन |

### 13 रिक्त सीटों के लिए मैदान में 14 प्रत्याशी, राज्यसभा की तरह विधान परिषद चुनाव में भी होगी क्रॉस वोटिंग

# सपा को कमजोर करने को 11वां प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी यहां भाजपा और सपा ही आमने-सामने है। राज्य विधानसभा में विधायकों के संख्या की गणित बताती है कि भाजपा अपनी 10 और सपा 3 सीट निकाल सकती है। सपा को और कमजोर बनाने की मंशा से भाजपा राज्यसभा चुनाव की तर्ज पर कहीं एक अतिरिक्त यानि 11वां प्रत्याशी न उतार दे, इससे संशकित सपा खेमे में भी इसकी चर्चा है।



- सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिलने की सता रही चिंता
- फिलहाल भाजपा 10 और सपा 3 सीटों आसानी से जीत सकती है

दरअसल, राज्यसभा चुनाव में जिस तरह सपा के सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मतदान किया उससे सपा कमजोर पड़ी। अब 21 मार्च को होने जा रहे विधान परिषद चुनाव में भी सपा के लिए इम्तिहान की घड़ी होगी। अगर भाजपा इस बार सात के अलावा और भी सपा विधायकों को अपना बनाने में कामयाब रही तो सपा को पहले से ज्यादा झटका लगेगा।

समीकरण की बात की जाए तो राज्य विधानसभा के कुल 403 सदस्यों में से फिलहाल 399 सदस्य हैं। एक एमएलसी सीट के लिए 29 वोट चाहिए। भाजपा के पास 252, अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी के 6, सुभासपा के 6 और इसमें राजा भैया के दो विधायकों को भी जोड़ लें तो एनडीए के पास 288 विधायक हो रहे हैं। अब मतदान के मद्देनजर देखें तो सुभासपा का एक विधायक जेल में है जबकि एक विधायक ने राज्यसभा में सपा प्रत्याशी के लिए वोट किया था। वहीं, बसपा के एकमात्र विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया था। इस संभावित जोड़-घटाना की नजर से देखें तो एनडीए के खाते में में कुल 287 वोट आते हैं। अब इसमें सात क्रॉसवोटिंग वाले भी जोड़ लें तो 294 वोट होते हैं। वहीं सपा के पास 108 विधायक हैं और कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। इस तरह सपा को फिलहाल 110 विधायक का समर्थन मिलता दिख रहा है। शंका है कि जिस तरह राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है उसके चलते सपा को अपने ही विधायकों के पूरे वोट मिल भी पाएंगे या नहीं।

### सहयोगी दलों का ख्याल रखेगी भाजपा

भाजपा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने सहयोगी दलों को साधे रखने के लिए उनके नेताओं को परिषद में प्रतिनिधित्व दे सकती है। सूत्रों का दावा है कि भाजपा अपने कोटे से अपना दल-एस, जनसत्ता दल, सुभासपा ओर रालोद से भी एक-एक नाम भेज सकती है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# महिला दिवस पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर में 100 रुपये घटाए

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-इससे करोड़ों परिवारों का कम होगा आर्थिक बोझ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को बधाई दी और इस अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट की घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है।



### राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा : टीएमसी


**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की घोषणा की आलोचना की। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने लोकसभा चुनाव से पहले इस कदम को राजनीतिक अवसरवादिता की पराकाष्ठा करार दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने इसे सांकेतिक कटौती और सस्ता राजनीतिक हथकंडा भी करार दिया।

### महिलाओं के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और इससे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं। कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं।

### दाम घटाने पर योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 100 रुपए घटाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज ''महिला दिवस'' के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार राहुल गांधी वायनाड से फिर प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने गुरुवार को फैसला किया था। सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी जिसके बाद हम सूची के बारे में बताएंगे, इंतजार करिए।

वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

मुख्य विपक्षी दल की पहली सूची में सबसे अधिक 16 उम्मीदवार केरल से हैं। कांग्रेस केरल की कुल 20 लोकसभा सीट में 16 पर चुनाव लड़ेगी। चार सीट पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे।

**लोकसभा चुनाव**

- वेणुगोपाल बोले-फासीवादी सरकार को केंद्र से हटाने के लिए जीतेंगे अधिक से अधिक सीटें
- अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने परसंशय, फैसला सीईसी की अगली बैठक में संभव



### 15 सामान्य वर्ग से और 24 ओबीसी, अल्पसंख्यक

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम, आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

## एक नजर

### सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए की गईं मनोनीत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षिका-लेखिका और इन्फोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधा जी का बहुत बड़ा और प्रेरणादायक योगदान रहा है। राज्यसभा में उनकी मौजूदगी हमारी 'नारी शक्ति' के लिए शक्तिशाली प्रमाण है। कर्नाटक के शिगगांव में 19 अगस्त, 1950 को जन्मी मूर्ति इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और अक्षता मूर्ति की मां है। अक्षता का विवाह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुआ है।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए देय दरें यथावत रहेगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आज यहां जारी एक परिपत्र में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय विकास पत्र के साथ ही इस तरह की अन्य लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में एक अप्रैल से 30 जून 2024 तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मणिपुर में अपहृत जेसीओ को सेना ने मुक्त कराया

इंफाल, एजेंसी

- थोउबल जिला स्थित आवास से उठा ले गए थे असामाजिक तत्व

भारतीय सेना के जिस अधिकारी का मणिपुर के थोउबल जिला स्थित उनके आवास से असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार सुबह अपहरण कर लिया, उन्हें शाम में सुरक्षा बलों ने मुक्त करा लिया। सूत्रों ने बताया कि 'जूनियर कमीशंड ऑफिसर' (जेसीओ) की पहचान चरांगपट ममांग लेइकई निवासी कोनसाम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। वह अभी थोउबल जिले के वाइकहोंग पुलिस थाने में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जेसीओ को मुक्त कराने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों ने एक समन्वित तलाश अभियान शुरू किया, जिसके चलते आखिरकार शाम साढ़े छह बजे उन्हें सुरक्षित रूप से मुक्त कराया जा सका। सिंह अभी अवकाश पर हैं। पूर्वाह्न नौ बजे उनका अपहरण कर लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार यह फिरौती का मामला लगता है क्योंकि उनके परिवार को पूर्व में भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। अपहरण के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के बाद से यह चौथी घटना है।

**हर-हर महादेव**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी लखनऊ के विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने शिव की आराधना की। इसी कड़ी में ठाकुरगंज में कल्याणगिरी मंदिर से निकली शिव बरात में भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांकी भी निकाली गई जिसमें भक्तों का उत्साह देखते ही बना। ● अमृत विचार

## नमाजियों से बदसलूकी पर एसआई निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना 'असर की नमाज' के दौरान करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज पढ़ते हुए लोगों को लात मार रहा है।



- उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल

## शिव बरात के दौरान करंट लगने से 14 बच्चे झुलसे

कोटा/जयपुर, एजेंसी

- कोटा में महाशिवरात्रि के अवसर पर हुआ हादसा

राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले 'हाई टेंशन' तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोटा की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे 'हाई-टेंशन' तार के संपर्क में आ गया।

## हिमपात के बाद बंद केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर घोषणा की है कि केदारनाथ के कपाट 10 मई को सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यह घोषणा की। इस हिमालयी मंदिर के कपाट सर्दियों के दौरान बंद कर दिए जाते हैं जब यहां हिमपात होता है। हर साल इस मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए अजय ने कहा कि पिछले यात्रा सीजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे थे तथा इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

**लापरवाही** अंश निर्धारण में सैकड़ों किसानों की खतौनी में गड़बड़ी, किसी का रकबा घटा तो किसी का बढ़ा

# गलती सरकारी मशीनरी की, खामियाजा भुगत रहे किसान

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो बार दर्ज कर दिया गया
- सुधार के लिए अधिकारी दे रहे कोर्ट जाने की सलाह

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों की खतौनी में गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है। यह गलती तो सरकारी मशीनरी से हुई लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अब खतौनी में सुधार नहीं हो पा रहा है। किसानों को कोर्ट जाने की सलाह दी जा रही है।

पिछले वर्ष सरकार ने खतौनी में सभी खाता धारकों के अलग-अलग अंश निर्धारण करवाए थे। इस दौरान प्रत्येक नाम पर जमीन का रकबा अलग-अलग दर्ज किया गया, लेकिन ऐसा करते समय सैकड़ों खतौनी में गड़बड़ी हो गई। किसी का रकबा किसी के नाम पर चढ़ गया। किसी के नाम ज्यादा जमीन चढ़ गई तो किसी के नाम घट गई। कहीं-कहीं एक ही व्यक्ति के नाम पर दो-दो जगह जमीन चढ़ गई। एक खतौनी में एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह चढ़ा दिया गया। जमीन बेटे ने खरीदी लेकिन उसके पिता का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया। कहीं चाचा की जमीन भतीजे और भाभी के नाम दर्ज कर दी गई। इतना होने के बावजूद सरकारी नुमाइंदे अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं और खतौनियों में सुधार करने की जगह किसानों को एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर कर खतौनी सही कराने की सलाह दे रहे हैं। रियल टाइम खतौनी में जिन काश्तकारों का अंश निर्धारण गलत हो गया है उन्हें रकबा ठीक कराने के लिए धारा 38 के तहत न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा। जिले की हर तहसील में किसी न किसी की जमीन गलत दर्ज हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी पुवायां तहसील में बताई जा रही है। तहसील कर्मियों-अधिवक्ताओं के मुताबिक अब तक लगभग 200 प्रकरण संज्ञान में आ चुके हैं। इसी तरह तिलहर में लगभग 50, जलालाबाद में 100, सदर में 100 और कलान में करीब 50 खतौनियों में गड़बड़ी हुई है। यह संख्या हजारों में हो सकती है।

### आनन-फानन में हुआ अंश निर्धारण...

रियल टाइम खतौनी तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था लेकिन स्थानीय स्तर पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आनन-फानन इसे तैयार कर दिया गया। हल्का लेखपाल से अद्यतन स्थिति के अनुसार गाटा संख्यावार खातेदारों का अंश निर्धारण कर रिपोर्ट मंगवानी थी। इसी के आधार पर डाटा फीडिंग कराई जानी थी। मगर गलत डाटा फीडिंग की गई।

> अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कुछ मामले संज्ञान में आए हैं। शिकायतकर्ता से तहसील से संपर्क करने के लिए कहा गया है। हमारा प्रयास है कि किसानों को परेशानी न हो और गलती ठीक हो जाए। - **संजय कुमार पांडेय,** एडीएम प्रशासन

> राजस्व परिषद की ओर से एसओपी जारी की गई है। अगर रियल टाइम खतौनी संबंधी गलती है तो तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर गलती सही कराई जा सकती है। इसके अलावा कोई अन्य गलती है तो उसके लिए अन्य माध्यम हैं। - **संजय कुमार पांडेय,** एसडीएम पुवायां

# दूल्हा बने भोलेनाथ, बरात में नाचे श्रद्धालु

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में देर रात तक लगा रहा भक्तों का तांता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। शाम होते ही भगवान भोलेनाथ का विवाह उत्सव शुरू हो गया। भोले बाबा दूल्हा बनकर नंदी पर सवार हुए और बैंड-बाजे के साथ निकले। उनके पीछे श्रीराम व अन्य देवी-देवता भी बराती बनकर पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु अबीर-भभूत उड़ाते हुए बरात में शामिल हुए।

जिले में सैकड़ों शिव मंदिर पर झांकियों का आयोजन किया गया। मंदिरों को भव्य लाइट और फूलों से सजाया गया था। शिव भक्तों को जगह-जगह पर दूध का विशेष प्रसाद वितरित किया गया। अयोध्या के प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर से भगवान शिव की प्रतीकात्मक बरात निकाली गई, जो कि राम की पैड़ी से रामपथ पर नयाघाट, देवकाली, हनुमानगढ़ी, श्रृंगारहाट के रास्ते क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंची। यहां स्वागत आरती के बाद बारात फिर नागेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। देर रात भोलेनाथ और माता पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह रीति-रिवाजों से कराया गया। मंदिर के मैनेजर सभापति तिवारी ने कहा कि बड़े ही धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। एक क्विंटल से अधिक अबीर भभूत उड़ाया गया। रात में 11 ब्राह्मणों द्वारा विवाह कराया गया।



क्षीरेश्वरनाथ पर जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध खड़ी युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

### सरयू स्नान के बाद किया शिवालयों का रुख

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार महाशिवरात्रि पर अयोध्या में मेले जैसा नजारा दिखा। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालु सरयू में स्नान के बाद शिवालयों में पहुंचे। प्राचीन नागेश्वर नाथ व क्षीरेश्वर नाथ महादेव, कोटेश्वर नाथ, दर्शनेश्वर नाथ, कुबेरेश्वर नाथ, चंद्रा हरि मंदिर, झारखंडेश्वर नाथ, अमानीगंज स्थित सिद्धनाथ मंदिर, मऊ शिवाला स्थित शिव मंदिर, गुप्तार घाट स्थित अनादि पंचमुखी महादेव मंदिर, रीडगंज फ्लाईओवर के निकट यश पेट्रोल पंप के सामने स्थित व देवकाली शिव मंदिर में देर रात तक दर्शन-पूजन का क्रम जारी रहा। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि महादेव की पूजा करने से प्रभु राम भी प्रसन्न होते हैं।



शिव बरात में शामिल महिला श्रद्धालु। अमृत विचार



नागेश्वरनाथ पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार



नागेश्वरनाथ पर दर्शन के लिए जातीं युवतियां।

### 20 साल बाद कुबेरेश्वर महादेव की सजाई गई झांकी



कुबेरेश्वर महादेव शिवालय पर रुद्राभिषेक में शामिल हुए अधिकारी।

राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला स्थित कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर 20 साल बाद भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। पूरे मन्दिर को तरह-तरह के फूलों से सजाया गया। कुबेरेश्वर महादेव की झांकी भी सजाई गई। सुबह से ही मंदिर में 11 वैदिक आचार्यों ने शिवालय पर रुद्राभिषेक किया। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, डॉ. अनिल मिश्रा, निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, आईजी प्रवीण कुमार के साथ मंदिर निर्माण में लगे एलएंडटी और टाटा के अधिकारी, इंजीनियर शामिल हुए। वैदिक आचार्य दुर्गा प्रसाद ने बताया कि ट्रस्ट और जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## शिवालय परिवार ने निकाली शिव बरात

**अयोध्या, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालय परिवार ने रामनगर कॉलोनी मे शिव बरात निकाली। बरात का जगह-जगह फूलों से स्वागत हुआ।

लखनऊ के शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के साई मोहनलाल ने कहा कि भगवान शिव को नाथो के नाथ भोलेनाथ भी कहा जाता है। राजस्थान की सिंधी शहनाई पर भक्त जमकर झूमे। शिवालय के मंदिर मे ओम नमो शिवाय का जाप हुआ। वहीं, रामनगर कॉलोनी स्थित संत नवलराम दरबार में महिला संगीत, भजन-कीर्तन और हवन हुआ। रामनगर कॉलोनी के प्रेम प्रकाश आश्रम में साई भावन दास व साई महेंद्र लाल ने भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इससे पूर्व शिवालय परिवार के महंत गणेश दास ने साई मोहनलाल को राममंदिर मॉडल भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर ओम प्रकाश अंदानी, गिरधारी चावला, ओमप्रकाश ओमी, हरीश मध्यान, कन्हैया लाल सागर आदि मौजूद रहे।



साई मोहनलाल साहिब को राममंदिर स्मृति चिन्ह करते शिवालय परिवार के सदस्य।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ऋषि बोधोत्सव पर्व

**अयोध्या, अमृत विचार :** आर्य समाज जमुनियाबाग में महाशिवरात्रि पर्व पर ऋषि बोधोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### एक नजर

#### 21 से 24 तक चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर-मध्य रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि होली पर लखनऊ से वाराणसी के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह होली स्पेशल ट्रेन 21 से 24 मार्च तक लखनऊ व वाराणसी दोनों ओर से चार-चार चक्कर लगाएंगी। 04249 होली स्पेशल वाराणसी से सुबह 6 :25 बजे चलेगी और जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, अयोध्या धाम व बाराबंकी होते हुए दोपहर 12 :25 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में यह शाम 4 :35 बजे लखनऊ से चलेगी और रात 10 :35 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

#### लखनऊ, गोरखपुर व वाराणसी ने जीता मैच

**अयोध्या, अमृत विचार :** राज्यस्तरीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए लीग मुकाबलों में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व वाराणसी मंडल टीमों ने जीत दर्ज की। प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के संयुक्त समन्वय से डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में ये राज्य बालिका हॉकी प्रतियोगिता हो रही है। इस दौरान आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रिडा अधिकारी मो. इरफान, प्रतियोगिता निदेशक विवेक कुमार, मो. शकील, सीडी सिंह आदि रहे।

#### भाकियू ने की लल्लू के समर्थन की घोषणा

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के प्रदेश महासचिव सर्जुन सिंह ने अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन की घोषणा की है। महाशिवरात्रि पर अयोध्या पहुंचे लल्लू सिंह ने रामलला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात की। इसके बाद समर्थन की घोषणा की।

## जिले में मिले 55 अवैध मदरसे एसआईटी को भेजी गई रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसआईटी ने प्रदेश में की जा रही मदरसों की जांच को लेकर जिले से 55 अवैध मदरसों की रिपोर्ट भेजी गई है। 11 ब्लॉकों में संचालित इन मदरसों को गत वर्ष किए गए सर्वे में अवैध पाया गया था।

इन अवैध मदरसों की फंडिंग पर जहां विशेष निगाह है, वहीं किस तरह और कैसे चलाए जा रहे हैं, इन पर भी निगाह रखी जा रही है। यह वह मदरसे है जिनकी मदरसा बोर्ड से न कोई मान्यता है और न ही इनका वैधानिक पंजीकरण। जिले में करीब 145 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं जबकि 8 अनुदानित मदरसे हैं। केवल अनुदानित मदरसों के शिक्षकों को ही सरकार की ओर से वेतन प्रदान किया जाता है। अब जब एसआईटी द्वारा दुबारा जांच शुरू की गई तो जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा गत वर्ष सामने आए 55 अवैध मदरसों की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। सूत्रों के अनुसार इसे लेकर एसआईटी की टीम जिले में जांच के लिए भी कभी भी धमक सकती है।

> जिले में कुल 55 अवैध मदरसे पाए गए हैं। जहां सवा तीन हजार छात्र पाए गए हैं। शासन को पूरी रिपोर्ट भेज दी गई है। गोपनीय होने के कारण रिपोर्ट के तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। -**अमित प्रताप सिंह,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

### परिषदीय स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अयोध्या, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र मया पर एक दिवसीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन चरणों में होगी। सभी चयनित 8 बच्चों को 2065 रुपया नगद, पहले चरण के सफल 100 बच्चों को भी किट प्रदान की गई। एआरपी प्रवीण मिश्रा परीक्षा कोआर्डिनेटर रहे। अभियान के अंतर्गत ब्लॉक बीकापुर के 16 जूनियर हाईस्कूल व 34 कंपोजिट विद्यालय अर्थात कुल 50 विद्यालयों से 306 प्रतिभागियों प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव मौजूद रहे। राम नारायण वर्मा एआरपी कोऑर्डिनेटर रहे। शिक्षक दिनेश पांडेय, रविंद्र गौतम, प्रियकांत पांडेय, डीडी उपाध्याय, आनंद कुमार आदि ने भी सहयोग किया।

## एसटी लाइन के करंट से युवक की मौत, भाई झुलसा

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शिवरात्रि पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के बाद पांडाल खोलते समय एक युवक की एचटी लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। बचाने के प्रयास में उसका चचेरा भाई झुलस गया।



सोनबरसा माफ़ी गाँव स्थित मंदिर पर शिवरात्रि पर पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजकों ने मंदिर परिसर में पंडाल लगवाया था। जलाभिषेक और पूजन का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मजदूर पांडाल खोल रहे थे। इसी दौरान टेंट हाउस संचालक के अनुरोध पर डीजे संचालक गांव निवासी शुभम गौड़ (20) पुत्र रामतीरथ ऊपर चढ़कर पांडाल की पाइप खोलने लगा। चचेरा भाई महेश गौड़ (20) पुत्र स्व. वंशीराम नीचे खड़ा होकर पाइप को उतरवाने में मदद कर रहा था। पांडाल से पाइप खोल नीचे उतारने के दौरान लोहे का पाइप बगल से गुजर रहे एचटी लाइन से छू गया। शुभम व महेश करंट की चपेट में आ गए। दोनों को सीएचसी बीकापुर पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने शुभम को मृत घोषित कर दिया, महेश भर्ती है।

### लोक गीत व शास्त्रीय नृत्यों से सजी रामोत्सव की संध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामोत्सव के तहत राम कथा पार्क में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवधी लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य और नृत्य नाटिकाओं की धूम मची है। गुरुवार को आयोजित संध्या का शुभारंभ अंबेडकरनगर के प्रख्यात बिरहा गायक छविलाल पाल ने किया। पारंपरिक अवधी लोकगीत और बिरहा की प्रस्तुति दी। रमेश चंद्र यादव, अजीत यादव, कृष्णकांत पांडेय, रामकुमार राजेश और पवन कुमार पाल संगतकार के रूप में थे। निशु त्यागी ने कथक नृत्य शैली के माध्यम से सबसे पहले श्रीहरी स्तोत्रम का गायन और उस पर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अवध की होली खेल कर राम और सीता के स्वरूप को दिखाया। वृंदावन के आशीष सिंह और उनके दल ने श्रीराम के राज्याभिषेक के दृश्य का मंचन किया। पंजाब से आए धर्मेंद्र सिंह और उनके दल के कलाकारों ने पंजाब के पारंपरिक भांगड़ा को मंच पर प्रस्तुत करके पूरे पंडाल को झुमा दिया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा ने किया। कलाकारों का सम्मान अतुल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर करपात्री महाराज, शिवांश त्रिवेदी, राघव दास, शर्मिला, भक्ति समेत भारी संख्या में दर्शक देर रात तक उपस्थित रहे।



कथक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

## हादसों में बालिका समेत चार की मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में बालिका समेत चार की मौत हो गई। बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए।

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक गुरुवार देर रात गाजियाबाद में पंजीकृत एक पिकअप सामान कि खेप लेकर लखनऊ की ओर से अयोध्या की ओर आ रहा था। भेलसर चौकी क्षेत्र स्थित सरायपीर गाँव के सामने खराब होने के चलते हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्करा गई। भेलसर चौकी प्रभारी ने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे दो घायलों को किसी तरह बाहर निकलाकर जिला अस्पताल भेजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष कुमार का कहना है कि मौके से मिले आधार कार्ड से एक की पहचान संतोष कुमार निवासी बखार रोड लाइंस नईबस्ती फरीदपुर जिला बरेली व सत्येंद्र तिवारी निवासी तरबगंज जिला गोंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने पिकअप व ट्रक कंटेनर को खिंचवाकर हाईवे पर आवागमन सुचारु कराया गया है। कुमारगंज प्रतिनिधि के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में एक कार ने आरओ प्लांट से पानी पी रही कोमल (11) पुत्री रामकुमार निवासी मिश्रौली को टक्कर मारने के बाद रौंद दिया। मृतका की मां सुशीला ने बताया कि चीखने-चिल्लाने पर वाहन छोड़ चालक मौके से भाग निकला। पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक महराजगंज थाना क्षेत्र के छतरा गांव निवासी शिव शंकर पत्नी को लेकर बाइक से जा रहे थे। गांव के पास अयोध्या-अंबेडकरनगर मार्ग पर अंबेडकरनगर की तरफ से आ रही आजमगढ़ डिपो की एक अनुबंधित बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शिव शंकर और उनकी पत्नी घायल हो गईं। सीएचसी मया बाजार से डॉक्टरों ने दंपत्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के नंदनगर तेजापुर निवासी पारसनाथ यादव (40) पुत्र राम सुमेर साइकिल से जा रहा था कि बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिला अस्पताल लाए जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## चुनाव का बहिष्कार करेंगे 5 पंचायतों के मतदाता

### विरोध

- आंदोलित किसानों ने बनाई मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति
- एयरो सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण का मामला

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** एयरो सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण मामले को लेकर शुक्रवार को आन्दोलित किसानों ने बड़ा फैसला किया है। मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति का गठन करते हुए लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है।

शुक्रवार को दोपहर बाद ग्राम पंचायत रामदत्तपुर अटरावा पंचायत भवन के सामने रामवन गमन मार्ग के किनारे इलाके के ग्राम रामदत्तपुर अटरांवा, ददेरा, बैसिंह, सरेठी कुशमाहा के सैकड़ों किसान जुटे। गांव की उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण करने के के विरुद्ध सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला व पुरुष किसानों ने विरोध सभा का आयोजन किया। अधिग्रहण के दायरे में आ रहे गांव के ग्राम प्रधान पूर्व ग्राम प्रधान, सम्भ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अपनी उपजाऊ भूमि को किसी भी कीमत पर न देने को मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। संघर्ष समिति के संचालन के लिए ग्राम सरेठी के किसान और फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा को अध्यक्ष नामित किया गया। उनके नेतृत्व में भूमि बचाने के लिए हर कार्यवाही के संचालन की एक स्वर में शपथ ली गई। पंचायत में आगामी लोकसभा के चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। विरोध सभा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रामदत्तपुर अटरांवा के प्रधान प्रतिनिधि ऊदल यादव, सरेठी के प्रधान रक्षाराम यादव, ददेरा के प्रधान लल्लन पासवान, बैसिंह के प्रधान राम औतार, समाहा के प्रधान धर्मवीर यादव ने अपने अपने गांवों से आए किसानों का नेतृत्व किया। समिति संचालन के जिम्मेदारी निभाने के लिए नामित किए गए बाद के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि समिति की बैठक में सभी तरह से विरोध और लड़ाई की रुपरेखा तैयार की जाएगी।



अटरावां में आयोजित पंचायत में जुटे किसानों को संबोधित करते लोग।

**अवध विश्वविद्यालय** | इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कर कुलपति ने दिया बड़ा संदेश, रामनगरी की मर्यादा के अनुरूप ढलेगा विवि

## 700 महाविद्यालयों के लिए नजीर बनेगी कुलपति की कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी को छह साल के लिए परीक्षा केंद्र न बनाने व दो लाख के अर्थदंड की कार्रवाई विश्वविद्यालय के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। कुलपति के पदभार ग्रहण करते समय लिए गए अपने संकल्पों को मूर्त रूप देने के लिए यह कार्रवाई मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति ने यह बड़ा कदम तब उठाया है जब विश्विद्यालय ने चंद दिनों पहले अपना 49 वां स्थापना दिवस मनाया है।



प्रो प्रतिभा गोयल
कुलपति, अवध विश्वविद्यालय।

कुलपति ने विश्विद्यालय से सम्बद्ध 700 महाविद्यालयों और अध्यनरत सात लाख छात्र - छात्राओं को सीधा और साफ संदेश दे दिया कि अब शैक्षिक गुणवत्ता और परीक्षा की सुचिता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। बता दें कि गत वर्ष तत्कालीन कुलपति के कार्यालय में अम्बेडकरनगर के बीएकेबी महाविद्यालय में लॉ की परीक्षा में सामूहिक नकल का मामला सामने आया था। खुद अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी ने केन्द्र पर छापा मार कर नकल पकड़ी थी और विश्विद्यालय प्रशासन को 164 पेज की रिपोर्ट भेजी थी। उसके बाद भी परीक्षा समिति की बैठक में मामला प्रस्तुत किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले सत्र 2020-21 में हुई परीक्षा के दौरान गोंडा के दो दिग्गजों के कॉलेज में सामूहिक नकल पकड़ी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 10 वर्ष पूर्व बाराबंकी के एक डेंटल कॉलेज में मुन्ना भाई धरे गए थे, लेकिन तब भी कॉलेज बेदाग करार दे दिया था। दशक भर पहले कुलपति प्रो. एसबी सिंह के कार्यकाल में भी सामूहिक नकल के मामले सामने आए लेकिन ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय के गोपनीय और परीक्षा विभाग से रिकॉर्ड तक गायब कर दिए गए। वर्ष 1998-99 में बहराइच के एक बड़े महाविद्यालय में एक परीक्षा केंद्र ही दूसरी जगह शिफ्ट किए जाने का मामला पकड़ा गया था। इसी तरह हर परीक्षा के दौरान तमाम विसंगतियां सामने आती रहीं लेकिन कुंडली मार कर बैठने की परंपरा जारी रही। अब जब गुरुवार को बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज और पं. महराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान के विरुद्ध कार्रवाई हुई है तो सम्बद्ध कॉलेजों के प्रबंधकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ये हुई है कार्रवाई

सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी की 27 फरवरी की विधि तृतीय व पंचवर्षीय प्रथम पाली की परीक्षा सामूहिक नकल में निरस्त की गई। छह वर्षो तक परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर प्रतिबंध की बड़ी कार्रवाई और दो लाख का अर्थ दंड। इतना ही नहीं केन्द्राध्यक्ष, आंतरिक सचल दल और परीक्षा कक्ष निरीक्षकों पर भी छह वर्षो के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया। पं. महराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान मटेराकला बहराइच की भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त। अब यह भी सामने आ रहा है सम्बद्ध महाविद्यालयों की स्कूटनिंग भी किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुछ बड़े फैसले

- विश्वविद्यालय की एक रिसर्च पॉलिसी बनाई है। इसमें रिसर्च करने वाले को, रिसर्च पेपर पब्लिश करने वाले को और रिसर्च प्रोजेक्ट लाने वाले को पुरस्कृत करने के साथ बेस्ट रिसर्चर का अवार्ड भी दिया जाएगा।
- नेट पास करके जो पीएचडी में प्रवेश ले रहे हैं उनके लिए भी स्कॉलरशिप का प्रावधान किया जा रहा है।
- शिक्षकों द्वारा कंटेंट कंसल्टेंसी पॉलिसी बनाई है। जिससे ज्यादा से ज्यादा कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट आ सके।
- विवि के शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से हर्बल गार्डेन, कम्पोस्ट प्लांट एवं मशरूम यूनिट शुरू की गई।
- केंद्र द्वारा विवि को 100 करोड़ का अनुदान दिया जाना बड़ी उपलब्धि।

## तीन तलाक बोल ससुराल से निकाला

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में दहेज की खातिर तीन तलाक का मामला प्रकाश में आया है। सीओ सिटी के निर्देश पर महिला थाना पुलिस ने तीन तलाक का पहला मामला दर्ज किया है।

अम्बेडकरनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र स्थित खरगपुर गांव निवासी नाजनीन बानो पुत्री असरफ अली का कहना है कि 3 अप्रैल 2021 को उसका निकाह मो. आसिफ निवासी बासमंडी, लालबाग कोतवाली नगर से हुआ था। ससुराल पहुंचने के बाद कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पति मो. आसिफ, ससुर मो. मुकीम, सास अफरोज जहां, ननद हिना कौसर व जेठ मो. आरिफ ने मंगलवार को हाथ-पैर बांधकर पीटा। 10 लाख रुपये न लाने पर जान से मार देने की धमकी दी। उसने पिता के सेवानिवृत्त व परिवार के आर्थिक हालात का हवाला दिया तो पति ने तीन तलाक बोलकर बाल पकड़ के घर से निकाल दिया। बच्चे व स्त्रीधन को छीन लिया। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर महिला थाने में पति समेत 5 के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट व अन्य धाराओं के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विवेचना कराई जा रही है।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440

Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

# अगर शिक्षित हों महिलाएं तो बढ़ेगा सम्मान :कुलसचिव


कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

महिला दिवस

**अमृत विचार :** जिलेभर में शुक्रवार को अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह आयोजन हुए। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग ने संगोष्ठी का आयोजन किया।

कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में बढ़ोत्तरी तभी संभव है जब महिलाएं शिक्षित होंगी। महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशा आर्य ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए। अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण वर्तमान सरकार की देन है। एनडीडीएवी की प्राचार्या पुष्पा ने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, मंडलीय वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने सम्मानित किया।

## छात्राओं में दिखा शिव आराधना का उत्साह


मिल्कीपुर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं डीपीआरओ। अमृत विचार


देवा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**मसौधा,अयोध्या :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिका शिक्षण संस्थानों में शिवरात्रि के पर्व पर संगीतमय कार्यक्रम किए गए। देवा पब्लिक स्कूल व देवा इंटर कॉलेज में छात्राओं ने पार्वती स्वरूप मंचन कर भक्ति भावना का सकारात्मक संदेश दिया। शुभारंभ प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा, को-ऑर्डिनेटर ऋतु त्रिपाठी व शैक्षिक प्रमुख सीता सरन मिश्रा ने किया। मिल्कीपुर संवाददाता के अनुसार ज्ञानोदय आदर्श शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, विशिष्ट एलआईसी ब्रांच मैनेजर नवनीत मिश्रा, प्रबंधक बीपी पाण्डेय एवं प्रिंसिपल आरएस गौतम ने शुभारंभ किया। उमेश अग्रहरि ने 25 छात्रों को टिफिन उपहार स्वरूप दिया। लक्ष्मीकांत पाण्डेय, आनंद दुबे, बीएन तिवारी, प्रेम प्रकाश उपाध्याय आदि रहे।

## फूल देकर किया स्वागत, काटा केक


महिला दिवस पर प्रधान डाकघर में महिला ग्राहकों के साथ केक काटते कर्मी ।

अयोध्या : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधान डाकघर में आने वाली महिला ग्राहकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। मंडल कार्यालय व प्रधान डाकघर की महिला कर्मियों ने केक काटा। मिहला ग्राहकों को सरकार की महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के बारे में जागरूक किया। महिला कर्मियों को मंच पर अतिथि बनाया गया। मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एचके यादव ने महिला कर्मचारियों का गुलाब का फूल से स्वागत कया। कहा बेटियां ही 21वीं सदी में हमारे देश का भविष्य हैं और उनका राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। लोगों से अपील की कि बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए सार्थक कदम उठाएं। सीनियर पोस्टमास्टर राजेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी डाकघर में 10 वर्ष से कम आयु के बेटियों का मात्र 250 रुपये से सुकन्या खाते खुलवाए जा सकते हैं। भविष्य में यह उनके पढ़ाई व विवाह में मदद करेगा।

# बंद कर दी सड़क, नहीं लगाया संकेतक

## सहादतगंज बाईपास पर भटक रहे आने-जाने वाले, हाईवे पर दुर्घटना को दावत दे रही ये लापरवाही

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सहादतगंज बाईपास पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। हाईवे पर दूसरी लेन जाने के लिए पुल के नीचे सड़क बंद कर दी गई, लेकिन इससे पहले संकेतक नहीं लगाया। इससे बाईपास पहुंचने वाले यात्री आगे जाने के लिए इधर-उधर भटकते हैं। लोग जोखिम उठाकर डिवाइडर कूदकर पार जा रहे हैं। लापरवाही हाईवे पर दुर्घटना को दावत दे रही हैं।

सहादतगंज में हाईवे पर ओवरब्रिज एक लेन का है। दूसरे लेन के लिए यात्री एक लेन हाईवे पुल के नीचे से पार करके जाते थे। अब दूसरे लेन पर ओवरब्रिज निर्माण चल रहा है। दूसरे लेन को जाने वाली एक लेन पुल के नीचे की सड़क बंद कर दी गई। जिले से लखनऊ की ओर जाने के लिए वाहनों की भीड़ अब भी सीधे पुल तक पहुंच रही है। यहां आगे सड़क बंद मिलती है। वह इधर-उधर देखते हैं। जो शहर के रहने वाले और जानकार हैं वह तो बाएं घूम जाते हैं लेकिन अनजान दाएं सर्विस रोड से आगे बढ़ जाते हैं। सर्विस रोड नए ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर निकलती है जहां लखनऊ से आने वाले वाहनों की भीड़ होती है। पार करना आसान नहीं होता।


सहादतगंज में निर्माण के दौरान बंद किया गया मुख्य मार्ग। अमृत विचार

### ऐसी है व्यवस्था

व्यवस्था ऐसी है कि एक लेन पुल से बाएं घूमने पर लगभग एक किलोमीटर चलने के बाद गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर अंडर पास है। जहां से बाइक से छोटे बड़े वाहन तक आसानी हाईवे पार करके लखनऊ लेन को पकड़ सकते हैं। इसके पहले ही गोरखपुर की लेन पकड़ी जा सकती है, लेकिन अनजान या बाइक सवार जल्दबाजी में दायीं ओर ही घूमते हैं। आगे बढ़ने पर परेशान हो जाते हैं। डिवाइडर कूदते हैं। दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

ऐसे में पुराने ओवरब्रिज और नए ओवरब्रिज के बीच खाली स्थान पर लोग वाहन सहित डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में पहुंच रहे हैं। ऐसे में छोटे से बड़े वाहन सवार तक ऐसा करते दिख जाते हैं। दूसरी लेन पर गोरखपुर की ओर से आने वाले वाहनों की लंबी लाइन पहले से होती है। ऐसे में बड़ी दुघर्टना की आंशका है। पुल के पास ही पुलिस चौकी है। अयोध्या में यातायात व्यवस्था चुस्त बताई गई है, लेकिन इन दिनों यहां इसकी कमी दिखाई पड़ती है।

### बेहतर हो पुल के पहले लगाया जाए संकेतक

प्राइवेट छोटे-बड़े वाहनों को पुल से पहले मोड़ा जा सकता है। सहादतगंज बाजार से हाईवे अंडर पास के लिए मोड़ने पर पुल के पास यातायात दबाव कम होगा। लोगों पुल के पास पहुंच कर भटकेंगे नहीं। यहां बाएं घूमने के लिए संकेतक और आगे मार्ग बंद है, का बोर्ड लगाया जा सकता है।

### रोज लग रहा जाम

सहादतगंज बाईपास पर नीचे वाली लेन पर रोज जाम लग रहा है। यात्री यहां से लखनऊ के लिए वाहन पकड़ते हैं। बड़े से छोटे वाहन यहां रूक जाते हैं। वाहनों की लंबी लाइन बन जाती है। बेतरतीब वाहनों से दिक्कत होती है। जाम की स्थिति बनती है।


सहादतगंज बाइपास पर निर्माण के दौरान लगा जाम। अमृत विचार


निर्माण के कारण डिवाइडर से होकर गुजरते वाहन। अमृत विचार

> ओवरब्रिज निर्माण के चलते मार्ग बंद है। लोगों को बताया जा रहा है। जल्द ही ओवरब्रिज के पहले अंडरपास के लिए संकेतक लगवाया जाएगा। वाहन के साथ डिवाइडर पार करने पर रोक लगाई जाएगी।
> **-वीके मौर्य,** यातायात निरीक्षक, अयोध्या

# वेदों में प्राप्त है स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान : पूर्व कुलपति

अयोध्या कार्यालय

आयोजन

**अवध विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वेबिनार वक्ताओं ने रखे अपने विचार**

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ, एक्टीविटीज क्लब ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इवेस्ट इन वूमेनः एक्सीलरेट प्रोग्रेस विषय पर शुक्रवार को वेबिनार का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान की पूर्व कुलपति प्रो. चंद्रकला पाडिया ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास ही सही मायने में इस दिवस की सार्थकता है। सभी को नारियों को देवियों और माता की भांति सम्मान देना चाहिए। हमारे वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है फिर भी हम अपने छात्रों को कभी भी वेदों में शामिल भारतीय नारीवाद के बारे में नहीं पढ़ाते है। मां सर्वश्रेष्ठ गुरु है।

विशिष्ट अतिथि नेत्र सर्जन डॉ. दीप्ति वर्मा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित कर स्वावलंबी बनाना चाहिए। समन्वयक प्रो. तुहीना वर्मा ने कहा कि जब महिला सशक्त होगी तो पूरा परिवार सशक्त होगा। क्लब के समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. मनीषा यादव ने किया। वेबिनार में डॉ. महिमा चैरसिया, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, इंजीनियर निधि प्रसाद, डॉ. स्नेहा पटेल, गायत्री वर्मा, वल्लभी तिवारी सहित शिक्षक, अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## स्वामी भाष्करानंद की रामकथा आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के अध्यक्ष प्रेम चंद गोयल जी के आथित्य में जानकी महल ट्रस्ट अयोध्या में वृंदावन के महा मंडलेश्वर स्वामी भाष्करानंद जी महाराज 9 से 15 मार्च तक श्रीराम कथा सुनाएंगे। कथा की शुरुआत अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी करेंगे। आयोजन में श्याम अग्रवाल, राजेश जी बंसल, किशोर गोयल, अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल व महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल सहयोग कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### आनंद एकेडमी ने कबड्डी विजेता


कबड्डी विजेता टीम के साथ डीआईजी विजलेंस संजीव त्यागी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में शुक्रवार को जिलास्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। आनंद एकेडमी डाभासेमर टीम ने राम बल्ल्भा कॉलेज को पराजित कर खिताब जीता। मुख्य अतिथि डीआईजी विजलेंस संजीव त्यागी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विभा, बिन्दु, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

### राम मंदिर और सप्त मंडपम निर्माण पर मंथन


बैठक में मौजूद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के सदस्य व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शुक्रवार आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा अपनी टीम के साथ निर्माण अधिनियम राम मंदिर और राम जन्मभूमि परिसर में बनने वाले सप्त मंडपम निर्माण का सर्वे किया। दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई बैठक में निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर व आर्किटेक्ट के साथ पूरे मंदिर परिसर के निर्माण की समीक्षा की। एलएंडटी इंजीनियरों ने राममंदिर निर्माण की आगे की योजना का प्रेजेंटेशन दिया। सप्त मंडपम का निर्माण परिसर में किस स्थल पर होगा, इसको लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मंदिर निर्माण की सलाहकार सीबीआरआई रुड़की के इंजीनियर भी मौजूद रहे। परकोटा, तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ.. अनिल मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

### ज्यादा अंतर से बनाए विजय का लक्ष्यः डॉ. बीबी मणि


बैठक को संबोधित करते लोकसभा संयोजक डॉ. बीबी मणि व मौजूद अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें। पिछले बार से अधिक मतों से इस बार विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। ये बातें शुक्रवार को लोकसभा संयोजक डॉ. बीबी मणि त्रिपाठी ने कहीं। वो चुनाव प्रबंधन समिति के व्यवस्था प्रमुखों की केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में चुनाव की रणनीति बनाई गई। लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि कि चुनाव का संचालन ठीक ढ़ग से हो। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि एक समान प्रकृति की व्यवस्था के प्रमुख आपस में संपर्क में रहें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा लोकसभा की तरह विधान सभा स्तर पर भी प्रबंधन समिति का जल्द गठन किया जाए। पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पांडेय आदि रहे।

## एक नजर

### सांसद आज रवाना करेंगे मनवर एक्सप्रेस

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** बस्ती से चलकर प्रयागराज को जाने वाली मनवर संगम एक्सप्रेस को शनिवार को सांसद लल्लू सिंह खजुरहट रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मंडल महामंत्री पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती से चलकर प्रयागराज को जाने वाली गाड़ी नंबर 14131 / 14232 मनवर संगम एक्सप्रेस को अयोध्य- प्रयागराज रेलखंड के खजुरहट स्टेशन पर शनिवार शाम करीब 5 बजे जाएगी।

### आज और कल खुलेगा कर विभाग

**अयोध्या, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के समापन की तिथि नजदीक आते ही नगर मिगम ने कर विभाग को अवकाश के दिन भी खोलने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने इसके निर्देश जारी किए। सीटीओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार व रविवार को लोग सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कर जमा कर सकते हैं।

### पिटाई में आरोपी शिक्षिका के विरुद्ध केस

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** अमृत विचार :शिक्षा क्षेत्र मवई के प्राथमिक विद्यालय पूरे शहलाल में महिला शिक्षक जसप्रीत कौर की पिटाई करने वाली आरोपी महिला शिक्षिका मुक्ति सिन्हा के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पटरंगा थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

## डॉ. अरुण जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस बने


सीएमएस का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अरुण प्रकाश। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी अब कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव संभालेंगे। शासन से पत्र आने के बाद शुक्रवार को उन्हें प्रभारी सीएमएस का चार्ज दिया गया है। पूर्व सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने शुक्रवार को उन्हें पदभार ग्रहण कराया। कहा कि चिकित्सकों की बैठक बुला आने वाले मरीजों को सुविधाएं देने पर चर्चा की जाएगी।

# घाटों पर गंदगी, संस्था पर 1 लाख का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रभारी नगर आयुक्त का चार्ज संभालते ही आईएएस अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को पहली बड़ी कार्रवाई की है। घाटों पर निरीक्षण के दौरान घाटों पर गंदगी मिलने पर संस्था किंग्स सिक्योरिटी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जोनल अधिकारी, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक को सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।

नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने रामपैड़ी, कच्चा-पक्का घाट व आरती स्थल समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। रात्रिकालीन पाली में लगाए गए सफाई मित्र कार्यस्थल पर कार्य करते हुए नहीं पाए गए। इसके बाद जन सुविधा घाटों पर संस्था इंडियन सैंटीफ्यूज द्वारा स्थापित स्थायी व अस्थायी शौचालयों का निरीक्षण किया। शौचालय की देखरेख में लगाए गए केयर टेकर अनुपस्थित मिले। शौचालय की सफाई असंतोषजनक पाई गई। मामले में संस्था को नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए। अयोध्या धाम क्षेत्र में जगह-जगह गमलों में पौधों के सूखने के मामले में अवर अभियंता को संस्था के माध्यम से नियमित देखभाल कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हालात | शहर से आठ किमी. दूर अयोध्या विकास प्राधिकरण की वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना

# बाहर बनाई आवासीय योजना, फंस गए मकान बनाने वाले

अमृत विचार विशेष

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सेना के लिए प्राधिकृत भूमि में लेआउट पास कर दिया। इस पर इमारतें खड़ी हो गईं लेकिन एडीए ने अपनी वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना शहर से करीब 8 किमी. दूर बनाई। इसे सेना के लिए अधिसूचित भूमि क्षेत्र से बाहर रखा। अब आम लोगों के लिए सेना के अधिसूचित क्षेत्र में नक्शा पास करने पर रोक लगी दी गई। जमीन लेने व मकान बनवाने वाले फंस गए। व्यवस्था की चाल से परेशान हैं। न बोल पा रहे और न ही कुछ कर पा रहे।


योजना के लिए हाइवे पर लगा बोर्ड।

वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना लखनऊ-अयोध्या हाईवे के किनारे फिरोजपुर उपरहार में बसाई जाएगी। यह गांव सेना के लिए अधिसूचित क्षेत्र से सटा, लेकिन बाहर है। इस पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। ले-आउट बनाने का काम चल रहा है। इसकी सूचना जारी हो चुकी है। जमीने ली जाएंगी, जबकि छावनी से यहां तक सेना के लिए अधिसूचित 13391 एकड़ में ज्यादातर जमीन खाली पड़ी है। एडीए ने इस पर किसी योजना का प्रस्ताव नहीं किया। न ही विकास को लेकर कोई योजना इस पर चल रही है। दूसरी ओर शहर से सटी सेना के लिए अधिसूचित भूमि पर एक फर्म के लिए ले-आउट पास कर दिया। इस क्षेत्र में कई प्रतिष्ठान और मकान बनवाने वालों का दावा है कि उनके नक्शे भी स्वीकृत हैं। ये दो तरह की व्यवस्था समझ से परे है। लोग परेशान हो रहे हैं। आरडीए की आवासीय योजना शहर से दूर, वह भी अधिसूचित क्षेत्र के बाहर। आम आदमी के लिए अधिसूचित क्षेत्र में ले- आउट पास किया जाना। अब इस क्षेत्र में मकान का नक्शा एडीए से न पास करने की विज्ञप्ति जारी होना। मतलब जमीन ली लेकिन नियमानुसार मकान नहीं बन सकता। अब रोक लगा दी गई। जमीन ले ली अब घर कैसे बनेगा? जिन्होंने बना लिया वह भी परेशान हैं। नाम नहीं छपवाना चाहते हैं। कहते हैं कि इंतजार कर रहे हैं देखा जाएगा। अफसर औपचारिक रूप से बोलने से परहेज करते हैं। कहते हैं कि जमीन खरीदने के पहले जानकारी करनी चाहिए। अधिसूचित क्षेत्र में नक्शा न पास होने का निर्देश जारी हो गया है।

### इस पर किसी की नजर नहीं

इस क्षेत्र में जमीन लेने वालों में भी दो तरह के लोग हैं। एक वह जो नक्शा पास कराकर मकान बनवाना चाहते हैं दूसरे वह जो मकान बनवाकर एडीए में कंपाउंड व्यवस्था के तहत बाद में इसे लीगल कराना चाहते हैं। एडीए से नक्शे पर रोक के बाद ऐसे लोगों की संख्या बढ़ने की चर्चा है। अवैध निर्माण पर एडीए से कार्रवाई होगी, प्रशासन पहले ही साफ कर चुका है। लेकिन इस पर किसी की नजर नहीं गई।


वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

## बच्चों को दी जाए संस्कार युक्त शिक्षा : राजेंद्र

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** देश और समाज को भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षा के सहारे ही बेहतर भारत का निर्माण किया जा सकता है, बिना शिक्षा के जीवन व्यर्थ है। उक्त बातें पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल पुरम राजेसुल्तानपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीकांत कन्नौजिया ने कही। वार्षिक समारोह में विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, ओंकार विश्वकर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ संयुक्त रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाठक द्वारा किया गया। राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान किया जाए। अध्यापक अध्यापिकाओं को इस पर ध्यान देना चाहिए कि सिर्फ किताबी ज्ञान प्राप्त करने से बच्चों की बेहतर शिक्षा नहीं दी जा सकती है। राष्ट्र निर्माण में संस्कार युक्त शिक्षा महत्तवपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस दौरान संरक्षक सुरेन्द्र सिंह, शशिकांत मिश्र, नरेन्द्र सिंह, भवरनाथ विश्वकर्मा आदि गणमान्य लोगों के साथ विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राओं सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## जनपद में करीब 12 हजार उपभोक्ताओं के नलकूप का बिल माफ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** कृषकों के हित में लागू की जा रही इस योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद में 11873 उपभोक्ताओं के निजी नलकूप का बिल शासन ने माफ कर दिया है। अब तक किसानों के नलकूप का आधा बिल माफ था। बिल माफ होने से किसानों को काफी फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी के द्वारा कैबिनेट की बैठक में निजी संचालक किसानों को एक अप्रैल 2024 से फ्री में बिजली दिए जाने की घोषणा की थी। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि जनपद में 11873 उपभोक्ताओं को मुफ्त में नलकूप कनेक्शन पर बिजली मिलेगी। इन सभी उपभोक्ताओं का 47 .45 करोड़ रुपए का बिजली बिल शासन ने माफ कर दिया है। बिजली अधिकारियों ने बताया कि पीएम सूर्य घर बिजली योजना को प्रभावी बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्रीन मेथेनॉल व बिजली उत्पादन का रास्ता साफ

## जनपद में 5925 करोड़ रुपए का जिला प्रशासन और कम्पनी के प्रतिनिधियों ने किया एमओयू हस्तांतरित

▸▸ जनपद में हो रहे निवेश के बारे में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने विस्तार पूर्वक दी जानकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधि, जनपद के कृषक बंधु और नारी शक्ति सहित आए हुए अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया गया।


कलेक्ट्रेट सभागार में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मौजूद डीएम अविनाश सिंह, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, एसपी डॉ. कौस्तुभ, सीडीओ अनुराज जैन, एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

कार्यक्रम का शुरुआत करते हुए एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता ने विस्तार पूर्वक जनपद में हो रहे निवेश के बारे में जानकारी दिया। इसके उपरांत एमएलसी महोदय ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने जनपद में हो रहे चौमुखी विकास व इन्वेस्ट के लिए जिलाधिकारी को बधाई दी। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में हो रहे विकास कार्यों को लेकर कहा कि अयोध्या के नजदीक होने के कारण यहां पर विकास के द्वार खुल रहे हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि जनपद में इन्वेस्टर्स के लिए असीम संभावनाएं हैं, यहां पर पर्याप्त लैंड बैंक उपलब्ध है। उन्होंन जैनी केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड व रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के आए हुए प्रतिनिधियों को जनपद में 5925 करोड रुपए निवेश के लिए बधाई दी। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद में जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड का औद्योगिक विकास परियोजना का एमओयू हस्तांतरित कर शुभारंभ किया गया।

### करीब आठ हजार लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष रूप से रोजगार

जैनी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जनपद में ग्रीन मेथेनॉल 1515 टन प्रतिदिन और इलेक्ट्रिसिटी उत्पादन 300 से 350 मेगावाट प्रतिदिन उत्पादन किया जाएगा। रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के द्वारा जनपद में 125 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। जनपद में 1000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और 10 हजार से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर सुलभ होगा। इस प्रकार जनपद में इन दोनों परियोजनाओं के स्थापित होने से जनपद में कुल रुपए 5925 करोड़ का निवेश प्राप्त हो रहा है। जिससे जनपद में प्रत्यक्ष रोजगार 8000 अेर अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलेंगे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों का तांता

## जनपद के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लगी रही लंबी कतार, श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मांगी मनौती

**अंबेडकरनगर/ बसखारी, जलालपुर।**

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व जनपद के विभिन्न शिवालयों में आस्था और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को शिवरात्रि के महापर्व पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए शिव भक्तों की लंबी कतार लगी रही। वैसे तो हर साल 8 मार्च दिन सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता था। लेकिन इस बार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ महाशिवरात्रि के महापर्व का धार्मिक उल्लास भी शिवालियों में देखने को मिला। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के लिए मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि पर्व के अद्भुत संयोग से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास के साथ महिला सशक्तिकरण की झलक शिवालियों में भी देखने को मिली।

महाशिवरात्रि पर जनपद के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। शिव मंदिरों और शिवालयों में हर-हर महादेव का जयकारों की गूंज रही। भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। अकबरपुर नगर के अयोध्या रोड पर स्थित पवित्र शिवबाबा धाम में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। दिन चढ़ने के साथ ही बाबा के धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। शिव भक्तों ने जलाभिषेक के साथ ही भोलेनाथ को बेर, गेड़ी, भांग, धतूरा, तिल, अक्षत आदि अर्पित कर भगवान की आराधना किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम भी मौके पर तैनात है। वहीं अकबरपुर नगर के शहजादपुर स्थित शिवालय में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा मीरानपुर स्थित शिवालय, रोडवेज के पास स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों के करीब प्रशासनिक और पुलिस अमला भी पूरी सक्रियता के साथ जुटा रहा। बसखारी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और नायब तहसीलदार फखीरे दास भी अधीनस्थ राजस्व कर्मियों और मय फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों के आसपास भ्रमण करते रहे।


महाशिवरात्रि पर शिवालय में दूध से अभिषेक करते चेयरमैन ओमकार गुप्ता।


शिवालय में पूजा-अर्चना करते भक्त और सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिसकर्मी।


शिवबाबा धाम में जलाभिषेक करते भक्त।

### सुरक्षा व्यवस्था रही दुरुस्त

महाशिवरात्रि के पर्व पर शुक्रवार को जलालपुर सर्किल क्षेत्र के पारा, जलालपुर स्थित शिवालयों और मालीपुर के झारखंड बाबा स्थानों पर सुबह 4 बजे से ही भक्तों का ताता जलाभिषेक के लिए लगा रहा। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। पल-पल की खबर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह व क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य द्वारा लिया जाता रहा। मालीपुर के प्रसिद्ध झारखंड बाबा देवस्थान पर मालीपुर थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय अपने दल बल के साथ डटी रही। यहां लगभग दस हजार से अधिक भक्तों ने पूजा-अर्चन करते हुए जलाभिषेक किया।

### चेयरमैन ने लिया जायजा

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा क्षेत्र के शिवालयों और मठ मंदिरों पर साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता शिवरात्रि की सुबह स्थानीय शिवालय में जाकर पूजा-अर्चना किया। उन्होंने क्षेत्र के शिवालयों मठ मंदिरों व नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ व साफ-सफाई व्यवस्था और चुने का छिड़काव करने के लिए एक दिन पूर्व ही नगर पंचायत कर्मचारी को निर्देशित कर दिया था।

# सांसद ने लाभार्थियों से जनसंपर्क कर योजनाओं का किया बखान

▸▸ सभी 23 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ता परिवारों से घर-घर जाकर कर रहे हैं सम्पर्क

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता गावों में घर-घर जाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क कर रहे हैं।

शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के घोषित प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे ने बेवाना मंद की समोखपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 346 उमरपुर में भाजपा पदाधिकारियों के साथ लोगों से जनसंपर्क कर उन्हें प्रदेश और कें्रद सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया। सांसद ने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा को वोट डालने की अपील किया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल की तिलकारपुर शक्ति केंद्र की नरकटा वैरागीपुर बूथ पर मंडल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया, अनुराग त्रिपाठी के साथ लाभार्थियों से सम्पर्क और संगठनात्मक बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता को अपना परिवार समझते हैं। मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की केंद्र सरकार अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्यधारा में शामिल के लक्ष्य के साथ 10 वर्षों के अपने कार्य काल पूरा कर रही है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से निरंतर ऐसी-ऐसी योजनाएं लागू कर रही है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और किसान सम्मान का नया अध्याय लिखा जा रहा है।


लाभार्थियों से जनसंपर्क कर योजनाओं की जानकारी देते सांसद रितेश पांड।

### गरीबों और किसानों को दिया गया योजनाओं का लाभ

सांसद रितेश पांडे ने बेवाना मंद की समोखपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 346 उमरपुर में रवि सिंह चौहान, दीपक निषाद के साथ घर-घर सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे गरीब, किसान, महिला और युवा लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर किए हैं। गांव-गांव में बिजली पहुंचाया है। करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ देते हुए उनका सरकारी धन से इलाज करवाया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि जनपद के सभी 23 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं से अच्छादित परिवारों से घर-घर जाकर सम्पर्क कर रहे हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
निविदा निरस्तीकरण सूचना
ई-टेंडरिंग खुली निविदा सूचना सं. 12/2024 दिनांक 01.03.2024 के अंतर्गत क्रमांक 01 एवं 02 पर अंकित निविदा जो दिनांक 27.03.2024 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट पर www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-575
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# महिला से मौलाना ने किया दुष्कर्म

**बसखारी, अंबेडकरनगर।**

▸▸ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** किछौछा के एक मौलाना द्वारा गैर प्रांत से जियारत के लिए आयी एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से परिवार के साथ रूहानी इलाज के लिए आयी जायरीन महिला के साथ झाड़-फूंक का काम कर रहे एक मौलाना ने घर में बंधक बनाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

आरोप है कि रूहानी इलाज के लिए आई महिला के परिजनों को बाहर बैठाकर मौलाना अरशफ रूहानी इलाज के नाम पर महिला को एक कमरे में ले गया। इसके बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोप यह भी है कि मौलाना ने महिला और परिजनों को मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने इसके बाद बसखारी थाने में आरोपी मौलाना के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। इस पर बसखारी पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ निवासी किछौछा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे खानकाह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी मौलाना।

### मखदूम अशरफ इंतेजामिया कमेटी ने घटना की किया निंदा

मखदूम अशरफ इंतेजामिया कमेटी पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के सज्जादा नशीन व मुतवल्ली सैयद मोहिउद्दीन अशरफ, अध्यक्ष सैयद अजीज अशरफ व उपाध्यक्ष सैयद जहांगीर अशरफ व तमाम सदस्य ने शिरकत की और सैय्यद मोहम्मद शमशाद के द्वारा एक दर्शनार्थी महिला के दुष्कर्म करने के मामले में घोर निन्दा करने का प्रस्ताव पारित हुआ कि कमेटी दुष्कर्म पीड़ित महिला के साथ है और इस घटना की घोर निंदा करती है। सदस्यों ने कहा कि इस घटना का दरगाह रूहाबाद क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है। इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष सैयद अजीज अशरफ ने बताया मौलाना अशरफ उर्फ शमशाद दरगाह किछौछा से कोई संबंध नहीं है।

## गांव-गांव जाकर लोगों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा के युवा नेता योगेंद्र सिंह अपनी पूरी टीम के साथ गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से जन संपर्क कर योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत उमरी जलाल, नसीरपुर, केसरपुर, अशरफपुर, हरदिया इस तरह दर्जनों गांव में भाजपा नेता विनोद तिवारी, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, अजीत सिंह के साथ जनसंपर्क किया। उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणी कारी योजनाओं के में लोगों को जागरूक कर पुनरू मोदी के नेतृत्व में 2024 में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वाहन किया।


ग्रामीणों से जनसंपर्क करते युवा नेता योगेंद्र सिंह व अन्य।

## असलहे संग अभियुक्त दबोचा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक हवलदार सिंह यादव, हेड कांस्टेबल विनोद प्रचेता और मो. रसूल द्वारा मुखबिर की सूचना पर बरौली आशा आनंदपुर अखंड नगर जनपद सुलतानपुर के चैराहे से पहले एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से जामा तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जिसकी पहचान सतीश कुमार निवासी ग्राम बरौली आशा आनंदपुर थाना क्षेत्र मालीपुर अंबेडकर नगर के रूप में हुई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। जबकि इससे पूर्व इसके ऊपर और भी अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

महिला दिवस | महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों तथा उनके समाधान पर की गई चर्चा

# महिलाओं के अधिकारों के लिए किया जागरुक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** पूरी दुनिया में लैंगिक असमानता को समाप्त करने और महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहचान प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाज की अग्रणी महिलाओं से बात कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों तथा उनके समाधान पर चर्चा की गई। जलालपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भियांव विकासखंड की खंड विकास अधिकारी अंजलि भारती ने कहा कि पुरुष प्रधान भारतीय समाज में महिला होना हमेशा से चुनौती पूर्ण रहा है। आज भी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाएं चलाई जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना इसका एक आदर्श उदाहरण है। जिसमें सरकार और परिवार के सहयोग से बेटियां शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में नित्य नए आयाम गढ़ रही हैं।

राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ भाजपा नेत्री किरण पांडे ने क्षेत्र की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भी महिलाओं के समक्ष पारिवारिक, सामाजिक, सुरक्षा और जागरूकता जैसी चुनौतियां खड़ी रहती हैं। केंद्र और प्रदेश की सरकार द्वारा महिलाओं को लक्षित करके उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रयास किया जा रहे हैं।

मालीपुर थाने की थानाध्यक्ष प्रियंका पांडे के अनुसार किसी भी समाज में महिला सुरक्षा हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। आज भी विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपने साथ की गई अन्य के प्रति आवाज उठाने में अक्षम साबित होती है। जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। आज के समय में पुलिस व सुरक्षा बलों में भी महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया जा रहा है।


थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय।


बीडीओ अंजलि भारती।


भाजपा नेत्री किरन पांडेय।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र 2017-2019 अनुक्रमांक 1740800041806 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा पुत्री सुरेश कुमार मिश्र ग्राम ओरीपुर नौगीर, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIL से बदलकर MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। MOHAMMAD SHAKEEL QURESHI S/O: MOHAMMAD BASHEER, R/O: 435, BUTCHER MOHAL, SADAR BAZAR, CANTT, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम अब्दुल अजीज खान से बदलकर अजीज खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **अजीज खान पुत्र नन्कऊ, निवासी- ग्राम- दर्जिनपुरवा, महादेवा सलारपुर, पोस्ट- डान्डे कुइया, थाना-हरदत्त नगर गिरंट, जनपद-श्रावस्ती**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0- 2245163 वर्ष 2000 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0- 0671111 वर्ष 2006 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 7521073903 पर सम्पर्क करे। **रोहित सिंह पुत्र बृजलाल भारती, निवासी- एम0एम0एस 2/75बी, सेक्टर- सी, जानकीपुरम् थाना- विकासनगर, लखनऊ**

**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्या. : गोण्डा निकट बस स्टैण्ड, बहराईच रोड, गोण्डा-271001
**सूचना**
आगामी वित्तीय वर्ष (2024-25) में ऋण वसूली कार्य हेतु नए एजेंसी के आवेदन आमंत्रित कर रहा हैं। इच्छुक एजेंसी/व्यक्ति / कंपनी अपना बायोडाटा व आवेदन ऋण वसूली विभाग को जमा कर सकते हैं।
नियम व शर्तें लागू

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का मूल अंकपत्र सहप्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 212611992 वर्ष 2021 है जो कि उ0प्र0मा0शि0परि0 प्रयागराज द्वारा निर्गत था। वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद हुसैन पुत्र श्री मो0 युसुफ ग्राम गढ़ी, पोस्ट- दुर्जनपुर पचूमी थाना वजीरगंज, तहसील तरबगंज जनपद गोण्डा।**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
**आवश्यकता है**
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की- **प्रवक्ता बी.ए.** - हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.-** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02-02 पद। **प्रवक्ता बी. एड्.-** 04 पद। **योग्यता-** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन-** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक- डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0- 8004232988

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर लगाया शिविर, बांटे गए फल

**गोंडा कार्यालय :** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर दुखहरण नाथ मंदिर के पास हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल सिंह के द्वारा नि :शुल्क ओपीडी कैंप व फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं में फल वितरण करके उनका निशुल्क उपचार करके दवा वितरण किया गया। सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। लोगो की सेवा में जो आनंद मिलता है वो किसी चीज में नही है। बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई है ,साथ में श्रद्धालु निशुल्क उपचार का भी लाभ ले रहे हैं। शिविर में कुल 286 मरीज ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया।

# भक्तों की आस्था का केंद्र है भारीश्वर शिव मंदिर कंडरु

## खुले आसमान के नीचे रहना पसंद करते हैं भारीश्वर शिव महादेव, मंदिर में नहीं है छत अथवा गुंबद

**परसपुर, गोंडा**

**अमृत विचारः** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कण्डरु स्थित अति प्राचीन भारीश्वर शिव मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र है। भूतभावन भगवान भोलेनाथ के इस शिव मंदिर में प्राचीनतम शिवलिंग स्थापित है। जहाँ पर शिवरात्रि, सावन माह, कजरी तीज, अधिमास, हरेक सोमवार समेत तीज त्यौहारों को श्रद्धालु पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। पुष्प, अक्षत, बेलपत्री, भांग धतूरा, मीठा एवं जलाभिषेक की परंपरा है।

परसपुर ब्लाक मुख्यालय से महज पाँच किलोमीटर की दूरी



कंडरु स्थित भारीश्वर महादेव मंदिर। अमृत विचार

पर पश्चिम दिशा में ग्राम पंचायत में कण्डरु में स्थित भारीश्वर शिव मंदिर में पूजा पाठ परिक्रमा दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। शीतल एवं मनोरम प्राकृतिक वट वृक्ष पुष्प लताओं से घिरा भारीश्वर शिव महादेव का एक प्राचीन मंदिर है। भारीश्वर नाम से विख्यात इस शिव मंदिर की अपनी अनोखी कहानी है। यहां के भोलेनाथ खुले आसमान में रहना पसंद करते हैं। इस मंदिर में चारों तरफ दीवारें, फर्श, रेलिंग युक्त शिव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का मन मोह रहा है। ऐसी मान्यता है कि जो प्राणी सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा उपासना करता है, उसकी हर मुरादें पूरी होती है। भारीश्वर शिव मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस मंदिर के चारों तरफ वट वृक्ष लताओं से घिरा घना जंगल हुआ करता था। यह कन्डरु ग्राम पंचायत के भारी नामक स्थान पर भारीश्वर शिव मंदिर विख्यात है। उनका कहना है कि यहां के महादेव खुले आसमान के नीचे ही रहना पसंद करते हैं। जब जब किसी ने मंदिर का निर्माण कराया, और गुम्बद आकार छत बनवाने की कोशिश की। तो वह गुम्बद छत नहीं बनवा पाया। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्वज दर पूर्वज सभी इस मंदिर को देख रहे हैं। आज तक बड़े बूढ़ों से इसके किस्से सुनते आए हैं। शिवरात्रि, सोमवार व सावन माह में पूजा दर्शन के लिये तमाम भक्तों का तांता लगता है। दूर दराज व आसपास के क्षेत्रीय नर नारी बच्चे शिव जलाभिषेक कर मेले में मनोरंजन का आनंद अनुभूति करते हैं। जो भक्त शिवलिंग पर लगातार जल चढ़ाने का संकल्प लेकर श्रद्धा भावना के साथ पूरा करता है, उसके असंभव काम संभव हो जाते हैं। उसका नामुमकिन काम मुमकिन भी हो जाता है, और भोलेनाथ की हमेशा कृपा बनी रहती है।

# सुभगनाथ मंदिर सिंगरिया के मेले में उमड़े खरीदार

**परसपुर, गोंडा**

**अमृत विचारः** क्षेत्र में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह देवालयों शिवालयों मंदिरों में पूजा आराधना व शिव जलाभिषेक की धूम रही है।

परसपुर क्षेत्र के ग्राम सिंगरिया स्थित सुभगनाथ, कण्डरु स्थित भारीश्वर नाथ, परसपुर कस्बा स्थित नर्वदेश्वर नाथ, राजाटोला स्थित राजमन्दिर, मौर्य नगर में शंकर मन्दिर, अंजही में दुग्धेश्वर नाथ, राजपुर स्थित राजेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि को सुबह से ही जलाभिषेक के लिये शिव भक्तों का तांता रहा है। वहीं ग्राम मधईपुर कुर्मी बाजपेयी गांव, चौहान गांव, जबदा, ककरहिया होकर बाबा रामदेव दास के अगुवाई में शिव भोले की बारात बड़े ही धूम पूर्वक निकाली गई।

डीजे बाजे के भक्ति मय धुनों पर थिरकते बाराती श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाते हुए आगे बढ़े। और राजा टोला गांव में सभासद उदयभान सिंह लल्लन के अगुवाई में आयोजित स्वागत भंडारा में पहुँचकर बारातियों ने जलपान व प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर किशन मिश्रा, दिवाकर सिंह, मोनू सिंह, बब्बू सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे हैं।

# पांच लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

## महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे शिवालय



महाशिवरात्रि पर खरगूपुर स्थित बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।



जलाभिषेक के लिए भक्तों की लगी लाइन। अमृत विचार



न्यू इंदिरा आवास कॉलोनी स्थित नर्वदेश्वर महादेव में पूजन करतीं महिलाएं।

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के पर्व पर शुक्रवार को समूचा जिला भगवामय हो गया। ऐतिहासिक दुखहरननाथ मंदिर व पृथ्वीनाथ मंदिर समेत जिले के विभिन्न शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही श्रद्घालुओं ने कतार लगाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, भांग, अक्षत व भस्म से भगवान का श्रंगार कर उनकी पूजा अर्चना की। इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंजते रहे। श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से उनकी सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले के सभी ऐतिहासिक शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर भोर से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। सुबह 5 बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। शहर के ऐतिहासिक दुखहरननाथ मंदिर, खरगूपुर के बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर व मनकापुर के बाबा करोहा नाथ मंदिर,न्यू इंदिरा आवास कालोनी स्थित मही माता मंदिर में भगवान नर्वदेश्वर भगवान पर भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए सभी शिव मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मंदिरों पर बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाया गयी थी। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी और ड्रोन कैमरो से भी निगरानी की जाती रही। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने भ्रमणशील रहकर मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**बाबा से मांगा मनोवांछित फलःखरगूपुरः**महाशिवरात्रि के अवसर पर पृथ्वीनाथ स्थित भव्य शिवलाट पर उत्साह के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजन-अर्चन किया। पृथ्वीनाथ मन्दिर का कपाट खुलने के बाद भोर से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। मन्दिर परिसर व गर्भगृह ॐ नमः शिवाय, बम-बम भोले आदि के उदघोष से गूंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मन्दिर स्थित विशाल शिवलाट पर जल, दुग्ध, गंगाजल, बेलपत्र, शमी, पुष्प, धतूर, भांग, गन्ना, बेर आदि से जलाभिषेक कर व्रत रखकर मनवांछित फल की कामना की। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग लाइनें लगवाई गयी थी, जिन्होंने बारी-बारी से जलाभिषेक किया। मंदिर के महंत जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि का विशेष महत्त्व होने के चलते गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से अलग-अलग साधनों द्वारा भोर से ही यहां श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सुरक्षा व्यवस्था में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, सीओ विनय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष दिनेश सिंह सहित जिले के विभिन्न थानों की पुलिस बल तैनात रही।

### धार्मिक स्थलों की सफाई व्यवस्था बढ़ाई

**गोंडा कार्यालय :** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शुक्रवार को नगरपालिका का शहर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रहा। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि इसे लेकर डीएम के विशेष निर्देश थे। इसके अनुपालन मे वार्ड वार सफाई नायकों को निर्देश दिए गए थे कि क्षेत्र मे पड़ने वाले सभी धार्मिक स्थलों की विशेष सफाई की जाए, अगल बगल के नाले नालियों की सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव एक दिन पहले ही कर लिया जाए। कूड़ा उठान और चूना छिड़काव कार्य सुबह-सुबह करा लिया जाए ताकि श्रद्धालुओ को कोई दिक्कत नहीं हो। स्वास्थ्य अनुभाग की ओर से वार्ड वार्ड सफाई टीम के अलावा सफाई निरीक्षक काजी शारिफ के नेतृत्व में 15 सफाई मजदूरों की अतिरिक्त टीम भी इस काम में लगी रही।

### मंदिरों में उमड़ी भीड़

**करनैलगंज, गोंडा :** शुक्रवार को महा शिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। करनैलगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बरखंडी नाथ महादेव मंदिर पर जलाभिषेक, भंडारा व मेले का आयोजन हुआ। नगर के मोहल्ला सकरौरा स्थित बड़ा शिवाला, घण्टाघर, गाड़ी बाजार, कसगरान, गुड़ाही बाजार, गायत्री मन्दिर परिसर स्थित शिवमंदिर, बालूगंज, गोनई गोसांई पुरवा, बाबागंज चौराहा, सकरौरा घाट व कटरा घाट स्थित शिवमंदिर सहित क्षेत्र के लगभग सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव का विधिवत पूजन अर्चन किया। वहीं क्षेत्र के प्रसिद्ध बरखंडीनाथ महादेव मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां महंत सुनील पुरी व पंडित वेदप्रकाश शास्त्री के मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। यहां मेले का भी आयोजन हुआ, जिसमें दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगा रखी थी। दूर दराज से आई महिलाओं के साथ बच्चों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए गए थे। एसडीएम विशाल कुमार, सीओ चंद्रपाल शर्मा, नायब तहसीलदार संतोष कुमार यादव ने मेले का जायजा लिया।

# चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**मनकापुर, गोंडाः** शुक्रवार को महा शिव रात्रि के पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरो के कपाट खुलते ही शिव भक्तो ने हर-हर महादेव--भोले बाबा की जयघोष के साथ शिव भक्तो ने जलाभिषेक किया। क्षेत्र के करोहामान गांव में स्थित करोहानाथ शिव मंदिर में शुक्रवार के तड़के सुबह मंदिर का कपाट खुलते ही शिव भक्तो ने हर-हर महादेव-भोले बाबा की जय हो के उद्घोष के साथ जलाभिषेक करते हुए पूजन-अर्चन किया।क्षेत्र के बंदरहा गांव में स्थित मोटे नाथ शिव मंदिर,कस्बे के श्रीबानगढ देवी मंदिर परिसर में स्थित मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर,मोहल्ला शास्त्री नगर में स्थित सिदेश्वर नाथ शिव मंदिर,धुसवाचांद में स्थित नये नाथ शिव मंदिर,झिलाही बाजार में स्थित



बाबा दुखहरन नाथ मंदिर के बाहर सुरक्षा का जायजा लेते एसपी विनीत जायसवाल।

कटेश्वरनाथ शिव मंदिर,जिगना बाजार के पंचमुखी मंदिर व दिनकरपुर में स्थित माई राम कुट्टी परिसर में स्थित शिव मंदिरो में जलाभिषेक,रुद्राभिषेक व शिव भक्तो द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया गया।करोहामान शिव मंदिर में शिव भक्तो द्वारा जगह-जगह के लिये भव्य भण्डारे आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा,मछली बाजार चौकी प्रभारी अरबिद कुमार,जिगना बाजार शिव कुमार यादव,कस्वा चौकी प्रभारी भानु प्रताप सिह,एसएसआई प्रबोध कुमार व महिला आरक्षी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे औरपुलिस क्षेत्राधिकारी आरके सिह भम्रणशील रह कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## महाशिवरात्रि पर निकाली शिव बरात

**रुपईडीह, गोंडाः** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित शंकर शिवाला पर क्षेत्र के विभिन्न गांवो के पुरुषों, बच्चों व महिलाओं को मिलाकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूरी की। इस दौरान भगवान शिव जी की बारात भी निकाली गई। इस यात्रा मे वाल्मीकि तिवारी, संतोष पांडेय, विकास पांडेय, संदीप पांडेय, निखिल तिवारी, सरबजीत पांडेय, शंकर पांडेय, पप्पू पांडेय, मोहित चौबे आदि श्रद्धालु शामिल रहे। शांति बनाए रखने को थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा के निर्देशन में पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा।



एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख व भाजपा जिला उपाध्यक्ष। अमृत विचार

## युवा व्यवसाय कर दूसरे को भी दें रोजगारः भवानी

**कटरा बाजार, गोंडा :** व्यवसाय हमारे समृद्ध समाज की रीढ़ है। उक्त विचार गुरुवार को क्षेत्र में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के उद्घाटन के बाद भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल ने कही। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भाजपा नेता आर्यनगर में नमकीन प्रतिष्ठान व रामापुर कस्बे में कपड़े की दुकान का फीता काट कर शुरुआत करते बाद युवाओं से कहा कि हमें अपना रोजगार स्वयं शुरू करना चाहिए। इससे स्वयं को तो रोजगार मिलेगा ही वहीं दूसरी ओर आप अन्य सहयोगी को भी रोजगार दे सकते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार करने के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं जिससे आर्थिक रूप से कमजोर युवा लोन लेकर भी रोजगार कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधान श्रवण तिवारी, बप्पन चौबे, लल्लू तिवारी, राज बाबू, अंकुर, रामजी पंडित, राम शंकर पांडे, बब्लू तिवारी, चंद्रशेखर पांडेय व राहुल तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

# गोंडा स्टेशन से होकर गुजरेंगी चार जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचारः** होली पर्व के चलते यात्रियों की संख्या मे काफी इजाफा हो जाता है। यात्री सुविधा के दृष्टिगत पूर्वोत्तर रेलवे गोंडा रूट से चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने जा रहा है।

छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 20 एवं 27 मार्च दिन बुधवार को और आनन्द विहार टर्मिनस से 21 व 28 मार्च दिन बृहस्पतिवार को दो फेरों मे किया जायेगा। यह ट्रेन 20 व 27 मार्च को छपरा से शाम 5.45 बजे चलकर सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती होते हुए रात साढ़े ग्यारह बजे गोण्डा पहुंचेगी फिर यहां से चलकर बुढ़वल, सीतापुर के रास्ते दूसरे दिन सुबह 11.50 बजे आनन्द विहार टर्मिनस पहुंचेगी। गुरुवार को यह ट्रेन 21 व 28 मार्च को आनन्द विहार टर्मिनस से इसी रूट से वापस गोण्डा दोपहर 3.30 बजे पहुंचेगी और फिर सुबह 09.30 बजे छपरा पहुंचेगी।

दूसरी जोड़ी ट्रेन गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 24 एवं 31 मार्च रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च एवं 01 अप्रैल सोमवार को दो फेरों के लिए किया जायेगा। यह ट्रेन रात 8 :55 बजे गोरखपुर गोरखपुर से चलकर खलीलाबाद, बस्ती होकर रात 11:35 बजे गोण्डा गोण्डा पहुंचेगी फिर दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर के रास्ते सुबह 11:45 बजे आनन्द विहार टर्मिनस पहुंचेगी।

वापसी 25 मार्च और एक अप्रैल को आनंद विहार टर्मिनस से दोपहर सवा तीन बजे शुरू होकर इसी रूट से दूसरे दिन गोण्डा पहुंचेगी फिर यहां से सुबह साढ़े चार बजे बस्ती, खलीलाबाद के रास्ते 7.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इन दोनों ट्रेनों में साधारण, स्लीपर और एसी श्रेणी के कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## महिला पर हमला करने में केस दर्ज

**खरगूपुर, गोंडाः** महिला पर हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दंपति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । थाना क्षेत्र के रामलाल पुरवा गांव में मामूली विवाद के बाद शहजादी पत्नी मोहम्मद सलीम को लाठी से हमला कर घायल कर दिया। महिला के सर पर गंभीर चोटे आई हैं ।

पुलिस ने घायल महिला की तरफ से इसी गांव के रहने वाले आरोपी सियाराम यादव तथा उसकी पत्नी मनीषा यादव के विरुद्ध हमला एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज की है। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है ।

# सर्राफा लूटकांडः चौथे दिन भी अंधेरे में पुलिस

**करनैलगंज, गोंडाः** चार दिन पूर्व करनैलगंज के सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ साह के साथ हुई लूट की वारदात का मुद्दा गर्म होता जा रहा है। चार दिनों से चल रही जांच के बाद भी पुलिस के हाथ अभी भी खाली बताए जा रहे है। तो वहीं अब घटना का खुलासा न हो पाने से व्यापारियों में भी पुलिस के विरोध में स्वर मुखर होने लगे हैं। बृहस्पतिवार की सायंकाल में को स्थानीय पुलिस चौकी पर व्यापारियों और पुलिस के बीच एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षा के मुद्दों पर भी बात की गई। लेकिन पुलिस के सवालिया हिदायतों को व्यापारियों ने दरकिनार करते हुए कहा कि अगर व्यापारियों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती तो क्यों नहीं शस्त्र लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। आखिर कब तक व्यापारी लुटता रहेगा। जिस पर वहां मौजूद सीओ चंद्र पाल शर्मा व कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने कहा कि पुलिस आपके साथ है। लेकिन डीएम शस्त्र लाइसेंस देती है या नहीं इसकी उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। उधर सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना वाली जांच में पुलिस के हाथ अब भी खाली बताये जा रहे है। जैसे जैसे समय बीत रहा है वैसे वैसे व्यापारियों के सब्र का बांध भी हिचकोले लेने लगा है। जांच के चौथे दिन भी कोई सुबूत नहीं मिला।

## सार-संक्षेप

### हनुमान चालीसा केंद्र चलाएगी अहिप

**गोंडा कार्यालय :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, हिंदू हेल्पलाइन की प्रखंड रुपईडीह की बैठक हिंदू हेल्प लाइन के जिलाध्यक्ष सूरज देवराज की अध्यक्षता में श्रीराम जानकी मंदिर पोखरा पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री शिव राम सिंह ने बताया कि देश में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र चलाने की संगठन की योजना है। सभी पदाधिकारियों को कम से कम एक हनुमान चालीसा केंद्र चलाना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, हनुमान चालीसा केंद्र की कमेटी बनाने पर ध्यान दें। बैठक में गंगापुर, जयप्रभा ग्राम, मर्दनपुरवा, खरगूपुर के श्रीराम जानकी मंदिर पोखरा, कालीथान, चतुर्भुजी लाला का शिवाला मंदिर पर हनुमान चालीसा केंद्र चलाने का निर्णय हुआ। अगली बैठक 14 अप्रैल को करने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर वेद प्रकाश कसौधन, फूल चंद्र आर्य, अतुल मिश्र, भगवान चरण ओझा, दुर्गेश गुप्ता, रवि गुप्ता, संतोष निगम, रुद्र प्रताप दूबे, नीरज, मोहित दूबे उपस्थित रहे।

### संगठन की मजबूती के लिए जुट जाएं कार्यकर्ता : मुकेश



गोंडा के कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय :** उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकेश अवस्थी ने कहा कि लोक सभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता जुट जाए। संगठन के मजबूत होने पर ही पार्टी को लाभ मिलेगा। कांग्रेस की नीतियां हमेशा गरीबों के लिए रही हैं। कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जो सबको साथ में लेकर चलने का विश्वास रखती है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शुक्रवार को कांग्रेस भवन पहुंचकर जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे दिलीप शुक्ला अरविंद सहित तमाम कांग्रेस नेताओं से बैठकर 2024 लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को मजबूत करने के लिए जनपद के ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक की जायेगी। ब्लॉक के पदाधिकारी पूरी मेहनत के साथ कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर सहयोग करें।

### दंपति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा :** अकारण मारपीट कर चोटिल करने के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम उपाध्याय पुर ग्रांट के रहने वाली रुबी यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप है कि गांव के ही झिनकन व उनकी पत्नी राधा बीते गुरुवार को अकारण भद्दी-भद्दी गाली-गुप्ता देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ जान से मारने की कोशिश समेत विभिन्न धाराओ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** | महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन, महिला थाने की एसएचओ व अन्य कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

# जहां महिलाओं की होती है पूजा वहां देवताओं का होता है वास

**बेलसर, गोंडाः**महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूमावि अकौनी की विज्ञान शिक्षिका साधना सिंह रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने कहा कि धरती से आसमान तक कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जिसमें नारी ने परचम न लहराया हो। शास्त्रों में कहा गया है कि जहां महिलाओं की पूजा होती है वहीं देवताओं का वास होता है। माता के रूप में स्त्री को स्वर्ग से भी बढ़कर माना गया है। विशिष्ट अतिथि साधना सिंह ने कहा कि छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करना चाहिए। इस



महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज में शिक्षिका को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

मौके पर अनिल कुमार वर्मा, पवन प्रताप सिंह, पदम नाथ पांडेय ने भी विचार रखे।

**कांग्रेस भवन में की बैठकः** आंगनबाड़ी, रसोइयां, कार्यकत्रियों की बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। कांग्रेस नेता दिलीप शुक्ला ने कहा कि योजनाओं का लाभ महिलाओं को सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग में भोजन बना रही महिलाओं को समय से भुगतान नहीं मिल पा रहा। मानदेय बढ़ाए जाने को लेकर कई बार मांग की गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गांव में चलकर योजना का प्रचार प्रसार कर रही हैं। सरकार के लिए सारथी का काम कर रही। लेकिन उनका भी मानदेय बढ़ाया नहीं जा रहा है। नारी सशक्तिकरण का नारा देने वाली सरकार महिलाओं को लेकर सजग नहीं है। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान का नारा दे रही है पर धरातल पर कुछ नहीं है। इस मौके पर शिवकुमार दुबे, अरविंद शुक्ला, शहजादे मेवाती, राजू सेवा दल, राजन, रोहित, शाहिद आदि रहे।

### महिला थाने की एसएचओ को मिला सम्मान

**गोंडा कार्यालय :** शुक्रवार को नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन द्वारा जिले की महिला थाने की एसएचओ व अन्य पुलिसकर्मियों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सविता मिश्रा, बिट्टू तिवारी व रिचा पांडे ने थानाध्यक्ष अनीता यादव, आरक्षी शिवानी अवस्थी, वर्षा सिंह समेत सभी पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाई और उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें नारी शक्ति की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष सविता मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती करते हुए गैस सिलेंडर के दामों को कम कर महिलाओं को सौगात दी है। जिले में महिला थाने की पुलिस द्वारा लगातार अच्छे कार्य किया जा रहे हैं। महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न उत्पीड़न को महिला थाने की पुलिस द्वारा रोका जा रहा है। अगर कहीं भी किसी भी भी महिला के साथ कोई घटना होती है तो त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है जिसको लेकर के हम लोगो को द्वारा सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना संगठन की जिलाध्यक्ष बिट्टू तिवारी व भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष गोपाल ग्राम रिचा पांडे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कर करके मोदी सरकार ने आज महिलाओं को एक अलग से शक्ति दी है।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक की ग्राम पंचायत असिधा के राम तलौवा गांव से आर्यनगर पृथ्वीनाथ पक्की सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान मदन मोहन पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण न होने से क्षेत्रीय लोगों को गमनागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है।

### पीएचसी पर नेत्र चिकित्सा शिविर 21 मार्च को

रुपईडीह, गोंडा : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर आगामी 21 मार्च को निशुल्क नेत्र परीक्षण से आयोजित किया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्यामलाल गौतम ने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच की जाएगी यदि आवश्यक हुआ तो मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए उन्हें अयोध्या भेजा जाएगा।

### कुरासी में जर्जर तारों को बदलने की मांग

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुरासी में जर्जर तारों को न बदलवाये जाने की शिकायत प्रधान राम गोपाल अवस्थी ने क्षेत्रीय सांसद बृजभूषण शरण सिंह से की है। उन्होंने बताया कि इन जर्जर तारों को बदलवाये जाने की मांग विभागीय अधिकारियों से कई बार की गई लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### सीआईएसएफ की टीम ने किया रोड मार्च

रुपईडीह, गोंडा : आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए कस्बा कौड़िया के विभिन्न मार्गों पर सीआईएसएफ के कंपनी कमांडर बृजेंद्र कुमार सिंह व थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा की अगुवाई में सुरक्षा कर्मियों ने पैदल मार्च किया। इस मार्च के दौरान चुनाव के दौरान पूरी तरह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कराए जाने का भरोसा दिया।

# बंद होंगे बिना मान्यता के संचालित 305 मदरसे

## तीन सदस्यीय कमेटी की जांच में खुलासा, शासन को भेजी रिपोर्ट



विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्यालय।



रमेश चंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में 305 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। शासन के निर्देश पर गठित की गयी तीन सदस्यीय कमेटी की जांच में इसका खुलासा हुआ है। इन मदरसों के संचालक जांच टीम को मान्यता संबंधी अभिलेख नहीं दिखा सके। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। जल्द ही इन मदरसों को बंद कराया जायेगा।

अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ बुनियादी शिक्षा दिए जाने के लिए जिले में जगह जगह मकतब और मदरसे खुले हुए हैं। लेकिन इनमें से अधिकतर के पास जरूरी संसाधन भी नहीं है। मदरसा संचालन के लिए मान्यता लेने में भी यह काफी पीछे हैं। शासन ने इन मदरसों की जांच का आदेश दिया था। इस आदेश के क्रम में उप जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। इस तीन सदस्यीय कमेटी ने मदरसों का स्थलीय सत्यापन किया तो 305 मदरसे बिना मान्यता के संचालित पाए गए। इनके प्रबंधक मदरसा

संचालन को लेकर मान्यता संबंधी कोई प्रपत्र जांच टीम को नहीं दिखा सके। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। बिना मान्यता के चल रहे इन मदरसों पर अब बंदी की तलवार लटक गयी है। ऐसे में अब इस मामले में हड़कंप मचा हुआ है।

**फैक्ट फाइल**

**जिले में संचालित मदरसों पर एक नजर**

सरकार द्वारा अनुदानित मदरसे-6
मान्यता प्राप्त-505
गैर मान्यता प्राप्त-305
आधुनिकीकरण योजना से संचालित मदरसे-287

**शहरी क्षेत्र में मदरसों की भरमार**

शहरी क्षेत्र में मदरसों की भरमार है। तमाम मदरसों का संचालन कागजों पर हो रहा है। इनके पास न तो भवन है और न ही शिक्षक। छात्रों का पंजीकरण भी फर्जी दिखाया जा रहा है। कमोबेश यही हाल ग्रामीण इलाकों का भी है। जिले के करनैलगंज, परसपुर, धानेपुर, बग्गीरोड, इटियाथोक, खरगूपुर, गौरा चौकी, बभनजोत समेत अन्य कई क्षेत्रों में बिना मान्यता के मदरसों का संचालन हो रहा है।

**जांच में 505 मदरसे ही दिखा सके मान्यता संबंधी अभिलेख**

जांच टीम ने जिले में संचालित हो रहे 810 मदरसों की स्थलीय जांच की। इनमें से 505 मदरसे की मान्यता संबंधी अभिलेख दिखा सके। 305 के पास मान्यता से संबंधित कोई अभिलेख नहीं मिला। कई मदरसों का संचालन तो सिर्फ कागजों पर मिला। इन मदरसों की रिपोर्ट शासन को भेजी गयी है।

> तीन सदस्यीय जांच कमेटी के स्थलीय सत्यापन में 305 मदरसे बिना मान्यता के संचालित पाए गए हैं। इनकी रिपोर्ट शासन को भेजी गयी है। शासन से जैसा निर्देश मिलेगा कार्रवाई की जायेगी।
> –रमेशचंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

### आग से दस बीघे गन्ने की फसल जली

खरगूपुर, गोंडा: गुरुवार दोपहर हाई टेंशन तार की शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लगाने से तीन किसानों के गन्ने की फसल जल गई। संझवल गांव के निवासी चुन्नी लाल तिवारी, केवला प्रसाद व बाबू राम तिवारी ने बताया कि गन्ने के खेत के ऊपर के हाई टेंशन तार गया है, दोपहर शार्ट सर्किट के कारण फसल में आग लग गई। हवा तेज होने कारण आग फैलाने से तीन किसानों का करीब पांच बीघे से अधिक गन्ने की फसल जल गई। ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं भवानीपुर कला निवासी दुलारे पाल के गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के पांच बीघे गन्ने की फसल जल गई।

# पीएम मोदी की तस्वीर वाली कैरी बैग की पहुंची खेप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा दिए गए कैरी बैग का वितरण शुरू हो गया। मनकापुर समेत सभी तहसीलों के कोटेदारों को पूर्ति विभाग ने वितरित किया। जिले में 250 गांठ कैरी बैग की आई है। एक गांठ में 1000 बैग है। केंद्र सरकार ने मार्च माह के खाद्यान्न वितरण के साथ कैरी बैग देने का निर्णय लिया था। अब बैग जनपद में आ गया है जिसका वितरण भी शुरू कर दिया गया है। सरकार की मंशा है कि प्रधानमंत्री की तस्वीर छपी बैग का वितरण आचार संहिता लगने से पहले हो जाए। जैसे ही



बैग का खेप जिले में पहुंची वैसे ही जिला पूर्ति विभाग ने कोटेदारों को बुलाकर वितरित कर दिया। अब जब राशन कार्ड धारक खाद्यान्न लेने कोटेदार के घर जाएगा तो इसी बैग में खाद्यान्न मिलेगा। बभनजोत, छपिया, मनकापुर, मुजेहना, रूपईडीह, वजीरगंज आदि ब्लाकों के कोटेदार को दिया गया। कई उचित दर विक्रेताओं ने खाद्यान्न वितरण के लिए लाभार्थियों को भी कैरी बैग दे दिया। पूर्ति विभाग को उम्मीद है कि आने वाले दो-तीन दिनों में लाभार्थियों के सापेक्ष केरी बैग आ जाएगा जो सभी को दे दिया जाएगा। डीएसओ कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि बैग वितरण करने का आदेश मिला था जिसकी पहली खेप आ गई है। जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के कोटेदारों को कैरी बैग दे दिया गया है। वर्तमान माह में इसी कैरी बैग में रखकर खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

# शॉर्ट सर्किट से पोकलेन मशीन में लगी आग

## कोयला लोड करते समय हादसा, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग, लाखों की मशीन राख

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से उतरे कोयले को ट्रक में लोड कर रही पोकलेन मशीन में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग से पोकलेन मशीन खाक हो गई। जेसीबी और प्रेशर ट्रक के माध्यम से मशीन के ऊपर कोयला गिराकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। अंत में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पोकलेन में लगी आग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



कटरा शिवदायल गंज रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को मालगाड़ी से उतारे गए कोयले को मशीन के माध्यम से ट्रक में लोड किया जा रहा था। लोडिंग के दौरान मशीन में भीषण आग लग गई। मशीन में लगी भीषण आग को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम जब मौके पर नहीं पहुंची तो कोयले को लोड कर रही जेसीबी और प्रेशर ट्रकों में लदे कोयले को ही पोकलैंड मशीन पर गिरा करके आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग नहीं बुझी। घंटों बाद पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक मशीन पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। नवाबगंज एसएचओ मनोज कुमार राय ने बताया कि पोकलैंड मशीन के द्वारा कोयले को ट्रक में लोड करते समय मशीन में आग लग गई थी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। अग्निशमन यंत्र पोकलैंड मशीन में भी रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**बजाज हिंदुस्तान पावर प्लांट भेजा जाता है कोयला**

कटरा शिवदयालगंज रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 4 से 5 मालगाड़ी कोयला भरकर लाती है। इसे उतार कर स्टेशन के यार्ड में स्टोर कर दिया जाता है। बाद में इसे पोकलैंड मशीनों के माध्यम से बड़े-बड़े ट्रकों पर लोडकर बजाज हिंदुस्तान पावर प्लांट कुंदुरखी भेजा जाता है। जहां पर इन कोयलों के माध्यम से बिजली का उत्पादन करके प्रदेश के कई जिलों में सप्लाई किया जाती है।

# किशोरी को अगवा कर मांगी एक लाख रंगदारी

खरगूपुर, गोंडा: कपड़ा खरीदने घर से निकली किशोरी को मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया गया। उसके बाद रेलवे स्टेशन गोंडा के पास एक झुग्गी में छिपाकर आरोपी स्वजनों से एक लाख रुपये रंगदारी की मांग करने लगे। किशोरी के भाई ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी सराय गांव का है। ग्राम परना टिकुइया निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी 12 वर्षीय बहन अपने मामा के यहां रह रही थी। 20 नवंबर 2023 को वह कपड़ा खरीदने गोकरननाथ शिवाला चौराहे पर गयी थी। जहां रमेश व उनके पिता रामपाल पुत्र हीरा लाल तथा चाचा जोगी निवासी गण बराहेमा, राम अनुज पुत्र डेबा निवासी कुरशहा बहराइच ने उसे मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। उसके बाद उसे राजकोट गुजरात ले जाने के लिए गोंडा रेलवे स्टेशन के निकट एक झुग्गी में छिपा दिया और ट्रेन का इंतजार करने लगे। इसी बीच स्वजन बस स्टॉप आदि स्थानों पर ढूढ़ते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां सभी आरोपी मिले। आरोप है कि उनसे पूछने पर वह हकबका कर भागने लगे। सभी को दबोचा गया।

# स्कूलों में ईसीसीई की हकीकत परख रहे रवि

## विद्यालय और आंगनबाड़ी सेंटर्स की तैयारी की स्थिति देख रही एनसीईआरटी

करनैलगंज, गोंडा: सरकार ने विशाखापट्टनम के स्कूलों पर शोध कराने का फैसला किया है। जिसमें करनैलगंज के धौरहरा स्कूल के प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह को एक्सपर्ट के रूप में शामिल किया है।

रवि ने बताया कि विशाखापट्टनम के स्कूलों में ईसीसीई की स्थिति ठीक है या नहीं इस पर भारत सरकार एक शोध करा रही है। शोध में स्कूलों से निश्चित टूल के माध्यम से विभिन्न प्रश्न पूछा जा रहा है। इसके बाद यह आंकड़े, लर्निंग आउटकम, विभिन्न प्रश्नों, ग्रुप डिस्कसन के आधार पर रिपोर्ट बनाई जाएगी। एनसीईआरटी नई दिल्ली के प्राथमिक शिक्षा विभाग



विशाखापट्टनम में बच्चों की शिक्षण पद्धति को देखते गोंडा के आदर्श शिक्षक रवि।

के प्रोफेसर वीपी सिंह कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर हैं। उनकी देखरेख में यह कार्य कराया जा रहा है। टीम में प्रो. एससी चौहान, प्रो. विनोद शर्मा, डॉ. नागेंद्र यादव, डॉ. अनूप कुमार, दलीप शर्मा हैं। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने कहा यह जिले के लिए एक अवसर है। खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल, जिला समन्वयक हरिगोबिन्द यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विनय तिवारी, विवेक सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक पाण्डेय, केडी सिंह, उमाशंकर सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, बाबूलाल यादव, अरविंद प्रताप सिंह, मनोज पाण्डेय, विभा सिंह, मायाराम, अनुराग कुमार, भगवान बख्श सिंह, भालेन्दु कुमार सिंह आदि ने बधाई दी है।

**क्या है स्कूलों में सेफ्टी और सिक्योरिटी का टूल**

इस टूल अंतर्गत बच्चों को किसी भी स्थिति में असुरक्षा न हो इसके बारे में एनसीईआरटी, भारत सरकार, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गाइडलाइन जारी करते रहते हैं उसका पालन देखा जाता है। स्कूल में भूकंप, प्राथमिक चिकित्सा सहित अन्य प्रशिक्षण व मॉक ड्रिल कराई जाती है या नहीं इसके बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं।

**रेडीनेस और ईसीसीई**

बच्चे को स्कूल भेजने के पहले, भेजते समय और स्कूल पहुंच जाने के बाद भी अभिभावक और अध्यापकों की जिम्मेदारी होती है, उन्हें तैयारी करनी होती है। पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओं में उम्र के अनुसार बच्चे की जानकारी देखी, समझी और सुधारी जाती है।

# रात में हो रहा मिट्टी का खनन, वीडियो वायरल

धानेपुर, गोंडा: धानेपुर के कई इलाकों में रात में मिट्टी खनन हो रहा है। यही नहीं, मिट्टी लदे डंपर थाने के सामने से ही गुजर रहे हैं लेकिन स्थानीय पुलिस भी इस कारोबार पर चुप्पी साधे हैं। आरोप है कि पूरा खेल खनन और पुलिस विभाग की सरपरस्ती में चल रहा है। मिट्टी खनन का वायरल विडियो थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाडा के मजरा जलाल पुर का है। बताया जा रहा है कि यहां प्रतिदिन रात के अंधेरे में मिट्टी खनन किया जाता है। रात भर जे सी बी मशीने गरजती हैं और लोडर ट्रकों के माध्यम से यह मिट्टी अलग अलग स्थानों पर पहुंचायी जाती है। रातों-रात जेसीबी से मिट्टी खनन कर उसे डंपर से ढुलाई उतरौला गोंडा मुख्य मार्ग पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद रखी हैं। जबकि यह खनन करने वाले इतने बेखौफ हो गए हैं कि गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर ही डंपर से मिट्टी ढुलाई कर रहे है। खनन करने वालों को न तो पुलिस की परवाह है और ना ही प्रशासन का डर। खनन महकमे को इसकी भनक तक नहीं है। वहीं धानेपुर के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि अवैध खनन के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# ऋषि बोध दिवस के रूप में मनाया गया ज्ञान प्राप्ति दिवस

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** ठठराही बाजार मोहल्ला में संचलित दयानंद बाल मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक बालिका विद्यालय में स्वामी स्वामी दयानंद सरस्वती का ज्ञान प्राप्ति दिवस "ऋषि बोध" दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय में हवन- पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात स्वामी दयानन्द के जीवन वृतांत से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया।



करनैलगंज में स्वामी दयानंद सरस्वती ज्ञान प्राप्ति दिवस के मौके पर पूजन करते लोग।

समारोह का आगाज हवन यज्ञ से हुआ। बालाजी मंदिर के पुजारी लोकेश पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चारण से यज्ञ संपन्न करवाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक शिव नन्दन वैश्य, उपप्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा, रामकुमार, विष्णु प्रताप वर्मा, सचिन बाजपेई, दुर्गेश, मनीष, बेनीमाधव मिश्रा, सनद तिवारी, संजय शुक्ला, प्रेमांशु, सुमन गुप्ता, निश्चय गुप्ता ज्योति पुरवार, सोमा शुक्ला, पूजा मिश्रा आदि रहीं।

### स्टाम्प वेंडरों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग

**गोंडा कार्यालय:** कचहरी मे कुछ स्टाम्प विक्रेता दस रुपए का स्टाम्प बीस रुपए में और अधिक मूल्य वाला स्टाम्प 10 से 20 प्रतिशत अधिक लेकर बेंच रहे हैं। इसे लेकर कुछ अधिवक्ताओं से एक स्टाम्प वेंडर का हुआ विवाद हाल ही मे एडीएम तक जा पहुंचा। शिकायत की गई कि इस मनमानी पर अंकुश लगाया जाए। गुरुवार को शिकायत लेकर पहुंचे अधिवक्ता अरुण सिंह, विवेक कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, राजन सिंह और रिशु सिंह को एडीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# नवनिर्मित पुल का सांसद ने किया लोकार्पण

## मनवर नदी पर बना है पुल, कई गांवों के लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

मनकापुर, गोडा

**अमृत विचार:** शुक्रवार को बहु प्रतीक्षित पुल का भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने उद्घाटन किया। पुल के निर्माण होने से कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

क्षेत्र के दिनकर पुर गांव स्थित मनवर नदी माई राम कुटी पर बना पुल का भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया वेद मंत्रोच्चार व पूजन अर्चन के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। मनकापुर क्षेत्र अन्तर्गत बल्लीपुर, चांदपुर, दिनकरपुर से घुनाही, समसापुर, तामापार आदि को जाने



लोगों को संबोधित करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

वाले मार्ग में मनवर नदी माई राम कुटी दिनकरपुर पर बना टूटा पुल आवागमन में बाधा बन रहा था। पुल के टूटे होने से प्रतिदिन हजारों आने जाने वाले लोगों को करीब दस-बारह किमी अधिक दूरी का चक्कर लगाकर यात्रा करना पड़ता था।

इस पुल के शुभारम्भ हो जाने से तामापार, समसापुर, घुनाही, दिनकरपुर, चांदपुर लखपत राय, बल्लीपुर आदि के हजारों लोगों का रास्ता सुगम हो गया है। काफी दिनों से इस पुल निर्माण को लेकर क्षेत्र वासियों ने जन प्रतिनिधियों से कई बार आग्रह भी किया था। जिसके क्रम में सांसद गोंडा ने अपने क्षेत्र वासियों की पीड़ा समझते हुए अविलंब पुल का निर्माण कराने का निर्देश संबंधितों को दिया था। पुल का निर्माण पूर्ण होने पर इसका उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दिनकरपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद सलीम ने मांई राम कुटी पौराणिक शिव मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन व विशाल भंडारे का आयोजन कर लोगों का दिल जीत लिया।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख यूपी सिंह, कमलेश पाण्डेय, हरीश पाण्डेय, बाबूलाल शास्त्री, ओम प्रकाश सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, महेश सिंह, भगवानदीन मिश्रा, रक्षा राम वर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, रामजन्म सहित कई गांवों के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**लापरवाही** ट्रैफिक पुलिस ने चार रूटों में बांटा है शहर, हर रूट पर लगभग 350 रिक्शे, रूट मैप का हो रहा उल्लंघन

# जाम की वजह बन रहे प्रतिबंधित रूट पर दौड़ रहे ई-रिक्शे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त की पहल पर ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने शहर मे ई रिक्शा संचालन के लिए चार रूटों का निर्धारण किया है । इसके लिए बाकायदा कलर कोडिंग व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। इसके बावजूद इनकी मनमानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। ये ई रिक्शा संचालक अपने मनमर्जी के रूट पर सवारिया ढ़ो रहे हैं और शहर के व्यस्त इलाकों मे जाम को बढ़ा रहे हैं। इसे लेकर परिवहन विभाग के अफसर और ट्रैफिक पुलिस के जवान समय



रूटों के निर्धारण के बावजूद मनमाने ढंग से शहर में दौड़ रहे ई-रिक्शे। अमृत विचार

समय पर कार्रवाई भी करते रहते हैं। लेकिन पकड़े गए चालकों मे से कुछ तो मोटी खाल होते हैं जो जुर्माना भरकर दोबारा उसी रास्ते पर निकल पड़ते हैं, जबकि कई ऐसे भी हैं जो कभी सहानुभूति और कभी लचीले नियमों के चलते बच निकलते हैं।

शहर के ईदगाह रोड, पीपल चौराहा, चौक बाजार, भरत मिलाप चौराहा, एकता चौक, पुरानी सब्जी मंडी, फल मंडी, पुरानी हनुमान गढ़ी, मछली मंडी गली मोहल्लों मे भी ये ई रिक्शे सवारी भरते मिल जाते हैं जोकि इनके किसी भी रूट मे नहीं हैं। ऐसे ई रिक्शा, ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सर दर्द से कम नहीं है जिसका खामियाजा आखिरकार पब्लिक को ही जाम के रूप में भुगतना पड़ता है। कई बार तो ये हादसों के सबब भी बन जाते हैं।

**ये अफसर रूट कलर कोड व्यवस्था पर रखते हैं नजर**

परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र नाथ तिवारी बताते हैं कि शहर के पते पर पंजीकृत ई रिक्शों की संख्या 28 सौ है जिसमें से 16 सौ वाहनों पर रूट मैप के अनुसार कलर नंबर प्लेट लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा इनके कलर कोड रूट के अनुरूप संचालन, फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर समय समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। कभी कभी ई रिक्शा चलाते नाबालिग भी हत्थे चढ़ जाते हैं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगदंबा गुप्ता बताते हैं कि सभी वाहन एक ही रूट पर उतर जाएँ तो ट्रैफिक की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसीलिए ई रिक्शों के संचालन की दृष्टि से शहर को चार रूटों मे विभाजित किया गया है। मंडलायुक्त के निर्देश पर हर रूट के लिए अलग अलग कलर कोडिंग की गई है ताकि इस नई व्यवस्था पर नियंत्रण रखा जा सके।

# शोपीस बनी हेल्थ एटीएम मशीन

अभिषेक स्वरूप श्रीवास्तव, गोंडा

**अमृत विचार:** प्रसूता के स्वास्थ्य परीक्षण प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए जिला महिला अस्पताल में लगाई गई स्वास्थ्य एटीएम मशीन केवल शो पीस बनकर रह गई है। ये मशीनें जिले के सभी पीएचसी सीएचसी मे भी साल भर पहले लगाई गई थी, अधिकांश जगहों पर ये बंद ही पडी धूल खा रहीं हैं।

हेल्थ एटीएम एक वॉक-इन-मेडिकल मशीन है जिसमें चिकित्सा उपकरण लगे होते हैं। इसकी मदद से मरीज़ की बेसिक कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पल्मोनरी टेस्टिंग, गाइनोकोलॉजी, बेसिक लैबोरेट्री टेस्टिंग आसानी से की जा सकती है। हेल्थ एटीएम से कम समय में



जांच संभव है और रिपोर्ट भी बहुत कम समय में मिल जाती है। मंडल मुख्यालय पर स्थित जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए लाखों रुपयों की लागत से लगाई गई हेल्थ एटीएम मशीन शोपीस बनकर रह गई है। मरीजों को इनका कोई लाभ तक नहीं मिल पा रहा है। यहां तक की महिला अस्पताल में आने वाली महिलाओं को तो पता ही नहीं कि यहां हेल्थ एटीएम है। डॉक्टर ने जैसे ही पर्चे पर जांच लिखा नहीं कि अगल बगल लगे एजेंट उन्हें चुनिंदा सेंटरों तक पहुंचा देते हैं। जबकि हेल्थ एटीएम से ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टेंपरेचर, ब्लड प्रेशर, खून में ऑक्सीजन की मात्रा, लंबाई, वजन, गुर्दे की जांच आदि लगभग 50 से अधिक जांच होती है जिसका सीधा लाभ मरीजों को होता। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ देवेन्द्र सिंह बताते हैं कि इसे चलाने के लिए किसी तकनीशियन की तैनाती नहीं है। बाकी कर्मचारियों मे तकनीकी ज्ञान के अभाव के चलते संचालन मे दिक्कतें आती हैं साथ ही नेटवर्क भी नहीं साथ देता है। बताया जल्द चालू कराया जाएगा।

## एक नजर

### ताइक्वांडो बेल्ट सर्टिफिकेट वितरण आज

**बहराइच :** शहर बहराइच के स्टेशन क्लब में आज शाम 4 :00 बजे जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच की ओर से ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट का वितरण किया जाएगा। जिसमें 50 कलर बेल्ट एवं चार लड़कियों को ब्लैक बेल्ट की उपाधि दी जाएगी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के अध्यक्ष श्री श्याम करण टेकरीवाल एवं दूसरे विशिष्ट अतिथि आदर्श अग्रवाल होंगे। संगठन के सेक्रेटरी इसरार अली सिद्दीकी ने सभी को उपस्थित होने की बात कही है।

### महिला झुलसी, रेफर

**मिहीपुरवा, बहराइच :** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरी टेढ़ी गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां बृहस्पतिवार को वैवाहिक कार्यक्रम के लिए खाना बन रहा था। जिसमें गांव निवासी पड़ोसी डबलू खाना बना रहा था। इसी दौरान अज्ञात कर्म से आग लग गई जिसकी चपेट में डब्लू की पत्नी रेनू आ गई। उसे आसपास के लोगों ने आग बुझाकर सीएचसी में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट, दो घायल

**बहराइच :** कोतवाली देहात के नरायनसिंह पुरवा गांव निवासी प्रताप बहादुर सिंह पुत्र ननकऊ आबादी की जमीन पर गुरुवार को कार्य कर रहे थे। तभी पड़ोसी बृजेश सिंह पहुंच गए। उन्होंने जमीन पर अपना हक जताते हुए काम करने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों लोग आमने सामने आ गए। दोनों लोगों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



सिद्धनाथ मंदिर में जल चढ़ाते श्रद्धालु। अमृत विचार



सिद्धनाथ मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार



पयागपुर में निकली झांकी। अमृत विचार

**बहराइच/नानपारा/मटेरा/पयागपुर**

**अमृत विचार :** जिले में महा शिवरात्रि को लेकर शुक्रवार को शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर शाम तक जल चढ़ाने का सिलसिला जारी रहा। शिव भक्त कांवरिया लेकर भी शिव मंदिर पहुंचे। सभी ने शिव को जल अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की।

महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को जिले में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के मौके पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहेगी। शहर के छोटी बाजार स्थित पांडव कालीन सिद्धनाथ शिव मंदिर में सुबह तीन बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। यह सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। नानपारा के मसूदनगर गांव में स्थित पांडव कालीन जंगली नाथ शिव मंदिर में काफी भीड़ रही। इसके अलावा पयागपुर में स्थित बागेश्वर नाथ शिव मंदिर और नवाबगंज में स्थित मंगली नाथ शिव मन्दिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ एकत्रित हुई। महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवमंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने पाण्डव कालीन बाबा बागेश्वर नाथ,सोमनाथ, मौनी बाबा आश्रम सहित ग्रामीण इलाकों में स्थित शिवमंदिरों पर जलाभिषेक किया। शुक्रवार सुबह तड़के से ही पांडव कालीन शिव मंदिर बाबा बागेश्वर नाथ में श्रद्धालुओं की लंबी कतार जलाभिषेक के लिए लगी रही। शांति व्यवस्था और भीड़ को नियंत्रित करने में थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी दल बल के साथ मौजूद रहे। भूपगंज बाजार में रेलवे स्टेशन चौराहे से व नूरपुर के लोगों ने शिव बारात की अनुपम झांकी निकाली। जो बाजार का भ्रमण करती हुई मन्दिर परिसर में पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोचार के साथ माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत

कैसरगंज में शिव विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्य शिव बारात निकाली गयी जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए, तथा भंडारे में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार की शाम राम जानकी मंदिर से शिव की भव्य बारात पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से हनुमान मंदिर होते हुए राम जानकी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शिव की झांकियां भी निकाली गई। नगर वासियों ने पुष्प वर्षा करके शिव की पूजा व आरती उतारी। काफी लोगों की भीड़ जुटी, पूरा कैसरगंज हर हर महादेव के नाम से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए और कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर, मुस्तैदी से जुटे रहे। इस मौके पर शक्ति यज्ञसैनी, राहुल फूलआर्ट, आयुष यज्ञसैनी, रवि सोनी, हिमांशु सिंह, जनमेजय गुप्ता, पवन सोनी, राज रस्तोगी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

## दो दिन पूर्व मौसी के यहां शादी में शामिल होने गया था मृतक

**नानपारा, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के बेलासपुर गांव निवासी एक युवक दो दिन पूर्व मौसी के यहां आयोजित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। उसका शव शुक्रवार को भवनियापुर गांव में सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शरीर के चोट के निशान होने के चलते हत्या की आशंका ग्रामीण जता रहे हैं।

मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलासपुर निवासी राजिंद्र (22) पुत्र राधेश्याम की मौसी का घर बेचईपुरवा गांव में है। शादी में शामिल होने के लिए राजिंद्र साइकिल से गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिवार के लोग तलाश कर रहे थे। शुक्रवार सुबह युवक का शव भवनियापुर गांव के पास सड़क के किनारे पड़ा मिला। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ में लोगों ने मृतक की पहचान बेलासपुर गांव निवासी राजिंद्र के रूप में की। राजिंद्र के परिवार के लोगों को सूचना दी गई। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। धारदार हथियार के निशान भी है। गांव के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। इस मामले में सीओ राहुल पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों की ओर से अभी तक किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### हर माह मिल रहे शव

मटेरा थाना क्षेत्र में आए दिन किसी न किसी का शव बरामद हुआ है। कभी अज्ञात तो कभी किसी ग्रामीण का शव मिला है। ऐसे गांव के लोग पुलिस की सुरक्षा और कार्य शैली पर सवाल उठा रहे हैं।

# एसएसबी जवान ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार:** जनपद के अगैया में स्थित एसएसबी मुख्यालय में जवान का शव फंदे से लटकता मिला। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ और कोतवाल मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बागपत जिले के थाना छपरौली अंतर्गत राठौरा गांव निवासी रवि आर्या (33) की तैनाती एसएसबी 42वीं वाहिनी में थी। उनका आवास नानपारा कोतवाली अगैया में स्थित एसएसबी मुख्यालय में है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह एसएसबी जवान अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो अन्य साथियों ने आवाज लगाई। आवाज के बाद भी कोई मामला सामने न आने पर अन्य जवानों ने कमरे में देखा तो रवि आर्या पंखे में फंदे से लटकता मिला। इस पर हड़कंप मच गया। सभी ने जवान के आत्महत्या की जानकारी कमांडेंट को दी। कमांडेंट मौके पर पहुंच कर मृतक जवान के घर सूचना दी। कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय और सीओ राहुल पांडेय भी मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एसएसबी जवान ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। आत्महत्या क्यों की, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। मालूम हो कि जवान के पत्नी की दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। उसके दो बच्चे भी हैं। माता पिता की मौत से बच्चे अनाथ हो गए हैं।

### कोटा चयन में धांधली का आरोप, सीएम से शिकायत

**महसी, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के पूरे गंगा प्रसाद ग्राम पंचायत की महिला ने कोटा चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। उसका कहना है कि जिले का अधिकारियों ने दबाव में आकर गलत तरीके से कोटे का चयन कर दिया है। मां से तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे गंगा प्रसाद के मजरा कुबेर पांडे निवासी मंजू देवी पत्नी राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। आईजीआरएस पोर्टल और स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे गए पत्र में महिला का कहना है कि शिकायत पर कोटा निरस्त हुआ था। जिसका मामला देवी पाटन मंडल में विचाराधीन है। इसके बाद भी बीडीओ ने कभी सामान्य सीट तो कभी ओबीसी और अब सभी चुनाव लड़ सकते हैं का मामला बताते हुए सभी खड़ा कर दिया। स्वयं सहायता समूह और अन्य नियमों को दरकिनार कर कोटे का चयन कर दिया है। जबकि सरकार का आदेश है कि समूह को कोटा दिया जाए। इसके बाद भी नियम विरुद्ध चयन की जांच कर कार्यवाई की मांग की है।

# अन्नपूर्णा मॉडल दुकान पर खरीदें सामान

**तेजवापुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** एक ही स्थान पर उपयोग के लिए वस्तुओं की उपलब्धता हेतु शासन ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं की निर्धारित मूल्य पर खरीददारी के लिए अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया।

विकास खंड तेजवापुर के ग्राम पंचायत गनियापुर में पिपरी मोहन, नौतला, नरहरगोड़ा,कटहा में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही एक करोड़ साठ लाख की लागत व तीन एकड़ से ज्यादा भूमि पर निर्मित होने वाले बेहटाभया में स्थित विधानसभा महसी के सबसे बड़े गौआश्रय स्थल का भूमिपूजन कर उद्घाटन किया। संबोधित करते हुए विधायक ने गौवंश से होने वाले फायदे के बारे में उपस्थित सभी को बताते हुए कहा कि आज गाय का दूध निकाल कर लोग अपनी गाय को छोड़ देते हैं और छुट्टा गौवंश का दोष लोग सरकार को देते हैं। कहा कि सरकार गौसंरक्षण व संवर्धन हेतु गौआश्रय स्थलों का निर्माण करा कर उसमें गौवंश संरक्षित कर रही है, बेरोजगार व भूमि हीन के रोजगार हेतु गौआश्रय स्थल से ली गई गाय के रखरखाव हेतु नौ सौ रुपए प्रति गाय सहयोग भी कर रही, गौमाता के मूत्र ,गोबर की उपयोगिता के बारे में बताते हुए गौ संरक्षण की सभी से अपील की। साथ ही समीप बने देवस्थान के लिए घाट निर्माण के साथ सड़क तथा विद्युत आपूर्ति का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जिला भाजपा प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, दिवाकर पाण्डेय,भाजयुमो महामंत्री अरुणेंद्र सिंह, सीडीओ राजेश उपाध्याय,खंड विकास अधिकारी तेजवापुर अनुष्का श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी महसी हेमंत कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, विद्याधर बाजपेई, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



दुकान का उद्घाटन करते समय पूजा करते विधायक। अमृत विचार

# अनियंत्रित बस खड्ड में गिरी, 4 यात्री हुए घायल



खाई में गिरी बस। अमृत विचार

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** गोंडा से सवारियों को लेकर बहराइच आ रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खड्ड में चली गई। जिसमें चार यात्री हल्का चोटहिल हुए हैं। सभी का प्राथमिक इलाज सीएचसी में हुआ है। गोंडा में स्थित रोडवेज बस अड्डे से सवारियों को लेकर परिवहन निगम की बस बहराइच के लिए रवाना हुई। बस गोंडा से करनैलगंज होते हुए हुजूरपुर और थाना क्षेत्र के भेड़ियारी पुल के पास पहुंची। तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और बस खड्ड में चली गई। हालांकि बस पलटी नहीं। जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रभारी निरीक्षक डीके शुक्ला ने बताया कि हादसे में तीन से चार यात्री हल्का रूप से घायल हुए थे। सभी को क्षेत्र के सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बस अनियंत्रित होने से खड्ड में चली गई। लेकिन चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बस में लगभग 40 सवारियां थीं। जिन्हें बाद में दूसरी बस से रोडवेज बस अड्डे भेजा गया। उधर बस के खड्ड में जाने से यात्रियों में अफरा तफरी रही।

## सार-संक्षेप

### निर्वाचक कमेटी ने कार्यकारणी की घोषित



नानपारा बस स्टैंड पर नव निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच,अमृत विचार :** शहर में प्राइवेट बस यूनियन के संघ का चुनाव हुआ था। इसके बाद कार्यकारणी घोषित कर जिम्मेदारी दी गई ।बहराइच नानपारा रूपईडीहा बस आप्रेटर्स यूनियन के चुनाव कमेटी अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मतीउल्ला खान का निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। गुरूवार को सम्पन्न हुए चुनाव में महामंत्री शहाब हुसैन जैदी , उपाध्यक्ष प्यारे मियां , कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान , सचिव रुपईडीहा ब्रजेश कुमार सिंह , सचिव कतर्निया रामायण सिंह , सचिव नबाबगंज नसरत अली , सचिव रामपुर शहनवाज़ अली , सचिव सिसैया सैय्यद अली महमूद हसन चुने गए है।

### वेद रूपी ज्ञान के प्रचार में दयानंद सरस्वती ने लगा दिया जीवन



आर्य समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को महर्षि दयानंद सरस्वती का बोधोत्सव कार्यक्रम मनाया गया आर्य समाज के लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को यज्ञ का आयोजन हुआ मा दयानंद सरस्वती के बोधोत्सव कार्यक्रम प्रायोजित यज्ञ में आर्य समाज के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य किरण यादव और कमल सिंह यजमान रहे आर्य समाज के प्रधान रामेंद्र देव सिंह ने ध्वजारोहण किया इसके बाद शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन : इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आर्य समाज के प्रधान रामेंद्र देव सिंह ने कहा कि आज ही के दिन महर्षि दयानंद सरस्वती को ज्ञान प्राप्त हुआ था इसीलिए आर्य समाज द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मनाया जाता है उन्होंने कहा कि दयानंद सरस्वती ने संपूर्ण जीवन वेद रूपी ज्ञान के प्रचार प्रसार अंधकार को हटाने समाज में व्याप्त अंधविश्वास को खत्म करने में लगा दिया। कार्यक्रम में केपी त्रिपाठी घनश्याम दास राठौर ने भी विचार व्यक्त किया। इस दौरान राम छबीले शुक्ला, फतेह बहादुर सिंह, घासीराम आर्य, लक्ष्मी मिश्रा, क्षमा पांडे, नजफ उस्मानी, रोमा तिवारी, कमलावती, सुषमा श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, अर्चना, पायल वर्मा, शकुंतला, प्रीति कौशल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला डॉक्टर की प्रताड़ना से परेशान युवक ने लगाया फंदा

**बहराइच**

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत बुबकापुर निवासी एक मेडिकल व्यवसाई ने बृहस्पतिवार को फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने रानीपुर क्षेत्र में संचालित एक पाली क्लीनिक की महिला डॉक्टर पर पहले प्रेम जाल में फंसाने और बाद में केस करने की धमकी देकर दो लाख रूपये मांगने की प्रताड़ना पर बेटे के आत्महत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



युवक की (फाइल फोटो)।

फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुबकापुर के मजरा कोडरी निवासी मयंकर यादव ने बृहस्पतिवार को पेड़ में रस्सी से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर पिता राजेंद्र प्रसाद यादव को चला तो वह आसपास के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि बेटा मयंकर रानीपुर थाना क्षेत्र के चलतुआ घाट में स्थित कमलेश के मकान में किराए पर मेडिकल स्टोर का संचालन करता था। उन्होंने कहा है कि इस दुकान में नीचे के बेसमेंट में गुडलक पाली क्लीनिक का संचालन एक महिला डॉक्टर करती है। उसने बेटे भयंकर को अपने प्रेम जाल में फसाया। इसके बाद दुष्कर्म के मामले में फसाने की धमकी देते हुए दो लाख रुपए की मांग की। बेटे ने पिता को पूरी बात बताई तो पिता ने दुकान बंद कर वापस आने की बात कही बृहस्पतिवार सुबह पुत्र दुकान खोलने गया तो महिला डॉक्टर ने पुनः धमकी देकर रुपए की मांग की इससे परेशान होकर बेटे ने बाग में फंदा लगाकर जान दे दी। इस मामले में फखरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक केएस पांडे ने बताया कि तहरीर मिली है। शुक्रवार को उप निरीक्षक को मौके पर भेज कर जांच कराया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध पर टूटा रेंजर का कहर, अस्पताल में भर्ती

**मिहीपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार :** वन रेंज धर्मापुर में एक वृद्ध ने रेंजर पर दबंगई करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि पुत्र के पुराने मामले को लेकर 50 हजार रुपये घूस न देने पर उसे वन विभाग के हवालात में बंद कर पीटा गया।

धर्मापुर वन रेंज के ग्राम धर्मापुर निवासी मलखे पुत्र सोहराब खान (69)ने बताया की बीते बुधवार को वह बहराइच किसी कार्यवश गया हुआ था। वापसी के वक्त रात 8बजे कतर्निया बस स्टैंड के पास से धर्मापुर रेंजर मोबीन आरिफ अपनी टीम के साथ जबरन किसी सूचना के अपनी गाड़ी में बैठा ले गये। रेंज कार्यालय पर ले जा कर पूरी रात मार पीट किया गया। गुरुवार सुबह परिजनों को सुचना मिली तो रेंज कार्यालय पहुंच कर मार पीट व उठा कर ले आने का कारण पूछा गया। जिसपर रेंजर आग बबूला हो कर परिजनों के सामने भी मारा पीटा। पीड़ित की मानें तो उसके पुत्र के खिलाफ वन अधिनियम का अभियोग पंजीकृत है। जिसके संबंध में रेंज अधिकारी मोबिन आरिफ उसके पुत्र को एक सप्ताह पूर्व गिरफ्तार करने के लिए गये थे। जिसको मौके पर न पाकर पुरे खानदान को देख लेने किया धमकि देते हुए वापस लौट आए थे। उसी के अनख में पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति को उठा कर बुरी तरह प्रताड़ित किया और जुर्माने के नाम पर 50000 रुपये रिश्वत की मांग की गयी। पीड़ित ने बताया किया मौके पर 5000 रुपये जुर्माना दिया है और बाकी के 45000 रुपये 11 मार्च को देने है नहीं तो रेंजर द्वारा पुनः उठा कर बंद करने किधमकी दी गयी है। फील- हाल परिजनों द्वारा एम्बुलेंस किया सहायता से पीड़ित को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।



सीएचसी में भर्ती वृद्ध ग्रामीण।

### करेंगे जांच

डीएफओ कतर्निया बी शिव शंकर से मामले के बारे में जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया की मामले की जानकारी नहीं है। जाँच की जाएगी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** | नारी स्वावलंबन, सशक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण पर दी जानकारी

# एसपी वृंदा शुक्ला बोलीं – महिलाएं बिना भय के आगे बढ़ाएं कदम

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। आगा खान फाउन्डेशन की ओर से रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक ने संबोधित किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगा खान फाउन्डेशन द्वारा हरियाली रिसार्ट में विशेष कार्यक्रम “मैं भी छू सकती हूं आकाश, बस मुझे भी है एक मौके की तलाश” का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला रहीं। सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य एवम् पदाधिकारियों और कार्यक्रम के आयोजक आगा खान फाउन्डेशन के पदाधिकारियों तथा कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को धन्यवाद दिया गया। इसके बाद उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि आज जिले में प्रशासन से लेकर पुलिस नगर की कमान महिला के हाथों में हैं। ऐसे में महिलाएं कदम बढ़ाएं, उनको हर सहयोग सरकार और पुलिस की ओर से मिलेगा। स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि आज महिलाएं सभी मामलों में आगे हैं। पुरुषों से कंधा मिलाकर काम करती हैं। एसपी ने महिला जागरूकता को लेकर समाज में प्रचलित कुरीतियों तथा उनकी वजह से महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, प्रताड़ना, शोषण तथा उत्पीड़न जैसे अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए नारी स्वावलंबन, सशक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया। इसके साथ ही किसी भी महिला के साथ होने वाले अपराध पर चुप रहकर प्रताड़ना सहने की बजाय आवाज उठाने के प्रति जागरूक किया। किसी महिला या बच्ची के साथ छेड़खानी, पीछा करने, टिप्पणी करने, मोबाइल पर कॉल करके या सोशल मीडिया पर परेशान करने तथा किसी के द्वारा ब्लैकमेल करने जैसे प्रकरणों को बिल्कुल भी न छिपाने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों तथा आगा खान फाउन्डेशन द्वारा जनपद की कुशल कार्यकारिणी तथा नारी सशक्तिकरण में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। शहर के बालिका विहान विद्यालय में छात्राओं को वार्डेन प्रिया प्रसाद ने महिला अधिकार के बारे में बताया। बच्चों ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और पेंटिंग बनाकर महिलाओं को नमन किया। बौंडी में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें नाबार्ड, स्वास्थ्य और अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।






बहराइच में एक रिसार्ट में महिला दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करतीं एसपी और विद्यालय में पेंटिंग बनाती छात्राएं।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# पौने दो किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच**

**अमृत विचार :** सीमा पर एसएसबी जवानों के साथ पुलिस टीम ने एक तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से पौने दो किलो चरस बरामद हुआ है। बरामद चरस को सीज कर तस्कर को जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 70 लाख बताई जा रही है।

रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस टीम आने जाने वाले लोगों की तलाशी ले रही थी। एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह की अगुवाई में निरीक्षक ऋतुराज, एचसी राजेश कुमार, इंद्र राज सिंह गुर्जर और अमित कुमार की टीम गुरुवार को भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 652/9 के पास एक तस्कर को पकड़ा। उसके पास से एक किलो 700 ग्राम चरस बरामद किया। बरामद चरस को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि नेपाल के जिला बांके जिला अंतर्गत रामपुर निवासी लाल बहादुर पुत्र पुष्कर बहादुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर किया गया है। एसएसबी कमांडेंट ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 70 लाख रुपये है।

# मेंहदी प्रतियोगिता में रोशनी को मिला प्रथम स्थान

**बहराइच**

**अमृत विचार:** शहर के बंजारी मोड़ स्थित जन शिक्षण संस्थान और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' कार्यकम का आयोजन हुआ। बैंक आफ बड़ौदा प्रबन्धक अभिषेक वर्मा विशिष्ट अतिथि चेयरमैन जन शिक्षण संस्थान केपी पाण्डेय, वरिष्ठ नन्द कुमार पाण्डेय, सजाजसेवी शैलेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण कर किया गया।

सर्वप्रथम संस्थान की 20 बालिकाओं के मध्य मेंहदी प्रतियोगिता कराई गयी, प्रतियोगिता में रोशनी को प्रथम, खुशनुमा को द्वितीय एवं शहाना को तृतीय स्थान



बालिका को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

प्राप्त हुआ उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बाकी 17 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के उपरान्त एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुरेश पाण्डेय ने बताया कि हर साल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की एक अलग-अलग थीम रखी जाती है। साल 2023 की थीम 'एम्ब्रेस इक्विटी' रखी गयी थी, जिसका अर्थ 'लैंगिक समानता पर ध्यान देना था। साल 2024 की थीम है 'इन्सपायर इनक्लूजन' का अर्थ है (एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले) के साथ मनाया जायेगा। चेयरमैन कालिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि आज से नहीं आदि काल से ही महिलाओं को प्रथम स्थान प्राप्त है। जैसे-लक्ष्मी-नारायण, गौरी शंकर, सीता-राम, राधा-कृष्ण आदि, लेकिन अभी लगभग कुछ शताब्दी पूर्व समाज में व्याप्त रूढिवादी विचारधारायें महिलाओं के विकास में बाधक बन रही थी जिससे विश्व समुदाय की महिलाओं ने अपने हक की लड़ाई लड़ना प्रारम्भ किया। मुख्य अतिथि अभिषेक वर्मा ने उपस्थित बालिकाओं से आवाहन किया कि आप सभी अपने मन-मस्तिष्क से डर व संकोच निकालकर अपने हक के लिए लड़ें और समाज में अपना सर्वोच्च स्थान स्थापित करें। सजासेवी शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यकम जैसे- महिला सशक्तीकरण, बेटी बचाओ बेटी पढाओं आदि कार्यकमों के द्वारा उनको सशक्त कर रही है। कार्यकम में जन शिक्षण संस्थान के कार्यकम अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव, शेषपाल मिश्र, सहा. कार्यकम अधिकारी नर्वदेश्वर नाथ शुक्ल, प्रतियोगिता परीक्षक श्रीमती पुनम श्रीवास्तव एवं वन्दना गुप्ता अनुदेशिका आसिया बेगम, श्वेता तिवारी, सीमा शर्मा सहित काफी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहीं।

## पुलिस की पकड़ से दूर है ठगी का आरोपी

**पयागपुर, बहराइच :** नगर पंचायत का जेई बनकर महिला से ठगी करने वाला ठग अभी तक पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। वही गरीब असहाय महिला का रो-रो कर बुरा हाल है। पयागपुर नगर पंचायत के रूकनापुर निवासी द्रौपती ने बताया कि आर्यावर्त बैंक भूपगंज बाजार से आवास का तीसरा किस्त निकलवा कर 10 दिन पूर्व नगर पंचायत पयागपुर का जेई बनकर 15,000 ठगी करने वाला युवक पुलिस के पकड़ से कोसों दूर है। जबकि घटना के 10 दिन बीतने को है। लेकिन अभी तक जाल साज करने वाला युवक पकड़ा नहीं जा सका है। महिला ने बताया कि मिले सरकारी प्रधानमंत्री आवास का प्लास्टर अधूरा रह गया घर में कमाई का कोई जरिया भी नहीं है। जिससे आवास का प्लास्टर कराया जा सके। जबकि ठगी करने वाले युवक सीसीटीवी फुटेज में कैद है फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। महिला ने पुलिस अधीक्षक बहराइच को शिकायती पत्र भेज कर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार कराए जाने की मांग की है।

# आग से 4 मकान हुए राख

## लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची दमकल


आग लगने से राख हुआ मकान। अमृत विचार

**हरदी, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत करेहना माधपुरवा गांव में शुक्रवार के ग्रामीण के मकान में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते तब तक लपटों ने तीन और मकान को आगोश में ले लिया। चार मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। नगदी समेत लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

महर्षि तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत का रहना के मजरा माधव पुरवा निवासी लालजी पुत्र झगरू के फूस मकान में शुक्रवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आज की लपेट देखकर परिवार के लोगों ने शोर मचाया आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक उठ रही तेज लपट ने पड़ोसी सुशील, अमरीश और राजाराम के मकान को भी आगोश में ले लिया। देखते ही देखते सभी फूस के मकान जलकर राख हो गए। लोगों ने आग लगने की सूचना तहसील के साथ दमकल विभाग को दी। लेकिन दमकल कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने घंटों कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग लगने से 30 हजार रुपए नकदी, कपड़ा, बर्तन, अनाज समेत अन्य सामान जल गया। आग लगने से दो लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आंकलन किया है।

## भाकियू की हुई मासिक पंचायत

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय नवाबगंज के मुख्यालय बाबागंज में भारतीय किसान यूनियन मासिक पंचायत हुई। ब्लॉक अध्यक्ष बलिराम वर्मा ने बताया कि बीडीओ नवाबगंज को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि छुट्टा व जंगली जानवरों के आतंक से किसानों की नष्ट हो रही फसल की व्यवस्था की जाए।

ब्लॉक में मौजूद राशन दुकानदार घटतौली कर रहे हैं। जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। विकास क्षेत्र में वृद्धा व विधवा पेंशन से जो लोग छूट गए हैं। सर्वे कराकर पेंशन दिलाई जाए। ब्लॉक में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को पीएम आवास दिलाई जाए। खराब पड़े नल क्षेत्र में ठीक कराई जाए। यदि एक सप्ताह में यह मांगे पूरी नही की गई तो भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देने के लिए बाध्य होगी।

# मोल्हू मामले में डीएम की सख्ती का असर, तीन पर केस दर्ज

**जरवल, बहराइच**

**एफआईआर में कई लोगों को बचाने का आरोप**
पीडित मोल्हू ने जांच रिपोर्ट के आधार पर दर्ज कराए गए एफआईआर में प्रशासन पर कई लोगों को बचाने का आरोप लगाया है। पीडित का कहना है कि असली गुनहगारों को जानबूझकर बचाया गया।

**अमृत विचार:** जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत घोषित कर जमीन हड़पने के मामले में डीएम की सख्ती पर तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया गया है। पीडित ने असली गुनहगारों को बचाने का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की बात कही है।

जरवल विकासखंड के ग्राम पंचायत गण्डारा के मजरा खालेपुरवा निवासी मोल्हू पुत्र बच्चू के नाम 0.1740 हेक्टेयर जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी । जमीन को हड़पने के लिए भूमाफियाओं ने कूटरचित अभिलेख तैयार कर मोल्हू को मृत दिखाकर 26 अगस्त 23 को तहसीलदार कोर्ट से मुन्नी पत्नी कुन्नू उर्फ श्याम लाल के नाम वरासत दर्ज करवाने का आदेश पारित करवा लिया था। जमीन की पैमाइश के दौरान मामले का खुलासा होने पर हडकंप मच गया था।तहसीलदार ने 30 जनवरी 24 को अपने 26 अगस्त के आदेश को निरस्त कर दिया था। डीएम ने मामले सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। डीएम मोनिका रानी की फटकार के बाद तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी तहसीलदार ब्रह्मा दीन यादव की रिपोर्ट पर कैसरगंज पुलिस ने श्रीमती मुन्नी ,माधवराज व स्वामीदयाल निवासी गण कटरा दक्षिणी जरवल के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोल्हू ने बताया कि प्रशासन ने असली गुनहगारों को बचाने का काम किया है।उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर न्याय की गुहार लगाएंगे।

## सार-संक्षेप

### बहराइच पहुंचा एक कंपनी जवानों का दल


गोरखपुर से आए जवानों के दल से मुलाकात करते सीओ। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में आसन्न लोक सभा चुनाव और त्योहारों की अति संवेदनशीलता को देखते हुए गृह मंत्रालय की ओर से एक कंपनी सशस्त्र सीमा बल के जवान भेजे गए हैं। सभी जवान नवीन थाने में रोके गए हैं। नेपाल सीमा से सटा बहराइच जनपद अति संवेदनशील है। जिसके चलते जिले में बड़ी घटनाएं भी कभी कभी हो जाती है। मार्च माह में होली और रमजान को लेकर प्रदेश सरकार काफी संवेदन शील है। सीमा सुरक्षा के लिए हजारों एसएसबी के जवान होने के बाद भी गृह मंत्रालय की ओर से जिले में एक कंपनी एसएसबी जवानों को भेजा गया है। इसमें निरीक्षक और सहायक निरीक्षक से लेकर जवान भी शामिल हैं। सभी जवानों को बहराइच नानपारा मार्ग के निकट बने रिसिया नवीन थाने में ठहराया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पयागपुर के सीओ हीरालाल कनौजिया ने थाने पहुंच कर जवानों के लिए उपलब्ध संसाधन की जांच की। सीओ ने बताया कि सभी जवान गोरखपुर से भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव और त्योहारों को देखते हुए सभी जवान आए हैं। यह सभी नानपारा और रिसिया क्षेत्र में पैदल मार्च करेंगे।

### जेब काट कर भाग रहे चोरों को पुलिस ने पकड़ा

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने जिला अस्पताल में जब काट कर पर्स लेकर जा रहे दो चोरों को गिरफ्तार किया है, यह दोनों बलरामपुर जनपद के निवासी हैं। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली नगर के जिला अस्पताल में जेब कतरों की संख्या काफी बढ़ गई है, पलक झपकते ही मरीज के जेब से पैसे और मोबाइल चोरी हो जाते हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन और पुलिस चौकी की पुलिस इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। हालांकि गुरुवार को सीओ सिटी राजीव सिसोदिया के निर्देशन में अस्पताल चौकी की पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह, सिपाही सुरेंद्र कुमार और संतोष यादव की टीम ने जिला अस्पताल से बलरामपुर जनपद के थाना ललिया अंतर्गत मथुरा बाजार निवासी अशोक कुमार मिश्रा पुत्र राजेश्वरी प्रसाद और मथुरा कला गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र राम छबीले को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध बलरामपुर जनपद में 11 मुकदमे दर्ज है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों शातिर चोर है।

### शिलान्यास कार्यक्रम कल

**उर्रा, बहराइच, अमृत विचार :** बलहा विधान सभा क्षेत्र में उर्रा मंडल में रविवार को दोपहर 12 बजे मधवापुर कुट्टी कन्या इंटर कालेज के पीछे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति स्थल पर हाल का शिलान्यास बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड द्वारा किया जायेगा। जिसमे मोतीलाल निषाद मंडल अध्यक्ष उर्रा, जगतजीत पाण्डे मंडल महामंत्री, अनूप सिंह आईटी संयोजक समेत अन्य लोग शामिल होंगे।

# सड़क हादसों में शिव भक्त समेत चार लोगों की मौत, सात लोग घायल

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के विभिन्न मार्गों पर सड़क हादसों तीन लोगों की मौत हो गई और सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं पड़ोसी जिले श्रावस्ती में भी सड़क हादसे में शिव भक्त की मौत हो गई।

प्राप्त सूचना के अनुसार शुक्रवार की सुबह देहात कोतवाली के चाकूजोत के कौशल विकास योजना के ट्रेनिंग कैंप से विभिन्न ट्रेडों के दो छात्र तेज प्रकाश (25) पुत्र कैलाश अपने साथी गिरधारी (20) पुत्र राधेश्याम निवासी मधनगरा रुपईडीहा के साथ शिवरात्रि पर्व पर अवकाश के चलते बाइक से अपने गांव जा रहे थे।

रास्ते में रुपईडीहा - नानपारा हाइवे के भोपतपुर के पास पीछे से जा रही दूसरी बाइक ने ओवरटेक किया और अचानक ब्रेक मारी तो तेज प्रकाश की बाइक टकराकर पलट गई। इस बीच अज्ञात वाहन निकला और तेजराम को रौंदते निकल गई। हादसे में रामतेज की मौत हो गई और गम्भीर रूप से घायल गिरधारी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहीं शुक्रवार की सुबह नानपारा-लखीमपुर हाइवे के जालिमनगर पुल के निकट तेज रफ्तार दो बाइकों की सीधी भिड़न्त में एक बाइक सवार मोतीपुर थाने के भोलापुरवा निवासी कमला प्रसाद (45) पुत्र राम मनोहर की मौत हो गई और दूसरी बाइक पर सवार झब्बू (45) पुत्र जुध्धी व उनका पुत्र अवधेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। पिता - पुत्र को उपचार हेतु मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

गुरुवार की देर शाम कैसरगंज थाने के मंझारा तौकली में घर के बाहर चारपाई पर सोये हंसराम (80) पुत्र हिमाचल को गांव से जा रही बारात के चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गम्भीर हालत में बृद्ध को मेडिकल कालेज लाया गया , जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर , शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाने के रसूलपुर निवासी रामसागर पुत्र बाँठें भंगहा बाजार के शिवालय में जलाभिषेक करने निकला , रास्ते मे तेज रफ्तार बाइक ने युवक को टक्कर मार दी। गम्भीर हालत में युवक को मेडिकल कालेज लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नेपाली शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच:** एसएसबी और पुलिस के जवान सीमा पर शुक्रवार को गश्त कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस और एसएसबी टीम ने सीमा से धर्मराज शर्मा पुत्र नरेश शर्मा निवासी लक्ष्मणपुर सलारपुर थाना रूपईडीहा को 95 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ा। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# हर-हर बमबम के जयकारों से गूंजे शिवालय

**श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** जिले में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। चारो तरफ ॐ नमः शिवाय, हरहर बमबम के सुर ही सुनाई दे रहे थे।

सिरसिया स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर बाबा विभूति नाथ में हजारों की संख्या में लोगों ने जलाभिषेक किया। अक्षत, पुष्प, बेर गन्ना, गंगा जल, दूध, पंचामृत, शहद, फल व मिठाई से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। पंडित के सी पाठक ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव व माता सती के मिलन का पर्व है।


मंदिर में जलाभिषेक करतीं श्रद्धालु। अमृत विचार

आज के ही दिन भगवान शिव का विवाह माता पार्वती से हुआ था। जिसके उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। आज के दिन जो भी व्यक्ति भगवान शिव की उपासना करता है व रात्रि जागरण करता है उसकी सारी मनोकामना की पूर्ति हो जाती है। जगह-जगह शिव बारात निकाल कर लोगों ने महाशिवरात्रि पर्व मनाया। इस दौरान जिले में पुलिस व प्रशासन के कर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे। जिससे महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से लोगों ने मनाया।

# गोष्ठी में ग्राहकों को दी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इण्डियन बैंक, कटरा श्रावस्ती की शाखा में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इण्डियन बैंक, अंचल कार्यालय के उप महाप्रबंधक रविन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राहक गोष्ठी का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बैंकिंग सुविधाओं संबंधी जानकारी प्रदान कराना है। इंडियन बैंक कम ब्याज दरों पर गृह ऋण, शिक्षा ऋण, कार लोन उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों को केसीसी ऋण भी उपलब्ध करा रहा है। साथ ही सभी प्रकार की योजनाओं व सरकार प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत एक जनपद एक उत्पाद, मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, पशुपालन व मत्स्य पालन हेतु सभी प्रकार के ऋण कम ब्याज दरों पर उपलब्ध करा रही है। जिसमें इच्छुक ग्राहक आसानी से ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते है। शिक्षा ऋण लेना अब और भी आसान हो गया, जिसमें सर्वप्रथम विद्या लक्ष्मी पोर्टल पर अग्रिम शिक्षा प्राप्त करने हेतु समस्त दस्तावेज अपलोड कर अपने नजदिकी शाखा से शिक्षा ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। एनआरएलएम के अन्तर्गत समूहों की महिलाएं भी आसानी से ऋण प्राप्त कर रही है। इसी के साथ सभी ग्राहकों से उनके सुझाव लिए गए व उनकी बैंक संबंधित शिकायतो का तत्काल निराकरण किया गया। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक सुभाष मित्रा, मुख्य प्रबंधक अतिश कुमार श्रीवास्तव सहित अंचल कार्यालय के अधिकारी व शाखा प्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य, महामाया इंटर कॉलेज राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रदीप बौद्ध, कृष्ण नारायण मिश्र एव महेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डिजिटलाइजेशन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद-श्रावस्ती द्वारा डिजिटलाइजेशन के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री उप्र सरकार एवं बेसिक शिक्षा मंत्री उप्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनपद के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों शिक्षक/शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग लिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्र, जिला मंत्री रमेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता संदीप कुमार मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष


डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षको ने सौंपा ज्ञापन। अमृत विचार

इकौना लक्ष्मी निवास शुक्ल, ब्लॉक अध्यक्ष जमुनहा बृजेश कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सिरसिया आत्माराम वर्मा, जिला संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप मिश्र, ब्लॉक मंत्री इकौना मनोज कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष इकौना दिलीप कुमार सिंह, हाकिम सिंह, सन्दीप सक्सेना, अरविंद कुमार, जयशंकर यादव, हरिनंदन वर्मा, हेमेंद्र कुमार निषाद, राजू पटवा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

**व्यवस्था** जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन तैयारियों के संबंध में की बैठक, बोले-

# मतदाताओं की जागरूकता के लिए पढ़कर सुनाएं मतदाता सूची

**श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने कैम्प कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बिंदुवार कार्यो की गहन समीक्षा की और निर्देशित किया कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपा गया है, उसका समय से सम्पादन कर लोकसभा निर्वाचन को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करायें।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आदर्श आचार


कैम्प कार्यालय में बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

संहिता, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग कमेटी/सोशल मीडिया एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने प्रकोष्ठ से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण कराने हेतु आवश्यकतानुसार अल्पतम संख्या में अपने अधीनस्थ विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का सहयोग लेकर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरते। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों के कैलेण्डरवार मार्च के द्वितीय सप्ताह में 'मैं हूँ ना' के अन्तर्गत 9 तथा 10 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ मतदाताओं की जागरूकता के लिए मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे। जिससे कि जिन व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वो अपना ससमय पंजीकरण करा लें। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि मतदाता सूची पढ़े जाने का व्यापक प्रचार प्रसार ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पूर्व से ही किया जाए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मरीजों को बेहतर सुविधाएं दें डॉक्टर : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय मिशन के तहत संचालित गतिविधियों जैसे- जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आदि की समीक्षा की गई है। कर्मचारियों के भुगतान समय से कराने के कड़े निर्देश दिए गए। सभी एमओआईसी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संचालित सभी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। एमओआईसी सहित सभी चिकित्सकों को समय से चिकित्सालय में बैठने को निर्देशित किया। निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वैक्सीनेशन समय से कराया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त एमओआईसी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## नए मतदान केंद्रों का हो प्रचार-प्रसार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सेक्टर ऑफिसर यह सुनिश्चित करें कि नए मतदान केंद्रों का अधिसूचना के बाद उनका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी, अकबरपुर, निर्वाचन क्षेत्र में लगाए गए सेक्टर ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मतदाताओं के लिए मैं हूं न कार्यक्रम होगा आयोजित

सुलतानपुर, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर निर्वाचन आयोग गंभीर है। जिसके चलते मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। इसी क्रम में शनिवार व रविवार को बूथ स्तर पर मैं हू न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है वह अपना पंजीकरण करा ले। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने के लिए निर्देशित किया है।

### सहायक डाक अधीक्षक ने डाकघर का किया निरीक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचार। शुक्रवार को सहायक डाक अधीक्षक दक्षिणी सुलतानपुर ज्ञानेन्द्र कुमार डाक सर्वेक्षक अनिल कुमार तिवारी ने डाकघर शाखा गोराबारिक का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान डाकघर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 5 महिला सम्मान खाता, 5 सुकन्या समृद्धि खाता खोला गया था। पीएम मुफ्त सूर्यघर बिजली योजना के तहत अब्बातिद 79 घरों का सर्वे भी किया गया। डाक अधीक्षक दक्षिणी ने पोस्टमास्टर सुमन सिंह, सहायक पोस्टमास्टर शिवम शुक्ला की सराहना की।

### गायब किशोरी, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी 5 मार्च को अपने घर से कादीपुर बाजार आई थी। शाम 5 बजे तक जब वह अपने घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कहीं पर पता न लगने पर पिता ने कोतवाली में सूचना दी। पिता का आरोप है कि अज्ञात नंबरों से उनकी मोबाइल पर धमकी भरा फोन आ रहा है कि यदि पुलिस को मामले की सूचना दी। तो आप एवं आपकी बेटी के साथ किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया अभियान

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार: भाजपा नेता व बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में बल्दीराय मंडल के गोविंदपुर गांव के रामनगर बूथ में जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वित लोगों के घर-घर जाकर संपर्क किया गया। इस मौके पर बल्दीराय मंडल महामंत्री दिलीप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाथ दुबे, बूथ अध्यक्ष अर्पित शुक्ला, हर्षित शुक्ला, शिवम सिंह, मंडल अध्यक्ष फैयाज अहमद, ममता मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### मृत महिला के मामले में चालक पर मुकदमा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: लखनऊ बलिया राजमार्ग पर स्कॉर्पियो की टक्कर से मृत प्रियंका के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बजरंग नगर के पास तेज रफ्तार से जा रही स्कार्पियो ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी की गोद में बैठा छह माह का मासूम संस्कार बाल-बाल बच गया था। मामले में मृतका के पिता बलराम की दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चार वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

गोसाईंगंज, सुलतानपुर। गोसाईंगंज पुलिस ने वर्ष 2020 में बंधुआ कला कुड़वार निवासीगण राजेश जमादार, रविन्द्र कुमार और उपरपुर धम्मौर निवासीगण पवन, लल्लूपाल और जयसिंहपाल के ऊपर आयुध अधिनियम, धोखाधड़ी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस राजेश, रविन्द्र, पवन व लल्लू पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि जयसिंहपाल चार वर्षों से फरार चल रहा था। शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे टांटियानगर चौकी इंचार्ज गुलाबचन्द पाल ने हमराही हेड कांस्टेबल बासुदेव यादव, महिला कांस्टेबल आकांक्षा के साथ जयसिंहपाल को महेशगंज नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### नौ व 11 मार्च को होगा स्मार्टफोन वितरण

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार व सोमवार को स्मार्टफोन का वितरण होगा। नोडल प्रभारी सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस महाविद्यालय में कुल 968 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किया जाना है। शनिवार को बीएससी के 89 व बीकाम के 133 विद्यार्थियों को तथा सोमवार को बीए के 648 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिये जायेंगे।


जयसिंहपुर कस्बे के शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते भक्त।


बेलवाई धाम अखंडनगर में स्थित सरोवर में पूजन के पहले श्रद्धालुओं ने धोया हाथ पैर।


शहर के पारिजात धाम पर शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध शिव भक्त।

# हर हर-बम बम के नारों से गुंजायमान रहे जिलों के शिवालय

## महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़े शिव भक्त, शिवधाम बेलवाई, पारिजात धाम, बाबा जनवारी नाथ समेत अन्य शिवालयों में देर शाम तक रही भीड़

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले भर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व की धूम रही। शहर में स्थित शिवालयों में ओम नमः शिवाय के अखंड पाठ का आयोजन किया गया। पूरा शहर घंटा-घड़ियालों की धुन से गुंजता रहा। ग्रामीणांचल के शिवालयों पर भी भोर से शुरू हुआ पूजा-पाठ का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। आस्था व विश्वास के साथ भक्तों ने भगवान शिव को जलाभिषेक किया। शिवालयों में महिलाओं व युवतियों की संख्या अधिक दिखी।

महाशिवरात्रि का पर्व जिले में पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार की सुबह से ही शिवालयों व मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो देर शाम तक चला। शहर में सीताकुंड घाट के पास स्थित पारिजात वृक्ष, आदि गंगा गोमती घाट स्थित सीताकुंड धाम, वेदांती आश्रम, अन्नपूर्णा मंदिर, शाहगंज स्थित नागेश्वरनाथ धाम मंदिर, रामलीला मैदान स्थित शिवमंदिर, स्टेशन रोड स्थित नयना देवी मंदिर, विनोबापुरी के महाकालेश्वर मंदिर, नयानगर स्थित शिवमंदिर, चौक स्थित हनुमानगढ़ी व रुद्रनगर स्थित हनुमान मंदिर समेत विभिन्न शिव मंदिरों पर रुद्रभिषेक के लिए शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

**बड़ी संख्या शिव भक्तों ने रखा व्रत :** महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखा तो युवतियों ने अच्छे वर की कामना के साथ निर्जल व्रत रखा। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, जल, पुष्प, बेलपत्र चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद युवतियों ने सेल्फी ली।


शिव बरात में नाचते गाते लोग। अमृत विचार


सूरापुर में बरात में तांडव करता कलाकार।


शिव बरात में झांकी देखने के लिए उमड़े लोग। अमृत विचार

### घोड़ा, ऊंट के साथ झूमते हुए निकले बाराती

**सूरापुर :** पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर भवानीपुर में शिव बरात में घोड़ा व ऊंट के साथ अलमस्त बराती झूमकर नाचते हुए निकले। कलाकारों ने शिव तांडव, शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण का जीवंत मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर से भव्य बरात निकली तो बाजार से सड़कों तक रेला उमड़ पड़ा। घरों की छतों से महिलाओं ने फूलों की बरसात के साथ घरों से निकल कर शिव भगवान की आरती उतारी। व्यवसायियों की तरफ से जगह- जगह बरातियों के लिए फलाहार, जलपान व प्रसाद वितरण किया गया। दूर-दूर से आकर शामिल बरातियों ने मुड़िला रोड पर पंकज गुप्ता देवी प्रसाद, बिजेथुआ रोड पर सांवले गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रवीण गुप्ता मोटू, राजेश गुप्ता, गुड्डू सोनी, रवि अग्रहरि, अभिषेक मोदनवाल व डा. प्रकाश त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, दिलीप मोदनवाल, अजय साहू, शाहगंज रोड पर प्रदीप अग्रहरि, अतुल अग्रहरि, सनोज अग्रहरि, व कादीपुर रोड पर श्रीचंद मोदनवाल आदि ने स्वागत किया। शिव बरात की व्यवस्था में भवानीपुर प्रधान पति प्रेम प्रकाश जायसवाल, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह, बब्लू बरनवाल नन्दी, सुरेश गुप्ता, सुधीर बरनवाल, गौरव मोदनवाल सोनू, अयोध्या सोनी, मनोज बरनवाल आदि लगे रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने पदाधिकारियों के साथ स्वागत में लगे व्यापारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### इसौली से गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बा स्थित श्रीघंटेश्वर मंदिर से शिव बरात निकाली गई। इसमें भगवान शिव, माता पार्वती की दिव्य झांकी निकाली गई। यह बारात रामलीला मैदान होते हुए गांव की गलियों से गुजरती हुई इसौली पुल पर पहुंची जहा लोगो ने फूल मालाओं से स्वागत किया। यहां से यह यात्रा पुनरू मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था में लगा रहा। इस दौरान शुभम श्रीवास्तव, प्रशांत मिश्रा, रिंकू अग्रहरि, राधेश्याम, शिवाकांत, आलोक श्रीवास्तव, गौरीशंकर, शिव शंकर सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की स्थापना, हुआ पूजन-अर्चन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दीवानी परिसर के मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर एडवोकेट डीएलसी अंजली के परिजनों ने शिवलिंग की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। शिवलिंग शिव के आध्यात्मिक शक्ति को प्रतिनिधित्व करती है। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग की स्थापना करने का मान्यता माना जाता है, क्योंकि यह उनकी प्रसन्नता और आशीर्वाद को प्राप्त करने का एक अद्वितीय अवसर है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविन्द पाण्डेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, पंकज पांडेय, अरुण पांडेय, आनंद पांडेय, एडीजीसी रमेश चंद्र सिंह, अशोक शुक्ल, निधि सिंह, ऋषिकांत त्रिपाठी, पूर्व एडीजीसी एमपी त्रिपाठी, सुरेश मिश्र, संजय सिंह, शेष नारायन, महेंद्र यादव आदि रहे।

### जनवारीनाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु

**लंभुआ :** जिले के प्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर भोर में चार बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। बाबा जनवारीनाथ धाम सेवा संस्थान के वालंटियर व पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन में सहयोग किया।

### बाबा जंगली नाथन धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**बल्दीराय :** तहसील क्षेत्र के वलीपुर बाजार स्थित बाबा जंगली नाथन धाम पर भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह चार बजे से ही भक्तों की लाइन लगी रही। यहां हिंदू और मुसलमान दोनों वर्गों के लोग शिव मंदिर पर अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं।

### बेलवाई धाम पर पहुंचे हजारों शिवभक्त

**अखंडनगर :** विकास खंड के बेलवाई शिव धाम में रात एक बजे से ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। कई जिलों से श्रद्धालु यहां पहुंचे। वहीं, गौरी शंकर मंदिर कल्याणपुर में सुबह 4 बजे से शिव भक्तों की लाइन लग गई।

### जयसिंहपुर के शिवालयों पर गूंजे बम बम भोले

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर कस्बा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह ही ही जलाभिषेक की धूम रही। यहां पर शाम को भोले बाबा की बारात निकाली गई। देर शाम तक यहां हजारों लोगों ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सतर्क रही।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, एक घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी संतोष कुमार (30) पुत्र राम दुलार, टांडा थाने के जमालपुर गांव निवासी राम तीरथ प्रजापति (55) पुत्र रामफेर के साथ बाइक से कैटरिंग का काम करने गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौट रहा था।


बिरसिंहपुर दोस्तपुर मार्ग पर गोशैसिंहपुर बाजार में वंशराजी इंटर कालेज के पास पहुंचा था कि अचानक किसी वाहन ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। राम तीरथ भी सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। सूचना पर दोस्तपुर थाने में तैनात दरोगा राम चन्दर कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संतोष के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया। घायल राम तीरथ को दोस्तपुर सीएचसी ले जाया गया। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, अखंडनगर थाना क्षेत्र के उमरी गांव में खेत जा रहे श्रीपाल सिंह (65) पुत्र रामभरोस सिंह खेती के काम से निकले थे। रास्ते में उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। श्रीपाल सिंह ट्रैक्टर के नीचे दब गए। गांव के लोगों ने ट्रैक्टर को सीधा करके श्रीपाल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंड नगर ले गए। वहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दिनदहाड़े हो रहा अवैध बालू मिट्टी खनन

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र में गोमती नदी से अवैध बालू खनन व हलियापुर कस्बे में थाना से लगभग 500 मीटर दूरी पर पोकलेन मशीन से मिट्टी का खनन चल रहा है। सूचना पर गुरुवार देर शाम सीओ बल्दीराय ने मौके का निरीक्षण किया था, तब वैध कागजात वाले मिले लेकिन अवैध वाले भाग लिए।

गुरुवार शाम लगभग साढ़े सात बजे सीओ बल्दीराय सौरभ सामंत को पता चला कि हलियापुर कस्बे में अवैध मिट्टी खनन हो रहा है। वह खुद मौके पर पहुंचे, तब सड़क के किनारे एक दूसरी जेसीबी से मिट्टी का खनन चलता पाया गया। जांच पर वहां खनन कर रहे लोगों के पास परमीशन के साथ रायल्टी जमा पाई गई। जबकि, वहीं से महज लगभग 400 मीटर की दूरी पर चल रही पोकलेन मशीन रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए खनन बंद कर भाग खड़ी हुई।


बल्दीराय क्षेत्र में पोकलेन मशीन से की जा रही मिट्टी की खुदाई।

शुक्रवार को बेधड़क सुबह 10 बजे ही दिन दहाड़े पोकलेन मशीन ने फिर से मिट्टी खनन शुरू कर दिया। जब मौके पर मीडियाकर्मियों ने पहुंच कर जानकारी ली तब जमीन मालिक अब्दुल वाहिद मौजूद नहीं थे। जानकारी करने पर पता चला कि पोकलेन मशीन व डंपर इफको कंपनी का है। मौके पर पहुंचे एक कंपनी के कर्मचारियों से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि कंपनी ने एक मीटर गहरी खुदाई की परमीशन खनन विभाग से ली है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों से हमने कहा था कि खनन का परमिशन ले लो, तब खुदाई करो। मेरे द्वारा मना किया गया है। इसके बावजूद यदि खनन किया जा रहा है तो तत्काल खनन रुकवाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आज के दिन अमेरिका से शुरू हुआ था अधिकारों की लड़ाई

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को तुराबखानी स्थित आनंद भवन वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान व अपर जनपद न्यायधीश अभिषेक सिन्हा के निर्देशन में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में मध्यस्थ हरीराम सरोज ने कहा कि पूरे विश्व में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसकी सबसे खास वजह है कि इस दिन अमेरिका में महिलाओं ने अपने अधिकार के लिए लड़ाई शुरू की। इसके बाद सोशलिस्ट पार्टी द्वारा इस दिन को महिला दिवस के रूप में मनाए जाने का एलान किया गया। इसके बाद यूरोप में भी 8 मार्च 1908 को प्रथम बार महिलाओं द्वारा रैलियां निकाली गई तथा 1910 में क्लारा जेटविन नाम की एक महिला ने महिला दिवस की बुनियाद डाली। 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में मनाए जाने की मुहर लगी। कार्यक्रम को पैरालीगल वालेंटियर सतीश पांडेय व योगेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम के प्रबंधक श्रवण कुमार शर्मा, पीएलबी रवि शंकर यादव आदि रहे।

**मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद

**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।**

**मो0 नं0 7311115152, 8601042694** अध्यक्ष – मुईद अहमद

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गुरेगांव में श्रीमद्भागवत कथा के पहले शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रख महिलाओं ने काली मां धाम, बनशक्ति धाम व मां दुर्गा मंदिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। भागवत कथा के पहले दिन अयोध्या धाम से पधारे गोरखानंद जी महाराज के नारद मुनि के चरित्र का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य को उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है जो जैसा कर्म करेगा भगवान उसको वैसा ही फल देते हैं। हम इसका चिंतन मनन और ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। मुख्य यजमान सपत्नीक प्रभु दयाल विश्वकर्मा ने व्यासपीठ की आरती उतारी। मौके पर ललित राम, ऋषभ तन्नू, सुमन, मनु, आरुषि, नारायण सिंह, बाबूराम यादव आदि रहे।


जयसिंहपुर के गुरेगांव में निकाली गई मंगल कलश यात्रा।

### मेहंदी प्रतियोगिता के बाद महिलाओं का सम्मान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को कटका क्लब सामाजिक संस्था के महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी ए के शिक्षा निकेतन में आयोजित हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सुलतानपुर विधायक की पत्नी आशा सिंह तो कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की महिला उपाध्यक्ष मालती सिंह ने किया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपना हुनर दिखाया। वही, आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिमा ने प्रथम तो अल्फीसा दूसरा, आस्था ने तीसरा स्थान हासिल किया। आशा सिंह ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अनूप संडा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी। कटका क्लब की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नफीसा खातून ने कहा कि हर शक्ति क्षेत्र में बेटियां आगे है। कार्यक्रम का संचालन राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका कांति सिंह ने किया। कार्यक्रम में 15 महिलाओ को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि महिलाओं का लिए अवसर की समानता के अभियान से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य निखलेश सरोज, गोल्ड मेडलिस्ट अमीना बानो, शिक्षक सर्वेश कांत वर्मा, शीतला प्रसाद, आरती, वीर विक्रम सिंह, बृजेंद्र, उषा आदि लोग रहे।

**महिला दिवस** इंस्पायर इंक्लूजन से हम एक बेहतर दुनिया बना सकते हैं : डा . संतोष अंश

# महिलाओं को समाज में बराबरी का है यह दिन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया। विद्यार्थी संगोष्ठी का विषय इस वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'महिलाओं में निवेशः प्रगति में तेजी लाने की' पर रखा गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने कहा कि यह दिन महिलाओं को समाज में बराबरी और लोगों को उनके अधिकारों को लेकर जागरूक करने के मकसद से मनाया जाता है।

**महिलाओं के सम्मान व उनके अधिकारों के लिए मनाया जाता है महिला दिवस : प्रो. शांति**

असिस्टेंट प्रोफेसर शांति लता कुमारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए मनाया जाता है। आज महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता, ताकत और चमक से दुनिया के कैनवास को रंग दिया है। डॉ. संतोष कुमार सिंह अंश ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव महिलाओं में निवेश प्रगति में तेजी लाने की थीम पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके, हम समाज में बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के लिए अभियान का विषय इंस्पायर इंक्लूजन है। इसका उद्देश्य दूसरों को महिलाओं के समावेशन को समझने और महत्व देने के लिए प्रेरित करना है ताकि हम एक बेहतर दुनिया बना सकें। संगोष्ठी में बीएड प्रथम वर्ष से अंशिका सक्सेना, सौरभ कुमार निषाद, राम प्रवेश कौशल, अंकुर मिश्रा, विवेक कुमार निषाद, कीर्ति गुप्ता, शाकिब खान, आंचल मिश्रा, रश्मि यादव आदि रहे।

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट में दो लोगों को चोटे आई। पुलिस ने पीड़ित पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। बृहस्पतिवार की देर शाम कोतवाली के कादीपुर खुर्द गांव के अवधेश शुक्ल का कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में आवास है। आरोप है कि विपक्षीगण किसी बात को लेकर उनके आवास पर पहुंचकर शटर को पीट रहे थे। मना करने पर पीटने लगे जिससे अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राम केवल, ईश्वर चंद, रामानुज, बिंजू, कन्हैया सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना चंदौली गांव की है आरोप है कि ऋषभ सिंह के दरवाजे पर कुछ लोग और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शिव प्रकाश, पंकज, अंकित उर्फ लाला, मनीराम, आशीष तिवारी, निखिल, अंकित पता अज्ञात एवं चार अन्य अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकासखंड मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–09.03.2024 से 15.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–15.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | पीच रोड से अजय के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 3,01,700 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री । | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर
ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– शाहपुर लपटा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मैनेपारा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैनेपारा, विकासखंड मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–09.03.2024 से 15.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मैनेपारा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–15.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | नन्हकऊ के घर से राम चंदर, हरिओम के घर तक मिट्टी व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 9,36,815.23 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री । | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0– मैनेपारा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर
ग्राम पंचायत सचिव, ग्रा0पं0– मैनेपारा, वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद–सुल्तानपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

इन्द्रियैरिन्द्रियार्थेषु वर्तमानैरनिग्रहैः।
तैरयं ताप्यते लोको नक्षत्राणि ग्रहैरिव॥

इंद्रियां यदि वश में न हो तो ये विषय-भोगों में लिप्त हो जाती हैं। उससे मनुष्य उसी प्रकार तुच्छ हो जाता है,जैसे सूर्य के आगे सभी ग्रह।

## संपादकीय

# भारत पर भरोसा

आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में ग्लोबल साउथ के उदय ने पारंपरिक शक्ति की गतिशीलता को चुनौती दी है और बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। आमतौर पर ग्लोबल नार्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। टोक्यो में भारत-जापान साझेदारी पर 'निक्कई फोरम' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आजादी मिलने के तुरंत बाद हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई। आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है,लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें,परंतु अब परिस्थितियां बदली हैं।

ग्लोबल साउथ में हाल के दशकों में धन और राजनीतिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। ग्लोबल साउथ के राजनेता तेजी से वैश्विक मामलों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यानी ग्लोबल साउथ ने स्वयं को मजबूत करना जारी रखा है,यह भू-राजनीति को नया आकार देता है, एक नए युग की शुरुआत करता है। अनुमानों से संकेत मिलता है कि वर्ष 2030 तक चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से तीन ग्लोबल साउथ की होंगी। गौरतलब है कि ग्लोबल साउथ का प्रभाव ग्लोबल नॉर्थ के ऐतिहासिक प्रभुत्व को चुनौती देता है। ये बदलाव विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ की बढ़ती मुखरता और प्रभाव को दर्शाते हैं। इसमें भारत का अपना सामरिक महत्व है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य पदार्थों,उर्वरकों की कीमतें बढ़ गई हैं और श्रीलंका जैसे देश में इतना बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। श्रीलंका को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पैकेज काफी देर बाद मिला जबकि भारत ने कुछ सप्ताह के भीतर एक पैकेज दिया। आईएमएफ का पैकेज तीन अरब डॉलर का था,जबकि हमने श्रीलंका को आईएमएफ के मुकाबले 50 फीसदी अधिक पैकेज दिया। उल्लेखनीय है कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अपने दायित्व को समझता है और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेता है। महत्वपूर्ण है कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। जबकि चीन उनकी चिंताओं पर ध्यान तक नहीं देता। ग्लोबल साउथ की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और भारत ग्लोबल साउथ में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है।

# अब अपना हक मांगती आधी दुनिया



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं।

अभी यह कहना तो जल्दबाजी ही होगी कि आधी दुनिया को उनके सारे कानूनी हक भारतीय समाज ने दे दिए हैं,पर इतना कहना ही होगा कि अब औरतें अपने वाजिब हकों को हासिल करने के लिए घरों से निकल रही हैं। वह अपने घरों के अंदर या दफ्तरों में होने वाले अन्याय को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। बेशक यह बदलते हुए भारत का एक रोशन चेहरा है। यह एक तरह से उम्मीद जगाता है कि आधी दुनिया अब अन्याय और अत्याचार सहने के लिए तैयार नहीं हैं।

राजधानी दिल्ली के बहुत से मेहनतकश लोगों के इलाकों में उत्तर प्रदेश,बिहार,झारखंड,बंगाल, उड़ीसा के लाखों लोग रहते हैं। इन प्रवासी परिवारों की महिलाएं अब अपने घरों में होने वाले घरेलू उत्पीड़न और अपने कार्य स्थलों में होने वाले शोषण के खिलाफ महिला पंचायतों में जाकर शिकायतें करने लगी हैं। ये सब यहां की काउंसलरों से सलाह लेने आती हैं कि किस तरह से इन्हें न्याय मिल सकता है। राजधानी के न्यू सीमापुरी की महिला पंचायत के प्रभारी फादर जॉर्ज बताते हैं कि महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। इस महिला पंचायत को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही करीब 140 साल पहले दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज खोला था और अब यह सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोल रहा है।

उस दिन महिला पंचायत के दफ्तर के अंदर करीब 30 महिलाएं एक फर्श पर बैठी थीं। इसकी दीवारें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पोस्टरों से अटी हुई हैं। परेशान और पस्त दिख रही 38 वर्षीय माधुरी एक फोल्डर में कुछ कागजात के साथ वहां मिलती हैं। अपने पति के जुल्मों-सितम से टूटी हुई माधुरी यहां अपनी सास के साथ अपने पति से तलाक लेने का तरीका पूछने आई है। उसे संतोष है कि न्याय की लड़ाई में उसे अपनी सास का सपोर्ट मिल रहा है। दो बच्चों की मां,माधुरी कहती हैं," मेरी सास ने भी मेरे साथ होने वाले अत्याचारों को देखा है।" जैसे-जैसे वह अपनी सिसकती कहानी सुना रही थी,उसकी आंखें नम होती जा रही थीं। पर वह अब अपने शराबी पति के साथ और रहने के लिए तैयार नहीं है। माधुरी राजधानी के एक औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वह 18 हजार रुपये महीने कमाती है। उसे यह भी संतोष है कि उसके दोनों बच्चे स्कूल जाते हैं। महिला पंचायत में आने वाली औरतों को उनके अधिकारों से अवगत भी करवाया जाता है। जैसे कि भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार किसी महिला आरोपी को शाम 6 बजे के बाद या सूर्योदय यानी सुबह 6 बजे से पहले गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। धारा 160 के अनुसार अगर किसी महिला से पूछताछ भी करनी है तो उसके लिए एक महिला कांस्टेबल या उस महिला के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी होना जरूरी है।

किरण राजधानी की इस पहली महिला पंचायत में काउंसलर है। वह बताती है 'महिला पंचायत में आने वाली महिलाओं को बताया जाता है कि उनके पास क्या-क्या कानूनी अधिकार हैं और हम कैसे काउंसलिंग,पुलिस और अदालतों के माध्यम से उनकी मदद कर सकते हैं। " झारखंड की मूल निवासी रानी कुछ घरों में खाना पकाकर हर महीने करीब 20 हजार रुपये कमा लेती हैं। वह महिला पंचायत में इसलिए आई हैं,क्योंकि उसके इलाके का एक अवारा लड़का पिछले कई महीनों से उसका पीछा कर रहा है। रानी कहती है- "मैं जब अपने काम के लिए घर से बाहर निकलती हूं तो वह अपने स्कूटर से मेरा पीछा करता है। वह मुझसे शादी करने के लिए कहता है। मैं इस पागल आदमी से बहुत परेशान हूं। मेरे बार-बार डांटने के बावजूद भी वह नहीं बदल रहा है।" फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि घनी और स्लम इलाकों में बहुत सारी महिलाओं को उन सिरफिरों से भी जूझना पड़ता है,जो उनके पीछे पड़ जाते हैं। वे औरतों को लगातार फोन करते हैं और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इस कारण महिलाएं बुरी तरह से भयभीत हो जाती हैं। इस तरह की महिलाओं के लिए हम पुलिस से मदद मांगते हैं,पर अभी आधी दुनिया को अपने हक लेने के लिए बहुत संघर्ष करना होगा। अभी भी घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए जगह नहीं है।

हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर मेहनत करते हैं और फिर होम लोन ले लेते हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। ये बात अपने आप में सौ फीसद सही है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह का रोल रहता है,पर उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग बहुत कम ही हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या न माने,पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं है। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। ये भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं,जो समाज नारी को देवी के रूप में पूजनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट से दूर रखा जाता है। यह शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। ये कोई बहुत पुरानी बात नहीं है कि जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों,बेटियों,बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रखकर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉर्पोरेट जगत में हर एक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं।

बहरहाल जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं उद्यमी बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी होती रहेगी। विश्व महिला दिवस को आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी लिए जाएंगे। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें,आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे,जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी। जबकि संयुक्त हिंदू परिवार होने की स्थिति में बेटी को जीविका की मांग करने का अधिकार दिया गया था। बाद में 9 सितंबर 2005 को इस क़ानून में संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर अधिकार दिया गया। आधी आबादी घर और घर के बाहर कदम-कदम पर अन्याय का शिकार होती है। यह सब जानते हैं। अपने हिस्से का आसमान छूने वाली बेटी को अपने ही माता-पिता के घर में सही से न्याय नहीं मिल पाता।

## प्रसंगवश

# जो रचेगा, सो बचेगा

फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था। तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी।

पिछले दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम थोड़ी देर के लिए गड़बड़ा गए। गड़बड़ी के दौरान और बहाल होने के बाद हजारों लोगों ने इस बात पर अपने हिसाब से लिखा। चुटकुले बने, लेख लिखे गए। और न जाने क्या-क्या। बाद में पता चला कि इस घटना से मेटा के शेयर गिर गए। 100 मिलियन डॉलर की चपत लगी फेसबुक को। इत्ती रकम का हिसाब-किताब और तुलना भी करना बेफालतू का काम। मिलियन, विलियन डॉलर की जब बात आती है तो 'हमसे संबद्ध नहीं'कहकर बगलिया देते हैं। फेसबुक ने दो दिन पहले ही अपने मैसेंजर पर कुछ नया फीचर शुरू किया। चैट सेव करने के लिए पासवर्ड (कोड) बनाओ या फिर एक ही डिवाइस पर सेव करने का विकल्प चुनो और भी कुछ था।

तकनीकी लफड़े पता नहीं क्या,लेकिन मुझे लगता है कि फेसबुक के पास चैट सेव करने के लिए जगह की कमी हो रही होगी। तभी यह फीचर शुरू हुआ। जगह की कमी हर जगह हो रही है। आने वाले समय में डाटा से जुड़ी कंपनियों की बड़ी चुनौती अपने डाटा को बचाने की होगी। किसी तकनीकी गड़बड़ी से किसी का डाटा लीक हो जाएगा,किसी का खो जाएगा,किसी के यहां डाटा डकैती हो जाएगी। कभी राजे-महाराजे दूसरे देशों पर हमले करते थे जमीन पर कब्जा करने के लिए। आने वाले समय में डाटा पर कब्जे के लिए आक्रमण होंगे। ज्यादा डाटा कब्जे में रखने वाले 'डाटा सम्राट' कहलाएंगे।



अनूप शुक्ल
कानपुर

फेसबुक पर अपन पिछले लगभग 15 साल से हैं। तमाम लिखाई यहीं हुई। इसके पहले ब्लॉग पर लिखाई हुई छह साल। इसी में सबको इकट्ठा करके किताबें बनी। अभी भी कई किताबों का मसाला जमा है यहां। जब मन आएगा किताब बना लेंगे। कवर पेज लगा देंगे। लोग बधाई देंगे। कुछ लोग खरीद भी लेंगे। उनमें से भी कुछ लोग पढ़ भी लेंगे। कुछ लोग उनके बारे में लिखेंगे भी। किताबें तो जब लिखीं जाएंगी तब लिखी जाएंगी अभी तो बात फेसबुक की। मान लीजिए आज फेसबुक बंद हो जाए तो हमारा सारा लेखन खत्म हो जाएगा। दुनिया का कितना कूड़ा कम हो जाएगा। कुछ दिन हुड़केंगे, फिर शुरू हो जाएंगे। तमाम लोगों को लगता होगा कि आज फेसबुक बंद हो गया तो क्या होगा। मुझे लगता है कुछ नहीं होगा। फेसबुक बंद हो जाएगा तो कोई नया माध्यम आएगा। लोग उसमें डूबेंगे। फेसबुक में आने वाले विज्ञापन कहीं और खिसक जाएंगे। फेसबुक के हाल आजकल अखबार जैसे ही हो गए हैं। अखबार में आजकल विज्ञापन प्रधान हो गए हैं। शुरुआत से अंत तक विज्ञापन ही विज्ञापन। जगह बची तो खबर छिड़क दी गई।

विज्ञापनों की भरमार के चलते ही आमलोगों की पोस्ट,जो प्रायोजित नहीं हैं,कम दिखती हैं। भुगतान देकर छपने वाली खबरें विज्ञापन वीआईपी सीट पर आगे आते हैं। सामान्य पोस्ट पीछे की सीट पर। इन सामाजिक मीडियाओं की सेटिंग ऐसी कर दी गई होगी कि ऐसी पोस्टें ऊपर रहें जिनसे उनको फायदा हो। इसी कड़ी में और भी तमाम इंतजाम किए गए होंगे। इसलिए जिन लोगों को लगता है कि उनकी पोस्ट कम लोगों तक पहुंच रही है उनको यह भी समझना चाहिए कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं रहती बहुत दिन तक। हर चीज की कीमत चुकानी पड़ती है। बड़े गणित के बहुत छोटे अंश हैं हम लोग। ज्यादा हलकान न हों,मस्त रहें। लिखते रहें, रचते रहें,जो रचेगा,सो बचेगा। माध्यम तो बदलते रहते हैं।

श्रीकांत वर्मा की कविता 'हवन' पढ़िएः चाहता तो बच सकता था/मगर कैसे बच सकता था/ जो बचेगा /कैसे रचेगा। पहले मैं झुलसा/ फिर धधका/चिटखने लगा/कराह सकता था/ मगर कैसे कराह सकता था/जो कराहेगा/ कैसे निबाहेगा/ न यह शहादत थी/न यह उत्सर्ग था /न यह आत्मपीड़न था/न यह सजा थी/ तब/क्या था यह / किसी के मत्थे मढ़ सकता था/ मगर कैसे मढ़ सकता था / जो मढ़ेगा कैसे गढ़ेगा।

# कहीं आत्मघाती न हो जाए विपक्ष की बयानबाजी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है,आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा,कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही, कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

विपक्ष ने लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत में राजनैतिक आत्महत्या का तय करके 2024 में चार सौ लोकसभा सीटों का उपहार उन्हें देने का संकल्प ले लिया है। ऐसा लगने लगा है कि जनता ही नहीं पूरा विपक्ष भी अब भाजपा और सहयोगियों को एक बार फिर से सरकार बनाने में मदद करने का फैसला कर चुका है।

राहुल तो कैम्ब्रिज में एक वर्ष पहले ही कह आए थे कि भारत राष्ट्र है ही नहीं यह तो राज्यों का समूह है। अब यही बात इंडी के एक महत्वपूर्ण दल डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने कह दी कि भारत उपमहाद्वीप में भारत का हर राज्य एक राष्ट्र है, क्योंकि हर राज्य की भाषा अलग है। राजा ने राष्ट्र विरोधी टिप्पणी की है। आपको याद होगा कि 2016 में जेएनयू में जब कन्हैया कुमार ( जो अब कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी हैं ) के नेतृत्व में नारे लगे थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह और इन नारों के अगले दिन सुबह राहुल गांधी,अरविंद केजरीवाल और वाम के सभी दल इन नारों के समर्थन में जेएनयू पहुंच गए थे। इससे एक बात साबित होती है कि भारत को तोड़ने की साजिश अनायास ही नहीं हो रही है।

यह विपक्ष द्वारा अपनी लगातार हो रही हार की खीज मिटाने का राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र का एक बड़ा हिस्सा लगता है। सरकार को और सर्वोच्च न्यायालय को इसका स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए,क्योंकि यह बोलने लिखने की आजादी का दुरुपयोग है। इस भाव को यहीं कुचलना होगा। उधर भगवान राम को अपशब्द कहने की पूरे विपक्ष में एक होड़ सी लग गई है। लगता है विपक्ष के बीच गालियां देने की प्रतियोगिता चल रही हों और हर कोई प्रथम आना चाहता है।

ठीक है आपकी प्रभु राम में आस्था नहीं है, आप प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार भी करने से नहीं चूके,लेकिन पूरे भारत राष्ट्र की प्रभु राम में आस्था है। उनकी आस्था और श्रद्धा को अपमानित कर आप लोकसभा में भाजपा और उनके सहयोगियों का चार सौ पार का संकल्प पूरा करने में मदद कर रहे हैं। राहुल तो आजकल कह रहे हैं कि जय श्रीराम का नारा तुम्हें भूखा मार देगा, कोई कह रहा है राम लहर कहां हैं नजर नहीं आ रही,कोई श्री राम का अस्तित्व ही नकार रहा है।

रामायण की चौपाई में ठीक लिखा है कि "जाको प्रभु दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हर लेई"। उधर भ्रष्टाचार में सजा काट चुके और बहुत से भ्रष्टाचार के आरोपों में आरोपित लालू यादव भी फिर से सक्रिय लगने लगे हैं,वैसे तो बीमारी का बहाना करते हैं,लेकिन मोदी को भला बुरा कहने के लिए पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। दुर्भावना,हताशा की ऊर्जा से ओतप्रोत कुछ भी कहकर पूरे विपक्ष को मुसीबत में डाल देते हैं। गठबंधन के अधर्म का पालन करते कोई गठबंधन का साथी उनकी बेफजूल की बातों का विरोध भी नहीं करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट मोदी, हिंदू हैं ही नहीं क्योंकि अपनी मां के दिवंगत होने पर उन्होंने दाढ़ी और सिर के बाल नहीं मुंडवाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के बच्चे क्यों नहीं हैं,उनका परिवार क्यों नहीं है? हद कर दी लालू ने। खैर मोदी हर विपरीत परिस्थिति को पलटना जानते हैं और उनके आह्वान पर पूरा भारत कह रहा है "मैं हूं मोदी का परिवार"। इसे कहते हैं कुल्हाड़ी पर पांव मारना।

एक तरफ़ जहां मोदी हर दिन राष्ट्र को हर तरह विकसित और मजबूत बनाने में लगे हैं, वहीं दूसरी और कुत्सित विपक्ष लगातार मोदी को हराने, हटाने के कुटिल प्रयास कर रहा है। अब इसमें देखना क्या है निश्चित है विजय सकारात्मक सोच के मोदी की ही होनी है।

## सोशल फोरम

# पूर्णता का दिन है महाशिवरात्रि

वो जिसने देवता ही क्यों,बल्कि राक्षसों का भी ख्याल किया। सबको बराबर की मोहब्बत दी। उन सबके हिस्सों का जहर खुद पी लिया। वो जिनको मानने में देवता, इंसान,जानवर,राक्षस,संत सब हैं। आप सबको शिव त्रिशूल में दिखते होंगे। हमें तो हर कोमल हृदय में शिव दिखते हैं जिनको सबके जज्बात का एहसास था, जो बिना किसी चालाकी के सबके अपने थे। हर एक की पहुंच में थे। पाप पुण्य के ऊपर,वही तो शिव थे। शिव की तीसरी आंख से पहले कोमल दिल को देखो। आंख तो एक झटके में दिख जाएगी,मगर विशाल विराट बदन में दिल,तब दिखेगा,जब दिल से देखोगे। मासूमियत तब दिखेगी जब दिल में शिव के लिए सच्ची मोहब्बत होगी। उनके कुछ मानने वाले जहर उगल सकते हैं,मगर उनसे मोहब्बत करने वाले जहर खुद पीते हैं।



हफीज किदवई
लेखक

इंसानियत की खुशी के लिए हम जहर पी लें तभी तो हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। बिना फर्क किए सबको गले लगाए तभी तो आप में शिव होंगे। मैं पलट कर देखता हूं तो सर झुक जाता है कि शिव का दिल कितना बड़ा और मासूम था। कौन नहीं था जो शिव तक आसानी से पहुंच जाता था,किसे आखिर शिव हासिल नहीं थे। उनको पाने में न कोई शर्त,न बंधन नियम वे तो सबके हैं। नीलकंठ में मौजूद बर्फ सा सफेद रंग का ठहराव ऊपर से चेहरे पर दूर तक बिखरी मुस्कान, अपने आप में सारा संसार लपेटे हुए। पत्नी पार्वती को अपने बराबर बैठाकर औरत के बराबरी के दर्जे की हिमायत करते शिव आखिर क्यों नहीं दिखते? प्रकृति के हर सजीव में कोई विभेद किए बिना वोह सबके हैं। शिव त्याग हैं,तपस्या हैं,तप हैं, प्रताप हैं,सरल हैं,साधारण हैं, भोले हैं। यह भोलापन ही तो मानवता के लिए वरदान है जिसके अंदर से भोलापन खत्म होता है,वह उतना ही शिवत्व से दूर होते-होते कठोर हृदय का स्वामी बनता जाता है। जहां से गलत रास्ते की शुरुआत होती है। महाशिवरात्रि पूर्णता का दिन है। अर्धनारीश्वर बनने का दिवस,दुनिया को सबसे सफल प्रेम का साक्षात्कार कराने का दिन है। शिव-पार्वती जैसे आशीर्वाद का दिन है,यह निर्माण और विस्तार का दिन है।

-फेसबुक वॉल से

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति सोचनीय



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं,परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के माध्यम से हम नारी समाज के उत्थान के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक विमर्श करते हैं,ठोस प्रयास और भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। इस संपूर्ण विमर्श में महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष चर्चा होती है। विगत दस वर्षों में महिलाओं की दशा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और अब किशोरियों,युवतियों और नारियों का योगदान निरंतर उत्कृष्टता की तरफ अग्रसर है। इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों अपेक्षित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति पुरुषों की अपेक्षा अधिक सोचनीय है। सर्वप्रथम हम भारतीय महिलाओं (इसमें किशोरियां भी सम्मिलित है) में पाई जाने वाली कुछ प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं का उल्लेख कर लें : मोटापा, डायबिटीज,उच्चरक्तचाप (हाइपरटेंशन),हृदयाघात (हार्टअटैक),रुमैटिक हृदय रोग,विविध कैंसर-स्तन,योनि,गर्भाशय,घुटनों की कमजोरी और थायरॉयड की अक्षमता।

अच्छी सेहत के लिए महिलाओं की जीवनशैली में निम्न सुधार आवश्यक हैं। प्रतिदिन आधे घंटे सैर-व्यायाम, योग-ध्यान, मोटापा स्त्रियों के लिए बहुत दुखदायी होता है। अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। जैसे यकृत में चिकनाई की मोटी परत का जमना (नैश), ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की अधिकता, हृदयाघात, पक्षाघात, सांस की समस्या, खर्राटा मारना, घुटनों में सूजन,नाभि की हर्निया आदि अनेक व्याधियां। इसलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-मोटापा दिल के लिए समस्या। अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर का ज्ञान-कोलेस्ट्रॉल 150 से कम होना जरूरी है। 'अधिक कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए काल'। न तम्बाकू न धूम्रपान, यदि महिलाएं धूम्रपान या तंबाकू मिश्रित पदार्थ का सेवन करती हैं तो प्रकृति प्रदत्त हृदय रोगों से सुरक्षा का कवच उनसे छिन जाता है। ऐसी महिलाओं को कम उम्र में दिल का दौरा पड़ता देखा गया है।

अब यह बात निर्विवाद रूप से सिद्ध हो गई है कि शाकाहार सर्वश्रेष्ठ भोजन है। 'शाकाहार सर्वोत्तम आहार'। इसके विपरीति 'मांसाहार अनेक दोष, हृदय कैंसर जैव कुदोष। मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना,बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है। अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को सुचाप अर्थात् सामान्य श्रेणी में रखना चाहिए। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। उच्च रक्तचाप अचानक मृत्यु, हृदयाघात, पक्षाघात, नेत्राघात, गुर्दे पर चोट, यकृत आघात का कारण बन सकता है। अधिक रक्त शर्करा डायबिटीज का द्योतक होती है और अनेक प्रकार के रोगों की जननी कही गई है। इसीलिए चिकित्सक अक्सर कहते हैं-'अधिक शक्कर दिल के लिए आफत'। अधिक शुगर का मतलब अधिक इंफेक्शन। महिलाओं में डायबिटीज के चलते पेशाब और योनि मार्ग में अक्सर संक्रमण और सूजन। यद्यपि ये बातें अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने वर्ष 2022 में अपने नागरिकों के संदर्भ में प्रकाशित-सुप्रचारित की हैं, परंतु वास्तविकता में ये निर्देश समस्त विश्व के लिए खरे उतरते हैं।

वर्ष 2024 में उपर्युक्त दिशा-निर्देशों से मिलते-जुलते एक और शोध अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन प्रकाशित हुआ है जिसके अनुसार 40 वर्ष के बाद नियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान निषेध, शाकाहार, शराब से परहेज, 7-8 घंटे की अच्छी नींद और बात-व्यवहार में सकारात्मकता व्यक्ति की मृत्यु दर में कमी तथा आयु में वृद्धि और सुस्वास्थ्य को जन्म देती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं को हमारे प्राचीन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में स्वयं योगेश्वर कृष्ण कहते हैंः युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखह।। अर्थात हम उपयुक्त भोजन (शाकाहार), समुचित व्यायाम, सम्यक कर्तव्य पालन, समय से सोने और समय पर जगकर हम रोगमुक्त रह सकते हैं। सभी प्रकार के दुखों से दूर रह सकते हैं। यही योग है। इन पंक्तियों के लेखक के पास अपने लंबे चिकित्सकीय अनुभव में ऐसे दर्जनों प्रसंग हैं, जहां लोगों ने शाकाहार, योग और सकारात्मक/आध्यात्मिक जीवन शैली के बल पर लंबी आयु पाई और लंबी बीमारियों से अपेक्षाकृत रूप से बचे रहें।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम संपूर्ण मातृशक्ति और तरुणी-बालाओं से आग्रह करते हैं कि वे प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा अवश्य निकालें। योग-व्यायाम करें, परम सत्ता का ध्यान करें, खान-पान, बात-व्यवहार में सात्विकता-सकारात्मकता बनाएं रखें जिससे शरीर रूपी हमारा मंदिर साफ सुथरा, स्वस्थ-निरामय बना रहे। आखिर तंदरुस्ती ठीक रहेगी तभी तो हम धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर सकेंगे।

# महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में किया रूद्राभिषेक

गोरखपुर

**अमृत विचार।** देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भरोहिया के पितेश्वरनाथशिव मंदिर में जलाभिषेक तथा गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

सीएम योगी शुक्रवार को सुबह लखनऊ से पीपीगंज के भरोहिया स्थित पितेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा पितेश्वरनाथ का दर्शन, पूजन व विधि विधान से जलाभिषेक कर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। पांडवकालीन मान्यता वाले पितेश्वरनाथ मंदिर का गोरक्षपीठ से गहरा नाता है। गोरक्षपीठाधीश्वर हर महाशिवरात्रि यहां जलाभिषेक करने आते हैं। जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री ने भरोहिया में शिव मंदिर के सामने स्थित गुरु गोरखनाथ विद्यापीठ के परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों से मिलकर आशीर्वाद दिया। स्थानीय स्तर पर विकास से जुड़े कुछ मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि विकास में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। भरोहिया में मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, भरोहिया के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, जंगल कौड़िया के ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, गोरख सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। इसके बाद भरोहिया से गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश झुकाकर उन्हें नमन किया।

तत्पश्चात गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान तथा गो दुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया।


गोरखनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## एक नजर

### शिव मंदिरों में पहुंचकर लोगों ने टेका माथा

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार। महाशिवारत्रि पर शुक्रवार को जब और ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में भक्त अपने परिवारों के साथ मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का विधिपूर्वक पूजन किया। मंदिरों के पास पूजा सामग्री और फूलों की खूब बिक्री हुई। उसका बृजमनगंज मार्ग पर स्थित झारखंडी महादेव के प्राचीन मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त मंदिर पहुंचकर भगवान का जलाभिषेक किया। कस्बा के सुबास नगर में स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने भगवान का जलाभिषेक किया। मंदिर में हवन हुआ। मोगलहा, उटिया, सोहस के शिव शक्ति मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में शिव भक्ति ने भगवान का सुबह से ही जलाभिषेक शुरू कर दिया। झारखंडी महादेव मंदिर महादेवा पर। श्रीविष्णु महायज्ञ का समापन हवन एवं भंडारे से हुआ। आयोजक सुरेंद्र पांडेय ने बताया कि मंदिर में सुबह से भक्तों का आना जारी रहा। जलाभिषेक के उपरांत भक्तों को दूध और फल का प्रसाद बांटा गया।

### पैरा मिलिट्री फोर्स व पुलिस ने कस्बे में किया पैदल मार्च

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार कस्बा में शुक्रवार को महाशिवरात्रि, रमजान माह को लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स और उसका थाने की पुलिस फोर्स ने चौराहा समेत कस्बे में पैदल मार्च करते हुए नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शांति व्यवस्था में लोगों से सहयोग की अपेक्षा के साथ सड़क किनारे के अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि सभी सड़क किनारे का कब्जा हटा लें, जिससे राहगीरों सहित अन्य नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के नेतृत्व में पुलिस कर्मी पैदल मार्च के लिए निकले। पुलिस फोर्स पहले चौराहे पर पहुंची। इसके बाद उसका राजा, तेतरी, परती बाजार आदि प्रमुख मार्ग पर मार्च किया। व्यापारियों व नागरिकों से संवाद बनाते हुए शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पैदल गस्त में थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय, एस आई चंद्रभान मिश्र आदि रहे।

## शिव पूजन को शिवालयों में उमड़े रहे श्रद्धालु

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। महाशिवरात्रि का पवन पर पूरा जनपद शिवमय रहा। सड़कें, गलियां और शिवालय हर हर महादेव के उद्घोष से गूंजते रहे। जनपद के सभी शिवालय दुल्हन की तरह सजाए गए थे। शिव भक्त ब्रह्म मुहूर्त से ही उठकर स्नान कर सुबह से ही शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। इस पर्व पर जगह-जगह झांकियां निकाली गई, जो देखने लायक था। जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया था। जनपद के सेमरा मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ थी। शिव भक्तों ने वहां बाबा भोलेनाथ को रुद्राभिषेक किया और मन्नतें मांगी। महादेवा स्थित शिव मंदिर, उसका बाजार के तेतरी में भगवान भोलेनाथ के भव्य मंदिर, जनपद मुख्यालय के सिंहेश्वरी मंदिर, पलटा देवी मंदिर में शिव भक्तों का हुजूम उमड़ा रहा। पलटा देवी मंदिर पर नेपाल के हजारों श्रद्धालुओं ने आकर भगवान शिव के मंदिर में माथा टेका। जनपद मुख्यालय के लुंबिनी रोड पर मोदनवाल ग्रुप द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जनपद में महिलाएं श्रृंगार कर शाम होते ही मंदिरों में पहुंचकर मां पार्वती का सोलह सिंगार करते हुए अपने पति के दीर्घायु होने की मन्नते मांगी।


महाशिवरात्रि पर निकाली गई झांकी।

# बीएसए ने प्रधानाध्यापिका का रोका वेतन

## विभागीय कार्य में शिथिलता और अनुचित दबाव बनाने पर की कार्रवाई, मांगा जवाब

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विभागीय कार्य में शिथिलता और संगठन के पदाधिकारी से बीएसए पर अनुचित दबाव बनाने पर जोगिया ब्लॉक क्षेत्र के लखनापार प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका को भारी पड़ गया। बीएसए ने अग्रिम आदेश तक प्रभारी प्रधानाध्यापिका का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी कर दिया है। तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने जोगिया ब्लॉक के लखनापार प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका जागृति यादव को छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजिटलीकरण करने का निर्देश दिया था। आरोप है कि बार-बार कहने के बावजूद प्रभारी प्रधानाध्यापिका इस कार्य को टालती रहीं। छह मार्च को उक्त कार्य में सहयोग के लिए कार्यालय से एमआईएस इंचार्ज एवं डीसी एमआईएस को भेजा गया लेकिन शासन के उच्च प्राथमिकता वाली योजना के क्रियान्वयन में प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने कोई रूचि नहीं ली। कार्य करने के बजाए संगठन विशेष के पदाधिकारी से बात कराने की धमकी दी गई।इसे गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को नोटिस कर दिया है। नोटिस में बीएसए ने लिखा है कि उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, अनुशासनहीनता एवं कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के कारण उनका वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया जाता है। साथ ही इस संबंध में तीन दिन के भीतर उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएं कि क्यों न उनकी सेवा समाप्त कर दी जाए। स्पष्टीकरण समय न प्राप्त होने अथवा संतोषजनक न पाये जाने पर कठोर दण्डात्मक विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

> सरकार विद्यालयों की सारी गतिविधियों को ऑनलाइल कर रही है। इसमें शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था के अलावा छात्र उपस्थिति पंजिका एवं मध्यान्ह भोजन पंजिका का डिजिटलीकरण शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। लेकिन कई शिक्षक इसमें रूचि लेने की बजाय विरोध कर रहे हैं। यह किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है।
>
> -देवेंद्र कुमार पांडेय, बीएसए

### परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को मानव संपदा पोर्टल पर देना होगा संपत्ति का ब्यौरा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा देना होगा। कहां-कहां जमीनी खरीदी और कौन-कौन गाड़ी है। यह सब कुछ मानव संपदा पोर्टल पर 31 मार्च तक अपलोड करना होगा। यह निर्देश महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए को दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने शिक्षकों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया था। इसमें कहा गया है कि विभाग में तैनात शिक्षकों के पास कितनी चल-अचल संपत्ति है, उसका ब्योरा विभाग को उपलब्ध कराएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि अगर किसी शिक्षक का नाम घपलेबाजी प्रकरण में सामने आया तो उसकी संपत्ति आदि की आसानी से जांच की जा सकेगी। कहा गया है कि विभाग में कार्यरत सभी शिक्षकों को अपनी नियुक्ति तिथि से लेकर उसके बाद हर पांच साल तक की अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होगा। इसके लिए निर्धारित समय भी रखा गया है। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई भी होगी। बीएसए ने कहा कि निदेशालय का पत्र आने पर खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। 31 मार्च तक सभी शिक्षकों को मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का ब्यौरा अपलोड करना है।

# आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम की बैठक का हुआ आयोजन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर गुरुवार को आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम बैठक आयोजित की गई। ग्राम स्तर पर संचालित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए सूची, ड्यूलिस्ट आदि पर चर्चा कर सही ढंग से समय पर क्रियान्वयन के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया था।

अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ. शैलेंद्र मणि ने निरीक्षण किया। जहां कुछ उपकेंद्रों से गायब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम में आयोजित बैठक में उपस्थित एएनएम तारामती ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, ग्राम स्तर पर राष्ट्रीय टीकाकरण, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण, उच्च जोखिम वाली महिलाओं की पहचान की सूची तैयार कर उन्हें समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्ययोजना बना कर संचालित करते हुए समय पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की बात कही। बैठक का उपकेंद्र मनिकौरा का निरीक्षण अधीक्षक डॉ. ओझा ने किया। बैठक में मौजूद एएनएम शालिनी सिंह, आंगनबाड़ी व आशा के साथ गांव की महिलाओं को जागरूक करती पाई गई, वहीं उपकेंद्र जूड़ी कुइयां में बैठक के दौरान आंगनबाड़ी भारती देवी व अनीता देवी गायब मिलीं। इस पर अधीक्षक डॉ. ओझा ने नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र लिखने की बात कही।

# यात्रियों की सहूलियत के लिए होली पर चलेंगी विशेष गाड़ियां

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने होली त्योहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05565/05566 सहरसा-अम्बाला-सहरसा वाया गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 21 एवं 28 मार्च तक गुरुवार को तथा अम्बाला से 23 एवं 30 मार्च को दो फेरों के लिये किया है।

इसके अलावा 05531/05532 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल वाया गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन रक्सौल से 24 एवं 31 मार्च को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च एवं 1 अप्रैल को दो फेरों के लिये किया जायेगा।

### सप्ताह में तीन दिन होगा ट्रेन का संचालन

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा हेतु 14010/14009 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन सप्ताह में दो दिन के स्थान पर सप्ताह में तीन दिन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के गोरखपुर से आनन्द विहार टर्मिनस तक के समय में परिवर्तन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बीडीसी ने ब्लॉक प्रमुख को हटाने को दिया ज्ञापन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद के चार ब्लॉक प्रमुखों की कहानी कुछ बदल सकती है। जिसके लिए बीडीसी सदस्य लामबंद होकर धरना प्रदर्शन में लग गए हैं। मालूम हो कि जनपद में 14 ब्लॉक हैं जिसमें नौगढ़, जोगिया उदयपुर, उसका बाजार, और लोटन के बीडीसी सदस्यों ने अपने ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुखों को हटाने के लिए कमर कस ली है।

जनपद मुख्यालय पर पहुंचकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को उनके हटाने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे है। जिसके क्रम में सर्वप्रथम जोगिया ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख श्री चौधरी की मां के खिलाफ सदस्यों ने लामबंद होकर उनके कार्यों पर प्रश्न लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। इसी क्रम में उसका ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ बीडीसी सदस्यों ने आरोप लगाया कि हम लोग भी जनप्रतिनिधि हैं और जनता हमे चुनाव करके ब्लॉक के सदन में भेजती है। ऐसे स्थिति में गांव के लोग हम लोगों के द्वारा भी विकास की आस लगाए रहते हैं हम लोग विकास से कार्यों से वंचित हो रहे हैं ऐसी स्थिति में ब्लॉक प्रमुख को हटाना अति आवश्यक हो गया है। जिससे गांव को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। गुरुवार को विकास खंड नौगढ़ के लगभग 57 बीडीसी सदस्यों की पूरी टीम लेकर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय सिंह कलेक्ट पहुंचे और वर्तमान प्रमुख के खिलाफ नारा लगाते हुए उन्हें हटाने का मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा।


ब्लॉक प्रमुख को हटाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे बीडीसी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण के नाम अनियमितता की शिकायत की



सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी व वर्तमान राज्य सभा सांसद बृजलाल ने अपने गृह जनपद सिद्धार्थ नगर के भ्रमण के दौरान पौधरोपण के नाम पर किए गए बड़े पैमाने पर अनियमितता की शिकायत प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन डीएस मिश्र से किया है। प्रमुख सचिव को भेजे गए शिकायती पत्र में में उन्होंने लिखा है कि 1 मार्च 2024 को अपने आदर्श ग्राम बजहा और रामपुर की समीक्षा बैठक गांव में ही किया, जिसमें सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हुए थे। ग्राम बजहा में डेढ़ सौ पौधों का रोपड़ ट्री-गार्ड के साथ दिखाया गया है। मैंने ग्रामीणों से मालूम किया तो पता चला कि एक भी वृक्षारोपड़ नहीं हुआ है। वन विभाग का कोई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित नहीं रहा, जबकि अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद जब मैंने मौके पर जाकर जांच करना चाहा तो फॉरेस्ट गार्ड महेश यादव पहले ही गायब हो गया। पता चला कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं और उसका रोपड़, विकास विभाग के ग्राम सचिव और प्रधान मिलकर करते हैं। कागजों पर कार्य पूर्ण होना दिखाया गया, लेकिन एक भी पेड़ नहीं लगाया गया और ट्री-गार्ड का कोई मतलब ही नहीं रहा। इसी प्रकार मत्स्य विभाग ने ग्राम बजहा में 2 .25 हेक्टेअर के तालाब में मत्स्य बीज संचय करना दिखाया है, और यह भी लिखा गया कि कार्य पूरा हो गया है। लेकिन मौके पर न तो कोई तालाब मिला और न ही मत्स्य संचय, जिसकी पुष्टि ग्राम बजहा के लोगों ने की। जिला सिद्धार्थ नगर में उपरोक्त दो मदों में अधिकतर फर्जी कार्यवाही की गई है और सरकारी धन का गबन हुआ है। बृजलाल ने प्रमुख सचिव से अनुरोध किया है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए।

### मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की हुई बैठक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की बैठक जनपद मुख्यालय स्थित अशोक मार्ग के रेस्ट हाउस में मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। बैठक की जानकारी देते हुए संघ के महामंत्री राजेश शर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने बताया कि अभी काफी दिनों से संघ की बैठक नहीं हो पाई है जिसे लेकर एक आवश्यक बैठक रेस्ट हाउस पर दिन में लगभग 11 बजे आहूत की गई है। उन्होंने बताया कि यह मान्यता प्राप्त पत्रकार सहित अन्य पत्रकार भी बैठक में भाग ले सकते हैं। श्री वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पत्रकारों की गिरती शाह को लेकर एक आवश्यक चर्चा की जाएगी जो बहुत ही आवश्यक है उन्होंने सभी पत्रकारों को साथ समय पहुंचने का निवेदन किया है ।

### भाजपा ने प्रचार वाहन को किया रवाना

हरदोई। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। इस अवसर पर मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसके मूल में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक विकास से जोड़ने का लक्ष्य है।

### रेलगाड़ियों का संचालन रहेगा परिवर्तित

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे के मुरादाबाद-चन्दौसी रेल खण्ड पर स्थित पुल संख्या-9 पर रिगर्डरिंग कार्य के लिए मेगा ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। इनमें 12035 टनकपुर-दिल्ली एक्सप्रेस, 15529 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस और 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन के कारण इन गाड़ियों का ठहराव चन्दौसी के स्थान पर बरेली में दिया जायेगा।

# महिला रेलकर्मियों से मिलकर किया उत्साहवर्धन


महिला रेलकर्मियों से मिलकर बात करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर।

गोरखपुर

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण भारतीय रेल पर आज महिलाएं लोको पायलट, गार्ड सहित टेन संचालन, सिगनलिंग, टिकट जांच एवं अन्य तकनीकी पदों पर कार्य कर रही हैं। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने गोरखपुर स्टेशन यार्ड में स्थापित रूट रिले इन्टरलॉकिंग पैनल का निरीक्षण किया। वहां गाड़ियों के संचालन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहीं महिला रेलकर्मियों से मिलकर उनकी कार्यप्रणाली एवं परिचालन से सम्बन्धित तकनीकी एवं व्यवहारिक बातों को जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। महाप्रबन्धक ने आरआरआई पैनल पर निरीक्षण के दौरान महिला रेलकर्मियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही कार्यरत महिला टीम को सामूहिक रूप से पुरस्कृत किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### दिव्यांग ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी एक दिव्यांग ग्रामीण ने दबंगों पर मारपीट करने और जान माल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा करने की गुहार की है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी दिव्यांग कमल किशोर उर्फ बड़का के अनुसार धर्मेश, विमल मोहन, श्यामू निवासी ग्राम बैजूपुर थाना पाली, श्याम ग्राम परसई थाना मझिला, विनोद कपूरापुर जमीन को लेकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं। आरोपियों से उसे जान का खतरा है।

## चुनावी हलचल

### भाजपा में शामिल हुए जनपद के आर्थोपेडिक चिकित्सक और सपा के युवा नेता का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

# फिर प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा : डॉ . चंद्रेश उपाध्याय

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी और जनपद के आर्थोपेडिक डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय के भाजपा में शामिल होने पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर सपा के युवा नेता सोनू मिश्रा का भी भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को पुनः विश्वगुरु बनने के पथ पर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जननीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया। कहा कि निश्चित रूप से 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटों के आंकड़े को प्राप्त करेगी और 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय के पार्टी में शामिल होने से निश्चित ही जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। सांसद जगदंबिका पाल ने भी डॉक्टर चंद्रेश उपाध्याय को बधाई देते हुए स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर लोकसभा डुमरियागंज के संयोजक रामकुमार कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा लाल जी त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, हेमंत जयसवाल, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय,जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विकास पांडेय वत्स, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, प्रोफेसर शक्ति जयसवाल, फूलचंद जयसवाल, क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा दीपेंद्र चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, युवा नेता सौरभ त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित कार्यकर्ता ने बधाई शुभकामना दिया।


डॉ. चंद्रेश उपाध्याय को भाजपा की सदस्यता दिलाते जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान।



### एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी ने विभिन्न शाखाओं क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। परिवहन शाखा, कैन्टीन, गैस गोदाम, मन्दिर, रेडियो शाखा, डायल 112, यातायात कार्यालय तथा बैरकों आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेहतर रख-रखाव व साफ-सफाई के सम्बन्ध में निर्देश दिये। पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता तथा लाइन्स के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलाइंस सम्मेलन का आयोजन कल

**उतरौला, बलरामपुर।** 10 मार्च रविवार को एसएसबी इन्टर कालेज हासिमपारा में समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र उतरौला द्वारा संविधान बचाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलाइंस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि गोंडा लोकसभा से समाजवादी कांग्रेस की घोषित संयुक्त प्रत्याशी श्रेया वर्मा उपस्थित होंगे। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता डॉ एहसान खान करेंगे। यह जानकारी सपा नेता डॉ अताउल्लाह खान ने दी।

### स्मार्टफोन पाकर खुशी से चहकीं छात्राएं

**बलरामपुर।** अवधराजी महिला महाविद्यालय हुसैनाबाद देवरिया-जंगली परिसर में छात्राओं को तकनीकी रूप से डिजिटल सशक्तिकरण बनाने के लिए सरकार की योजना स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षु छात्राओ को स्मार्टफोन वितरण करके तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिये महिला सशक्तिकरण हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 42 स्मार्टफोन बांटे गये। इस अवसर पर अनीता, शीबा, शालू, खुशबू, ज्योति मौर्य, अंशिका, पूजा देवी, रीता यादव, सोनी भास्कर, प्रीती देवी सहित छात्राओं ने स्मार्टफोन पाकर खुशी जाहिर किया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर संतोष यादव, ब्लॉक प्रमुख उतरौला महिपाल चैधरी, प्रधानाचार्य केके मौर्या, सुभाष वर्मा, राम आशीष मौजूद रहे।

### लड़की के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** ग्राम बकौली खुर्द निवासी अरमान पुत्र मोहम्मद जमील थानाक्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती तो बहला फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा कायम कर उसकी तलाश कराई जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

### अक्षय बने उपाध्यक्ष

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** अक्षय श्रीवास्तव को जिला समाजवादी पार्टी छात्रसभा उपाध्यक्ष चुना गया। तुलसीपुर विधानसभा हरैया सतघरवा के नवनियुक्त सपा छात्रसभा उपाध्यक्ष अक्षय श्रीवास्तव को बनाए जाने पर पूर्व विधायक मसूद खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख शफीक अहमद, अब्दुल मोईद खां, दिलबहार खान, शहंशाह, जोखूराम यादव, शिवकुमार चैरसिया, रामकुमार यादव, चतुर्भुज यादव व उमेश यादव बधाई दी। अक्षय श्रीवास्तव ने बताया की शीर्ष नेतृत्व के दायित्व को पूर्ण रूप से निर्वहन करुंगा।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन बना महराजगंज

- दीपक हुए मैन आफ द मैच और बंटी हुए मैन आफ द सीरीज

**मगहर, संतकबीरनगर।** नगर में चल रही तीन दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगता को महराजगंज की टीम ने महुआ डाबर बस्ती की टीम को फाइनल में हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।फाइनल मैच में बेहतरीन खेल दिखाने पर मैन ऑफ द मैच दीपक व मैन आफ द सीरीज बंटी रहे।फाईनल की टीमों को समाज सेवी तौसीफ अहमद ने शील्ड देकर सम्मानित किया।

बरकातिया मदरसा के पीछे मंगलवार से तीन दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई थी। जिसमें पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों की कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच जनपद महराजगंज और महुआ डाबर बस्ती के बीच हुआ।इस फाईनल मुकाबले के लिए निर्धारित छः ओवर में महुआ डाबर बस्ती की टीम मात्र 44 रन ही बना सकी। जिसे महराजगंज जिले की टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। फाईनल में आलराउंडर प्रदर्शन करने पर महराजगंज के दीपक व मैन आफ द मैच के लिये पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर महुआ डाबर की के बंटी को मैन आफ द सीरीज के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कमेन्ट्रेटर की भूमिका फखरे आलम सनी ने निभाई।

## आरएसएस का शाखा संगम कल

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संत कबीर नगर के तत्वावधान में रविवार को सुबह 8 :00 बजे से जनपद मुख्यालय स्थित काशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर शाखा संगम कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया है। आयोजन में समूचे जनपद की 100 से अधिक शाखों से जुड़े स्वयंसेवक प्रतिभाग करेंगे। उक्त आशा की जानकारी देते हुए जिला प्रचारक राजीव नयन ने बताया कि सभी शाखों से जुड़े स्वयंसेवकों में आपसी संवाद और भविष्य की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यह महा आयोजन किया गया है। इस आयोजन में जो किसी शाख से नहीं जुड़े हैं वे लोग भी पहुंच कर दर्शक दीर्घा में बैठकर आयोजन में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करता आ रहा है। भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों को देखते हुए संघ के स्वयंसेवकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है।

# कदम से कदम मिलाकर चलना...

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

- पुलिस अधीक्षक ने महिला पुलिस कर्मियों का बढ़ाया मान



विश्व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिला पुलिसकर्मी और अधिकारी। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** "कदम से कदम मिलाकर चलना, सैन्य पराक्रम में पीछे न हटना, बुलंद हौसलों का परिचय देकर अरुणिमा, नीरजा का हो रहा गान है, नारी शक्ति है, सम्मान है, नारी गौरव है, अभिमान है"।

हर वर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों और कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारी अजय सिंह की उपस्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यालय से प्रसारित आनलाइन कार्यक्रम को देखा गया। इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक के.डी. सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, महिला थाना प्रभारी पूनम मौर्या समेत तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# हर हर महादेव के नारों से गूंज उठे शिवालय

- तामेश्वर नाथ मंदिर पर लाखों भक्तों ने किया जलार्चन, रात से ही भक्तों की टोली मंदिरों पर जुटने लगी



मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर आस्था का सैलाब दिखा। आधी रात से ही भक्तों की टोली शिव मंदिरों पर जुटनी शुरू हो गई थी। भक्तों की आस्था को देखते हुए मंदिरों पर व्यापक प्रबंध किए गए थे। भक्तों की सर्वाधिक भीड़ महाभारत कालीन शिव मंदिर तामेश्वर नाथ पर देखने को मिली। यहां लाखों भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव को जलार्चन किया। मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। साथी गोस्वामी वंशज भी भक्तों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं करने में जुटे रहे।

बताते चलें कि महाभारत काल में पांडवों के अज्ञातवास के दौरान माता कुंती ने अपने पुत्रों सहित इस शिवलिंग का पूजन किया था। इस मंदिर पर जलार्चन के लिए जनपद संत कबीर नगर के साथ ही पड़ोसी जनपदों से भी आते हैं। अधिकांश भक्त सरयू नदी के बिड़हर घाट पर स्नान करने के बाद वहीं से जल लेकर तामेश्वरनाथ पहुंचते हैं और भगवान शिव को जलार्चन करते हैं। यहां भर के 2:30 बजे से ही भक्तों ने जलार्चन करना शुरू कर दिया था। जलार्चन का क्रम शुक्रवार की अपराह्न 2 बजे तक जारी था। प्रशासन के अनुसार इस मंदिर पर लगभग डेढ़ लाख भक्तों ने भगवान शिव को जलार्चन किया है। हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया था। तामेश्वर नाथ मेला एक माह तक चलेगा। इस मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के सारे इंतजाम मौजूद हैं। फल, मिठाई, सौंदर्य प्रसाधन, लकड़ी के सामान, घर गृहस्थी सु जुड़े सामान, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक सामान समेट सैकड़ों दुकानें ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने में जुटी हैं।

### सांसद प्रवीण निषाद ने सपरिवार किया जलाभिषेक

धनघटा तहसील क्षेत्र के हैं सर बाजार में स्थित स्वयंभू शिवलिंग हैहयेश्वरनाथ लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां हजारों की भीड़ जुटती है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया जाता है। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद और भाजपा के घोषित लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद अपनी मां, पत्नी और भाइयों के साथ मंदिर पर पहुंचकर जलार्चन किया। उन्होंने भगवान शिव से जनपद वीडियो के सुख समृद्धि की कामना करते हुए मौजूद शिव भक्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पर्व सम्पन्न होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

महाशिवरात्रि पर्व कुशलता पूर्वक सम्पन्न होने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस लिया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता सुबह से शाम तक पल पल का जायजा लेने में जुटे रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी मातहत अधिकारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### संतकबीरनगर के सभी शिव मंदिरों पर दिखा आस्था का सैलाब

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के सभी प्रमुख शिवालयों पर आस्था का सैलाब दिखा। जनपद मुख्यालय के स्टेशन पुरवा, तितौवा, बरई टोला समेत बखिरा स्थित भंगेश्वरनाथ, मेंहदावल स्थित कुबेर नाथ, कोपिया स्थित कैपेश्वरनाथ, धनघटा स्थित दानीनाथ, पोली स्थित कंकड़ेश्वरनाथ, बाबा बैजूनाथ, बाहिलपार स्थित प्राचीन शिव मंदिर, चुरेब स्थित अष्टकोणीय शिव मंदिर समेत जिले के गांव गांव में मौजूद शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

### फाग गीतों की रही धूम

महाशिवरात्रि पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हैं हैंसर बाजार स्थित हैहयेश्वरनाथ और खलीलाबाद क्षेत्र के बाहिलपार स्थित शिव मंदिर पर फाग गीतों की जबरदस्त प्रस्तुति हुई। क्षेत्रीय लोक गायकों ने फाग गीतों का ऐसा शमां बांधा कि श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। दिन में 11 बजे शुरू हुआ फाग गीतों का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।



फाग गीत प्रस्तुत करती लोक गायकों की टोली। अमृत विचार

# बलरामपुर में भोर से ही उमड़ा भक्तों का सैलाब



झारखंडी शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को हर हर महादेव व बोल बम के जयकारे से पूरा जिला गूंज उठा। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। नगर के झारखंडेश्वर महादेव मंदिर व हनुमानगढ़ी मंदिर स्थित शिवालय में रुद्राभिषेक भी किया गया। राजापुर भरिया जंगल स्थित कल्पेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

365 शिवालयों वाले छोटी काशी के नाम से विख्यात बलरामपुर जिले में महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। झारखंडी मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर स्थित शिवालय, भगवतीगंज स्थित झारखंडेश्वर मंदिर, शक्तिपीठ देवीपाटन स्थित शिवालय, पचपेड़वा स्थित शिवगढ़धाम, उतरौला स्थित दुःखहरन नाथ व पिपलेश्वर महादेव मंदिर एवं बिजलीपुर स्थित शिवालय में जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की भारी भीड़ जुटी। भीड़ की अधिकता के कारण मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराकर बारी-बारी से जलाभिषेक कराया गया।

### गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बरात

ओम नमः शिवाय व हरहर महादेव के जयकारे के साथ भोलेनाथ की बरात नगर के रामलीला मैदान से निकली। शिव बरात में दुर्गा जी, राम लक्ष्मण सीता, भारत माता, श्रवण कुमार, नरसिंह भगवान, सुग्रीव जामवंत, हनुमानजी एवं इन्द्र देव की झांकी शामिल रही। रामलीला मैदान से निकलकर बरात आंबेडकर तिराहा व वीर विनय चौराहा होते हुए झारखंडी मंदिर पर पहुंची।

# उत्कृष्ट शिक्षण कार्य पर अध्यापिका सम्मानित



टीएलएम सामग्री को लेकर आदर्श कंपोजिट स्कूल की प्रधानाध्यापिका को सम्मानित करते शिक्षा निर्देशक व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बीते गुरुवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों के शिक्षकों द्वारा टीएलएम पर किए जा रहे बेहतर प्रयासों व कक्षा कक्ष रूपांतरण आधारित गतिविधियों के संकलन की पुस्तक के विमोचन का कार्यक्रम सीमैट प्रयागराज में आयोजित किया गया। पुस्तक का विमोचन शिक्षा निदेशक सीमैट प्रयागराज दिनेश सिंह, प्रवीण कुमार तिवारी, ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, एसआरजी सदस्य महमूदुल हक के साथ पुस्तक संपादक फातमा बानो, बहार आलम की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर क्षेत्र बलरामपुर की शिक्षिका सलमा खान के द्वारा उनके विद्यालय में बेहतर टीएलएम के उपयोग को भी राज्य स्तर पर चयन के उपरांत पुस्तक में शामिल किया गया। जनपद की शिक्षिका सलमा खान द्वारा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका के साथ बच्चों में अधिगम अभिवृद्धि व जीवन कौशल आधारित गतिविधियों पर कई वर्षों से लगातार बेहतर प्रयास किया जा रहा हैं।

जिला स्तर के टीएलएम मेला, विज्ञान प्रदर्शनी, सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता, स्काउटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी शिक्षिका सलमा खान के नेतृत्व में कंपोजिट विद्यालय आदर्श के बच्चों की अग्रणी भूमिका रही है। शिक्षिका सलमा खान को इस गौरवशाली उपलब्धि व जनपद का मान बढ़ाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, नगर शिक्षा अधिकारी रामकुमार, जिला समन्वयक मोहित देव, निरंकार पांडे, फिरोज अहमद के साथ पंकज कुमार पांडे, अरुण कुमार मिश्रा, मुनव्वर मालिक व कुसुम कुमारी, रेशू पांडे, सरिता वर्मा, आलोक मणि पांडे के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## 5 महीने में ही खोद डाली करोड़ों की लागत से बनी सड़क

**जौनपुर, अमृत विचार।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सड़क मरम्मत व सीवर लाइन के नाम पर करोड़ों का नुकसान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।नैक मूल्यांकन के दौरान करोड़ों रुपए खर्च करके जिस सड़क की मरम्मत कराई गई थी उसे पांच महीने के भीतर दोबारा खोद कर सीवर लाइन डाली जा रही है।पूर्व कुलपति के कार्यकाल में शुरू हुए इस कार्य का 50 प्रतिशत से अधिक का भुक्तान भी हो चुका है।मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए शिकायत की गई है।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपया नुकसान का एक और मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कंप मच गई है।पूर्व कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य के कार्यकाल अगस्त 2023 में नैक मूल्यांकन की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर की जिस सड़क की मरम्मत के लिए करोड़ों रुपए

> इस संदर्भ में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यह पूर्व के अधिकारियों के समय का प्रपोजल है। जिसकी काफी बड़ी धनराशि लोगों ने पहले ही विश्वविद्यालय से भुक्तान करा लिया है।
>
> –प्रोफेसर वंदना सिंह, कुलपति, पूर्वांचल विवि

## कुलपति प्रो. वंदना सिंह नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत

**जौनपुर, अमृत विचार।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह को विश्व आयुर्वेद मिशन ने नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत किया है।उनके सम्मान से विश्वविद्यालय शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



प्रोफेसर वंदना सिंह।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह को शिक्षा एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कर्मकता, दृढ़ता, विनम्रता, सहजता एवं उदारता से समाज में अनुकरणीय व्यक्तित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया है।उनके बहुमुखी व्यक्तित्व, कृतित्व एवं प्रातिभ दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए विश्व आयुर्वेद मिशन के सचिव डॉ. डीपी आर्य एवं अध्यक्ष प्रो. जीएस तोमर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान से अलंकृत करते हुए गौरवनित किया है। कुलपति को मिले इस सम्मान से विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी एवं छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्ति किया है।

## सार-संक्षेप

### रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड से नवाजी गईं परवीन हुसैन




फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली के हाथों सम्मानित होती जिले की परवीन हुसैन व अन्य।

**बलरामपुर।** बेटियों की शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ महिला उत्थान व सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों में राष्ट्र पटल पर अपनी पहचान बनाने वाली सामाजिक संस्था श्रेया फाउंडेशन ने राजधानी में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान 2024 का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र जिले से शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा व सामाजिक सरोकारिता स्टाफ महिला उत्थान में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें बलरामपुर जिले की परवीन हुसैन का चयन कर रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड 2024 से नवादा गया। यह अवार्ड विख्यात फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी के सभागार में दिया। फेडरेशन चेयरमैन हेमंत के राय की अध्यक्षता में राजधानी के प्रसिद्ध होटल सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रानी लक्ष्मीबाई सम्मान 2024 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 70 जिले से 15 महिलाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विख्यात फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली रहे। जिन्होंने महिलाओं को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड 2024 से नवाजा। इस अवार्ड में बलरामपुर जिले की परवीन हुसैन फिजा भी शामिल है। इसके पहले भी फिजा हुसैन को कई संस्थानों से सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि पर जाहिदा खान, सौम्य मिश्रा, सुमन जौहरी, सलमान, मनु जोहरी, विमला, निधि सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई देकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली, संगीता राय, जमील अहमद, फिल्म डायरेक्टर शाहनवाज शान, वनिक, विष्णु सहित अन्य हस्तियां शामिल रही।

### मगहर में शिव विवाह और भण्डारे आयोजित

**मगहर।** सनातन धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का महत्वपूर्ण स्थान है। यह पर्व आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत करने वाला त्यौहार है।महाशिवरात्रि के दिन लोग देवाधिदेव भगवान शिव की आराधना कर ऊर्जा के असीम स्रोतों को प्राप्त करने की कामना करते हैं। इस मौके पर मगहर कस्बा तथा आसपास के शिवालयों पर शुक्रवार को शिव भक्तों का जलाभिषेक करने का तांता लगा रहा। इसके अलावा मंदिरों के आसपास मेले का भी लोगों ने आनंद उठाया। फागुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की कथा बताई जाती है। इस अवसर पर प्रत्येक शिवालयों को सजाया गया है।उसके साथ ही मंदिर पर शिवभक्त श्रद्धालु के द्वारा शिवरात्रि को भोर से ही जलाभिषेक शुरू कर दिया गया। जिसका क्रम दोपहर तक चलता रहा। कस्बे के कबीर चौरा परिसर में आमी नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन पंचवटी शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ था। जलाभिषेक करने के बाद सभासद अतुल श्रीवास्तव, गौरव पांडेय, अनिल बर्मा आदि आयोजकों ने शिव भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया। जिसका प्रसाद सभी लोगों ने ग्रहण किया। इसके अलावा शिव भक्तों ने मंदिर पर शिवचर्चा का भी आयोजन किया।इस मौके पर मंदिर और मेला सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस कर्मी मुस्तैदी से लगे रहे।

**अभियान** | मनरेगा श्रमिकों के साथ समूह की महिलाएं भी हुईं मतदाता जागरूकता में शामिल

# जॉब कार्ड धारकों को स्लोगन के माध्यम से किया प्रोत्साहित

**महराजगंज तराई, बलरामपुर**




मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में शामिल ग्रामवासी अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदाताओं का मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया गया। मतदाताओं से अपील किया गया कि मतदान को राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाएं। मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर गांव-गांव प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लैबुडवा व लैबुड्डी में मतदाता जागरूकता संकल्प दिलाया गया। ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर जॉब कार्ड धारकों को स्लोगन के माध्यम से स्वयं मतदान करने व अपने ग्राम में अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत अधिकारी श्यामलाल ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि सभी का सर्वप्रथम उद्देश्य की मतदान के दिन सबसे पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे। मतदान को मतदाता दिवस के रूप में मनाएंगे। 18 वर्ष पूर्ण युवक युवतियों को पहली बार मतदान करते समय उत्साहित होकर मतदान करेंगे। निष्पक्ष मतदान करना सभी का कर्तव्य है। मतदान करने के लिए सभी को जागरूक भी करेंगे। मतदान करने से एक अच्छी सरकार व राष्ट्र का निर्माण भी होता है। मतदाताओं को मतदान करना सभी का अधिकार है। मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके ग्राम प्रधान, रामकेवल यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश्वर वर्मा, श्याम बिहारी मिश्रा, पुन्नीलाल यादव, संतोष यादव, हेमंत पांडेय, बेचन पटवा, समूह सखी राजकुमारी देवी सहित तमाम समूह की महिलाएं व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अपहरण दुष्कर्म व पॉक्सो का अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग बालिका के अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र के एक गांव की निवासी नाबालिग बालिका को मरचहिया बाजार निवासी दीपू पुत्र सोहनलाल बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस दौरान आरोपी दीपू ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना भी कारित किया था। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर उसकी तलाश कराई जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल/न्यायालय भेज दिया गया है।

## एक नजर

### उप्र में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रहीं



अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला दिवस पर उप्र. की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि, राज्य में महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। सपा प्रमुख के मुताबिक, हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है।

### प्रो. ओंकार बने लोकपाल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस रहे प्रवक्ता प्रो. ओंकार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा। इन्हें शासन सरस्वती सम्मान से भी सम्मानित कर चुकी है। वह एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोधवेत्ता है।

# आने वाले समय में प्रदेश में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

## गोरखपुर में सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट हैं और आने वाले समय मे उप्र. में सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उप्र. का बड़ा योगदान होने जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत की। योगी ने यहां ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं।

समारोह को सांसद कमलेश पासवान और विधायक राजेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शांतनु गुप्ता, अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, साथ में अन्य। अमृत विचार

- केंद्रीय मंत्री ने की मुख्यमंत्री की सराहना
- कहा, प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर

### दक्षिणांचल में औद्योगीकरण के युग की शुरुआत : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है।

### 165 करोड़ रुपये की पूंजी से प्लांट स्थापित

इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में तीन मूर्तियां बनाने को दिए 21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमती किनारे 65 फीट ऊंची होगी अटल, मुखर्जी व दीन दयाल की मूर्तियां

**अमृत विचार** : गोमती किनारे बसंत कुंज योजना के सेक्टर जे में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 65 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्तियां लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए शासन ने 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च करने की अनुमति दी है। इसी के साथ संस्कृति निदेशालय से मूर्ति निर्माण समिति के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

शासन ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल योजना के लिए कार्यदायी संस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण को करीब 139 करोड़ रुपये में 5 मार्च को जारी किए थे। शासन के संयुक्त सचिव गिरीश चंद्र मिश्र की ओर से गुरुवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को जारी आदेश के मुताबिक, तीन अदद स्टैच्यू की स्थापना व क्रय हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा मूर्ति निर्माण समिति के मार्गदर्शन में टेंडर के आधार पर 21 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपये खर्च होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत म्यूजियम क्यूरेशन के लए 24.50 करोड़ को पास नहीं किया गया है। इसका क्रियान्वयन बाद में संस्कृति विभाग से होगा। इस म्यूजियम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष के जीवन से जुड़ी चीजें दिखायी देंगी। यह म्यूजियम डिजिटल होगा। इसमें इन महापुरुषों के भाषणों के अंश भी सुनने को मिलेंगे।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का इंतजार

65 एकड़ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए मिले 117 करोड़ मिल चुके हैं। बीते माह 27.86 करोड़ की धनराशि देकर जीबीसी के दौरान 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी से लोकार्पण कराना था। मगर, कार्य पूरा करके तैयारी नहीं हो पाई। यहां अन्य प्रकार की कई सुविधाओं को लेकर भी काम जारी है।

# आचार संहिता से पहले पीडब्ल्यूडी का धनावंटन पर फोकस

## रामपुर, लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों को जारी हुई करोड़ों की धनराशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : लोक निर्माण विभाग का बजट के अनुरूप अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। शासन से रोजाना अरबों का धनावंटन हो रहा है। साथ ही, सरकार की ओर से सख्त रूख अपनाते हुए अवकाश में भी मॉनीटरिंग शुरू हो गई है। कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से पहले धनावंटन का कार्य पूरा हो जाए, ताकि कार्य पूरा करने में कोई रुकावट न हो।

शासन ने 24 घंटे के भीतर सभी जिलों को अरबों रुपये सड़कों के नवीनीकरण, सुदृणीकरण, चौड़ीकरण आदि के लिए जारी किया है। यह सिलसिला अगले सप्ताह तक तेजी से जारी रहेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के आखिर में या तीसरे सप्ताह में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना हर हाल में जारी होने की उम्मीद है, ऐसे में बजट के अनुरूप आवंटन पर फोकस है, ताकि मार्च माह में तीन दिन पहले ही छोटे-छोटे सड़कों के काम काम पूरा करके धनराशि का व्यय सुनिश्चित हो सके और अंत में मानीटरिंग के साथ जरूरी बड़े काम निपटाए जा सके।

रामपुर जनपद में विलासपुर मिलक मार्ग के किमी 18 से रासडंडिया से सिलईबड़ा भौजीपुरा मार्ग पर 11.300 किमी के कार्य की कुल लागत 37.54 करोड़ के सापेक्ष 7.50 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जबकि कानपुर नगर, महराजगंज, जौनपुर और फर्रुखाबाद के लिए 81.64 करोड़ की स्वीकृति देते हुए 16.20 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें कानपुर के शिवराजपुर मार्ग को दो लेन से चार लेन करने का काम भी शामिल है। हरदोई व झांसी के लिए 1.47 करोड़ समेत कई जिलों में 31 नए मार्गों के लिए 31.18 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

लखनऊ-कानपुर मार्ग से हरदोई मार्ग तथा हरदोई मार्ग से सीतापुर मार्ग के गोमतीनदी पर बने घैलापुर के क्षतिग्रस्त पहुंचमार्ग की मरम्मत भी तेजी से पूरा करने के लिए 1.47 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में डालीगंज से निशातगंज मार्ग पर इंदिराब्रिज के विशेष मरम्मत के लिए शासन ने 46.57 लाख रुपये जारी किए हैं।




- अगले सप्ताह तक धनावंटन और 21 दिन में कार्य पूरा करने की योजना

### 61 सड़कों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हालात

लखनऊ, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, आदि जिलों की पीडब्ल्यूडी से बनने वाली 61 सड़कों के लिए एक-एक लाख रुपये जारी करके शासन ने ऊंट के मुंह में जीरा की कहावत चरितार्थ की है। जबकि इन नई सड़कों के लिए इस सत्र में 503.27 करोड़ का बजट पास किया गया था। सूत्रों का कहना है कि इस धनराशि से सिर्फ शिलान्यास की औपचारिकता ही पूरी हो पाएगी। काम अगले सत्र में शुरू हो पाएगा।

### नटवाडीह टीला संवारने को मिला 1.14 करोड़

लखनऊ विकास प्राधिकरण के लिए शासन ने बिजनौर रोड स्थित नटवाडीह डीला की चारदीवारी, कंक्रीट सड़क और पार्किंग का निर्माण कार्य कराने के लिए 2.29 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश जारी करते हुए इसकी 50 फीसदी धनराशि 1.14 करोड़ से अधिक निर्गत करने का आदेश दिया है।

# मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने को शर्तें तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की योजना को अमली जामा पहनाने में जुटी राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ शर्तें निर्धारित की हैं। दरअसल, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का लाभ 1 अप्रैल 23 से दिया जा रहा है लेकिन उन्हें 31 मार्च 2024 से पहले के सभी बकाया का भुगतान करना होगा।

ऊर्जा विभाग ने बकाया चुकाने के तीन विकल्प किसानों को दिए हैं। पहले विकल्प के तहत एकमुश्त बकाया भुगतान करने पर 100 प्रतिशत ब्याज और विलंब अधिभार में छूट दी जाएगी।

वहीं, दूसरे विकल्प के तहत अगर तीन समान किस्तों में बकाया चुकाया जाता है तो ब्याज व विलंब अधिभार में 90 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। तीसरा विकल्प छह किस्तों में बकाया चुकाने का है, इसके तहत ब्याज और अधिभार में 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं, अगर किसान किस्तों में बकाया चुकाने का विकल्प चुनता है और समय पर अदायगी नहीं कर पाता है तो उसे छूट का लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे में 31 मार्च 2024 तक जीरो बिल करने पर 140 यूनिट्स प्रति किलोवॉट तक की छूट मिलेगी। बुंदेलखंड क्षेत्र में 9.32 किलोवाट एवं 1300 यूनिट प्रतिमाह एवं अन्य क्षेत्रों में 7.46 किलोवाट एवं 1045 यूनिट तक छूट मिलेगी।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की दी सुविधा

बकाया भुगतान में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को 30 जून तक (uppcl.org) रजिस्ट्रेशन करना होगा और पंजीकरण के साथ ही मूलधन की 30 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी। बिजली छूट का प्रयोग जिम्मेदारी से करने के लिए बिजली खपत के मानक भी सरकार ने तय किए हैं। इन्हें बुंदेलखंड क्षेत्र और शेष राज्य में बांटा गया है।

## वर्ग पहेली-4

**बाएं से दाएं**

3.1. दस्त, रेचन 2. दस्त लाने वाली दवा 3. विरेचक औषधि।

5. उपहार, भेंट, तोहफ़ा।

6.1. जिसमें पानी हो, कांतिमान, चमकदार, लावण्ययुक्त 2. प्रतिष्ठित, इज़्ज़तदार 3. स्वाभिमानी।

9.1. चरम सीमा, पराकाष्ठा, अंतिम सीमा, आख़िरी हद 2. अत्यधिक, बहुत ज़्यादा।

**ऊपर से नीचे**

1. गुलाबजल छिड़कने का एक लंबा पात्र जिसमें गुलाबजल भरकर शुभ अवसरों पर लोगों पर छिड़कते हैं।


2. एक प्रकार की छोटी चौड़ी तलवार या खड्ग।

4.1. तलवार चलाने में माहिर बुंदेलखंड की एक योद्धा जाति 2. खंग चलाने वाला व्यक्ति 3. जनश्रुति है कि किसी ज़माने में खंगार नामक व्यक्ति ने किसी नवविवाहित दंपति की प्राणरक्षा की थी

5.1. क्रय-विक्रय का व्यवहार, व्यापार, रोज़गार 2. ख़रीदने की वस्तु 3. कई प्रकार की वस्तुएं।

7.1. वस्तुओं को किसी विशेष ढंग से इधर-उधर फैलाना, तितर-बितर करना 2. छिटकाना, फेंकना।

8.1. बिना बधिया किया हुआ बैल, वृषभ 2. हिंदू धर्म में मृतक की स्मृति में दाग कर छोड़ा हुआ वृषभ।



### वर्ग पहेली-3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | | | 2 प | न | 3 स |
| 4 ह | म | पे | 5 शा | | | मा |
| | क | | न | | 6 ने | चा |
| | | 7 शे | दा | ई | | र |
| | 8 से | वा | र | | | वा |
| 9 दौं | | ल | | | | च |
| री | | | 10 च | का | च | क |

# प्रदेश में आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को न सिर्फ वित्तीय बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी।

उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह राज्य सरकार का बड़ा कदम होगा। औद्योगिक प्राधिकरण 24 घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे व एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे या बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशा निर्देशों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके।

### बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए बाधा रहित व्यवसाय प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

### 24 घंटे तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन

सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24 घंटे तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी, उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है। इनमें फैक्ट्री अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, अनुबंध श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम एवं रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम शामिल है।

# पांच जिलों में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : बेहतर शिक्षा सुविधा मुहैया कराने की दिशा में समाज कल्याण निदेशालय ने एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पांच जिलों में चार नए आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) खोले जाएंगे। एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालय में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। एक फरवरी को आए केंद्रीय बजट में भी छात्रावास और आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट बढ़ाया गया था। बजट को 110 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को शासन से हरी झंडी मिल गई है। नए वित्तीय वर्ष में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने का लाभ छात्रों को मिलेगा।

### एटीएस को भी ऑनलाइन करने की तैयारी

**अमृत विचार** : आश्रम पद्धति विद्यालय को भी ऑनलाइन करने की तैयारी है। पिछले माह शुरू हुए कल्याण साथी मोबाइल एप पर इसका विवरण उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि छात्रों को इस बात की जानकारी भी मिल सके कि किस आश्रम पद्धति विद्यालय में कितनी सीटें खाली हैं। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार एटीएस का डाटा बैंक भी बनाया जाएगा। डाटा बैंक और ऑनलाइन होने के बाद जरूरतमंदों को राहत मिलेगी।

## सुडोकू-83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### सुडोकू - 82 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.17 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.55 तक तत्पश्चात शतभिषा 10 मार्च 04.56 तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद।

**मेष** — आज आपकी सलाह से दूसरों को लाभ मिलेगा। लोहे के व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। नए वस्त्र खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। लोग आपके साथ जुड़कर सम्मान का अनुभव करेंगे।

**वृष** — आज अनावश्यक बयानबाजी करने से आपको बचना चाहिए। घर में लोग आपका अनादर कर सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। बुरे स्वप्न आपकी नींद खराब कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है।

**मिथुन** — आज आध्यात्मिक चर्चा से आनंद प्राप्त कर सकते हैं। बॉस से ज्यादा बहस न करें। प्रेम संबंधों को समय न दे पाने के कारण मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। आपको अपेक्षा से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्य से भ्रमित न हों।

**कर्क** — आज अधिकारी वर्ग आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं। पेट की समस्याओं से ग्रसित हो सकते हैं। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। गुरु तुल्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन से आपको लाभ होगा।

**सिंह** — आज निजी रिश्तों के प्रति शंकालु न हों। धन को लेकर समस्या दूर होगी। व्यवहार कुशलता से कठिन स्थितियों को अनुकूल करने में सफल होंगे। जॉब में उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर सकते हैं। जीवनसाथी की थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। गूढ़ रहस्यों को समझने व जानने की इच्छा जागृत होगी। शरीर में चुस्ती-फुर्ती की कमी रहेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मन में संतोष का भाव रहेगा।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको नुकसान होगा। संतान की जिद के कारण कुछ दुविधा में फंस सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन शुभ नहीं है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**वृश्चिक** — आज बिना मन से काम करने के कारण कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोग आपको शंकालु दृष्टि से देखेंगे। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। अचानक आए खर्चों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**धनु** — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कोई अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। मित्र इसमें आपकी मदद को तत्पर रहेंगे। आपके मनोबल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बचत पर आप काफी ध्यान देंगे।

**मकर** — आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो संघर्ष करना पड़ेगा। दोपहर के बाद आपके कुछ काम अटक सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने शत्रुओं के ऊपर भारी पड़ेंगे। रियल एस्टेट के व्यवसायियों को नकदी की थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा। फोन कॉल्स से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। आपकी दिनचर्या बेहद अनुशासित रहेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** — आज दांपत्य संबंधों को लेकर अनमने हो सकते हैं। जोश में आकर तात्कालिक निर्णय लेने से बचें। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपका दिन नकारात्मक प्रभाव वाला हो सकता है। अनावश्यक व्यय होने की संभावना बन रही है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
सीता और गीता — सुबह : 10.28
जिस देश में गंगा रहता है — रात : 07.00

Sony Max
यारियां 2 — सुबह : 09.48
स्टारफिश — रात : 09.30

Sony Pix
हेलबॉय — सुबह : 10.52
2012 — रात : 08.45

Zee Cinema
डैडी — सुबह : 10.30
करीब करीब सिंगल — रात : 07.30

Colors Cineplex
तू चोर मैं सिपाही — दोपहर : 12.31
दृश्यम 2 — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात 07.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी
विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# डीपफेक पर कानूनी प्रावधान चुनाव के बाद

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-हमारे भविष्य को कर सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा-हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं।

### एफटीए पर घरेलू उद्योग के दीर्घकालिक लाभों पर सरकार का ध्यान: पीयूष गोयल



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत करते हुए हमेशा घरेलू उद्योगों के आनुपातिक और दीर्घकालिक लाभों को ध्यान में रखती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि वे दिन चले गए जब भारत दुनिया की शर्तों को स्वीकार करता था। गोयल ने साक्षात्कार में कहा-हम यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य पर नजर रखते हैं कि भविष्य में भी एफटीए का प्रभाव सकारात्मक होगा। हमारा ध्यान संतुलित, निष्पक्ष और न्यायसंगत एफटीए पर होता है। उन्होंने कहा-हमारी तरफ से पेश किए जा रहे बड़े भारतीय अवसर को देखा जा सकता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमें (इन समझौतों से) देश के लिए आनुपातिक लाभ मिले।

## सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू किया

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने 'डाटाबेस' शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि 'डाटाबेस' को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'डाटाबेस' की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी 'डाटाबेस' एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## शाकाहारी थाली फरवरी में महंगी पर मांसाहारी की लागत हुई कम

**मुंबई, एजेंसी**



प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने 'रोटी चावल कीमत' पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक-प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20% की गिरावट आई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 736 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,150 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## पड़ोसी देश के नेपाली व्यापारियों को यूपीआई के जरिए कीजिए भुगतान

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एनपीसीआई अंतरराष्ट्रीय भुगतान (एनआईपीएल) और नेपाल के सबसे बड़े भुगतान नेटवर्क फोनेपे पेमेंट सर्विस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत ही पड़ोसी देश में यूपीआई से भुगतान शुरू हुआ है। कहा गया कि अपने पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल करके नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे। फोनपे नेटवर्क में शामिल व्यापारी भारतीय ग्राहकों से यूपीआई भुगतान ले सकते हैं। एनआईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितेश शुक्ला ने कहा-यह पहल न केवल डिजिटल भुगतान क्षेत्र में नवाचार करने की हमारी प्रतिबद्धता को, बल्कि व्यापार के लिए नए रास्ते बनाएगी।

## सरकार बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदने की बना रही योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने जारी किए आंकड़े



इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा-हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय



चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड दौरान आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के दौरान कैडेटों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

## प्रधानमंत्री असम अरुणाचल, बंगाल और उप्र का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताहांत असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री शुक्रवार रात को असम पहुंच जाएंगे और अगले दिन शनिवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे। यहां से प्रधानमंत्री अरुणाचल के ईटानगर के लिए रवाना होंगे, जहां वह 'विकसित भारत, विकसित उत्तर पूर्व' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 10,000 करोड़ रुपये की उन्नति योजना की शुरुआत भी करेंगे।

## नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार वितरण के दौरान बोले प्रधानमंत्री, देश के प्रति बढ़ रही जिज्ञासा

# भारत के बारे में दुनिया के लिए करें सृजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा-आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। 'ग्रीन चैंपियन' श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार 2024 में मल्हार कलांबे को स्वच्छता राजदूत पुरस्कार प्रदान किया। ● एजेंसी

गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

मोदी ने कहा कि लोग उनसे उनकी सफलता का राज पूछते हैं, लेकिन वह हर किसी को जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा-क्या कोई रेस्तरां मालिक आपको अपनी रसोई दिखाएगा? ईश्वर की कृपा है, मैं समय से पहले समय को भांप सकता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि भविष्य में इन पुरस्कारों का महत्वपूर्ण स्थान होगा। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स को देश के डिजिटल एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया और कहा कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

उन्होंने कहा-आइए, हम सब मिलकर 'क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। यह कहते हुए कि भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है, प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स से संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम विकसित करने का आग्रह किया।

## एक नजर

### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

### मीरवाइज को नमाज पढ़ने की मिली अनुमति

**श्रीनगर।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पांच महीने बाद जामिया मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया-मीरवाइज को आज दोपहर को यहां शहर के निगीन इलाके में उनके आवास से बाहर निकलने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अपने आवास से निकलने के बाद मीरवाइज शहर की जामिया मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की।

## राजद ने विधान परिषद चुनाव में राबड़ी, तीन अन्य उम्मीदवारों को उतारने का किया फैसला

**पटना।** राजद ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को एक बार फिर से विधान परिषद चुनाव मैदान में उतारने का शुक्रवार को फैसला किया। राजद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी इस महीने के अंत में होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के शशि यादव का समर्थन करने के अलावा, पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और तीन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। राजद के अन्य उम्मीदवारों में अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव सैयद फैसल अली और महिला इकाई की पूर्व प्रमुख उर्मिला ठाकुर शामिल हैं।

## पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा, मैं जा रहा हूं

**कोटा (राजस्थान) एजेंसी**

- आत्महत्या से पहले 16 वर्षीय किशोर ने कहा

पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा। क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं.... यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले उस 16 वर्षीय किशोर के हैं जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को घटनास्थल से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें मृतक ने अपने पिता से जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) पास न करने के बारे में असमर्थता जताई है। अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में लिखा हुआ था, पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएग। क्षमा करिएगा, मैं जा रहा हूं।

# सीबीआई ने शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को

**संदेशखालि मामला**

- हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए पहुंचे अधिकारी

राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

### टीएमसी सरकार शेख को बचा रही : पूनावाला



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है। शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-एक तरफ प्रधानमंत्री 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से 'शाहजहां बचाओ' का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा-वे (कांग्रेस) 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए।

## सुपरटेक के अध्यक्ष को धनशोधन मामले में नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में निर्माण कारोबार से जुड़ी कंपनी सुपरटेक समूह के अध्यक्ष एवं प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की 'डिफाल्ट' जमानत याचिका खारिज कर दी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरोड़ा की इस दलील को खारिज कर दिया कि अभियोजन शिकायत (आरोप-पत्र) दाखिल करने की तारीख तक जांच पूरी नहीं हुई थी, क्योंकि आरोप-पत्र के साथ एफएसएल रिपोर्ट संलग्न नहीं थी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत दर्ज करने के बाद मामले में एक अन्य व्यक्ति को तलब किया था।

## गृहमंत्री अमित शाह के घर में 200 उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

- 11 मार्च को उम्मीदवारो की दूसरी सूची होगी फाइनल

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने लगभग 200 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। इनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली आने के बाद ही होगी। दूसरी सूची जारी करने के लिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक भी इसीलिए टल गई है क्योंकि मोदी असम एवं उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकल गए हैं। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के टिकट दावेदारों पर विचार-विमर्श हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे।

"इस बार चार सौ पार" फार्मूले के तहत भाजपा ने एक ठोस रणनीति बनाई है जिसके तहत एक-एक सीट पर बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और प्रत्याशियों के चयन से पहले सभी पहलुओं पर राय मशविरा हो रहा है। उम्मीदवारों के चयन में कई स्तर पर विचार करने के बाद एक-एक नाम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत लगभग दो सौ उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। लेकिन उसमें अंतिम मोहर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चुनाव समिति की बैठक के दौरान लगेगी। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो चुकी है दूसरी सूची में लगभग 200 उम्मीदवारों की घोषणा होने का अनुमान है। तीसरी सूची में उन उम्मीदवारों के नाम होंगे, जिनमें ज्यादा उठापटक है।

सूत्रों के मुताबिक यह भी पता चला है कि दूसरी सूची में कुछ नामों पर स्वयंसेवक संघ का दबाव है इसीलिए शनिवार को होने वाली चुनाव समिति की बैठक को टाल दिया गया है। क्योंकि शुक्रवार को दोपहर में प्रधानमंत्री असम के दौरे पर निकल गए हैं। 9 मार्च की रात मोदी बनारस में रहेंगे और दूसरे दिन आजमगढ़ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 10 मार्च की रात तक दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की बैठक 11 मार्च को हो सकती है। अभी तक तय किए गए नामों पर 10 मार्च की रात को मोदी विचार कर सकते हैं। फिलहाल 11 मार्च का दिन भाजपा टिकटार्थियों के लिए काफी अहम होगा। उस दिन दूसरी सूची जारी की जाएगी और 12 मार्च को मोदी जैसलमेर (राजस्थान) चले जाएंगे।

## खेल डायरी

### निशांत विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में



**बुस्तो आर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5-0 से जीत दर्ज की। युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3-2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिए 49 कोटा (28 पुरुष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए 4 कोटे हासिल किए हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुड्डा (57 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकाक में खेला जाएगा।

### नागल पहले दौर में कनाडा के मिलोस से हारे

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबास ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। गत क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन नडाल के नाम वापिस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे। नागल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। अगर वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आकर बने रहते हैं तो पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।

### वापसी के साथ पहला मैच हारीं वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रहीं अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबास ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गईं। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थीं। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने क्वालीफायर सारा ईरानी को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में 3 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को थॉमस मचाक ने हराया।

### अफगानिस्तान मैच खेलने जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया। हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मैं खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे। अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

# रोहित और गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत

## भारत ने दूसरे दिन 255 रन की बनाई बढ़त, रोहित और गिल ने दूसरे विकेट के लिए की 171 रन की साझेदारी



**शुभमन गिल**
**110** रन **150** गेंद
**10** चौके **5** छक्के

**धर्मशाला, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए 8 विकेट पर 473 रन बना लिए। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन में 5 विकेट गंवाए।

इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में 171 रन जोड़े। पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए जबकि सरफराज ने 60 गेंद में 56 रन बनाए और चाय के बाद पहली गेंद पर ही विकेट दे दिया।



धर्मशाला में दूसरे दिन भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते रोहित शर्मा।

भारत ने 1 विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर 2 विकेट लिए। चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पड्डिकल को बशीर ने बोल्ड किया। ध्रुव जुरेल (15) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और रोहित को बोल्ड किया। उसके बाद सरफराज और पड्डिकल ने पारी को आगे बढाया। स्टोक्स ने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में गेंदबाजों को नाकाम होता देख दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 279 रन था। पड्डिकल ने आफ साइड से अधिकांश रन बनाए। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में शृंखला में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। कल के स्कोर 1 पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी। रोहित और गिल की साझेदारी तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। बशीर ने जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाया। वहीं गिल ने एंडरसन को छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को एकमात्र मौका मिला, लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में 6 फील्डर लगाए, लेकिन निराशा हाथ लगी। मिड आफ खाली देखकर रोहित ने वुड को चौका जड़ा। बशीर को दूसरे स्पेल में गिल ने सिर के ऊपर से छक्का लगाया। रोहित ने टॉम हार्टली की गेंद पर 1 रन लेकर 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़कर सौ रन बनाया। शृंखला में दूसरा शतक जमाने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का झुककर अभिवादन किया, जिसमें उनके पिता बैठे थे।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी)** 218

| भारत (पहली पारी) | 473/8 (120 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी स्ट फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा बो स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमन गिल बो एंडरसन | 110 | 150 | 10/5 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज खान का रूट बो बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 19 | 55 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 6, **विकेट पतन:** 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी:** एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टली 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0

# बीमारी ने खेल के प्रति बढ़ाया लगावः पड्डिकल

**धर्मशाला, एजेंसी**

दो साल से अधिक समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से देवदत्त पड्डिकल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे लेकिन इन परिस्थितियों ने उनका खेल के प्रति लगाव बढ़ा दिया और आखिर में वह भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने में सफल रहे।

पड्डिकल ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन



कोविड होने और पेट संबंधी बीमारी से उनके करियर का ग्राफ आगे नहीं बढ़ पाया। इनसे पार पाने के बाद पड्डिकल ने घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगना शुरू कर दिया, जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट में उन्होंने शुक्रवार को 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का है। पड्डिकल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आप जो भी काम करते हो उसमें सफलता के लिए अनुशासन होना जरूरी है। चाहे वह अभ्यास हो या दैनिक जीवन की आदतें या भोजन। मैंने अनुशासित रहने का प्रयास किया और यही मेरा लक्ष्य था। बीमारी के दौरान मैं बहुत कुछ नहीं कर सका लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि मैं अन्य क्षेत्रों में पीछे ना रहूं। मैंने खुद पर काम जारी रखा फिर चाहे वह मानसिक हो या फिर छोटी -छोटी चीजें। पड्डिकल ने जब पूर्ण फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की तो उनका खेल निखर गया था। उन्होंने कहा कि तकनीकी तौर पर और मानसिक तौर पर भी मैंने बदलाव किए। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि मैं खेल का पूरा लुत्फ उठाऊं। मुझे एहसास हुआ कि इस खेल से मेरा कितना लगाव है।

# पीवी सिंधू ओलंपिक चैंपियन चेन से हारी

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

**पेरिस, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ से हार गई।

चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ़ घंटे चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24-22, 17-21, 18-21 से पराजय झेलनी पड़ी। सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी हैं। वहीं भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21-18, 21-13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।



# कोहली के लंबे करियर का राज फिटनेस : डु प्लेसी

**बेंगलुरू, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे करियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया। डु प्लेसी ने कहा कि वह जबर्दस्त है। वह काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है। अगर आज के दौर में लंबा करियर चाहिए तो यह करना ही होगा। वह शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा करियर बनाने के लिए सिर्फ प्रतिभा



से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा कि युवाओं को लगता होगा कि वह आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे, लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिए फिटनेस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं। हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं। कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं। इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है।

### कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथियों को दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** विराट कोहली ने आईपीएल में सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनके आईपीएल में वापसी की संभावना है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे आईपीएल से गहरा लगाव है। इसमें आप कई नए खिलाड़ियों के साथ खेलते हो। कई ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलते हो जिन्हें आप लंबे समय से जानते हो और जो आपके देश से नहीं है जिनसे आप अक्सर नहीं मिलते हो।

### आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

**मेलबर्न, एजेंसी।** मैथ्यू वेड आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में कहा कि उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें ऐतराज नहीं है। वेड ने 2022 में टाइटंस के लिए 10 मैचों में 157 रन बनाये थे लेकिन पिछले साल वह मैच नहीं खेल सके क्योंकि रिधिमान साहा को तरजीह दी गई।

# खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोईन


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद मोईन अली ने बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन टीम बनाया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोईन ने कहा कि जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का बचाव किया जिसकी इस समय आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें विश्वास नहीं करते। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है। मोईन ने कहा कि भारत से उनका सामना कठिन विकेट पर था। बैजबॉल में हमेशा मौका होता है। भारत के लिए यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया। टेस्ट क्रिकेट को आगे ले जाने की जरूरत है और बैजबॉल वही कर रहा है। आईपीएल में 5 बार की चैंपियन चेन्नई के लिए खेलने वाले मोईन ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अप्रत्याशित रणनीतियों से उनकी टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहता है।






# अजय की 'मैदान' अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1962 तक के उस दौर को दिखा गया है, जिसे खेल जगत में भारतीय फुटबॉल का गोल्डन एरा माना जाता है। इस दौरान कोलकाता के मैदानों से किस तरह से इंडियन फुटबॉल का उदय हुआ और कोच सैयद अब्दुल रहीम के कड़े संघर्ष के बाद एशियाई गेम्स में भारतीय टीम ने कई गोल्ड मेडल जीते। फिल्म मैदान में प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2024 पर रिलीज होने वाली है।

### अक्षय कुमार ने फैंस को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामना दी है। आज पूरे देश में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अक्षय कुमार ने अपनी इंस्टा स्टोरी में भगवान शिव की तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही शुभकामनाएं देते हुए अक्षय ने ने लिखा, "देवों के हैं देव... हर हर महादेव। महा शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महाकाल।

# फिल्म ओडेला 2 में तमन्ना शिव भक्ति में लीन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली तेलुगु फिल्म ओडेला 2 से तमन्ना का लुक रिलीज कर दिया गया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग कर रही हैं। इस बीच ओडेला 2 से तमन्ना भाटिया का पहला लुक रिलीज कर दिया गया है। महाशिवरात्रि पर तमन्ना भाटिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'ओडेला 2' से अपना पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में तमन्ना भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि तमन्ना ने एक हाथ में डमरू लिया है, माथे पर चंदन लगाया है और एक हाथ में लाल-पीली मौली से रंगी लकड़ी पकड़ी है। पोस्टर शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने कैप्शन में लिखा है, ओडेला 2 का पहला लुक। मुझे महाशिवरात्रि के इस शुभ दिन पर पहली झलक का खुलासा करते हुए खुशी हो रही है। हर हर महादेव। हैप्पी महा शिवरात्रि। 'ओडेला 2' में तमन्ना भाटिया भैरवी का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेज कर रहे हैं।



### मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री आर्टिकल-370

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल-370 मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव फिल्म आर्टिकल 370 के मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री होने की जानकारी लोगों के साथ अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की।



# मडगांव का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का पहला गाना 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' रिलीज हो गया है, जिसे अजय गोगावले और निखिता गांधी ने मिलकर गाया है। 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' के बोल कुमार ने लिखे हैं। नोरा फतेही 'बेबी ब्रिंग इट ऑन' गाने में डांस करती नजर आ रही हैं। मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन ऐसे दोस्तों की है, जो बचपन से ही गोवा जाने का सपना संजोए हैं। तीनों का यह सपना पूरा भी हो जाता है। वो जैसे-तैसे गोवा पहुंच जाते हैं। लेकिन वहां नोरा फतेही और उनके साथ छाया कदम और उपेंद्र लिमये मिलते हैं, जो उनकी इस यात्रा को और रोमांचक बना देते हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। `मडगांव एक्सप्रेस` 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

### सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का दूसरा गाना तेरे संग इश्क हुआ



**मुंबई, जारी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। कुछ दिनों फिल्म योद्धा का पहला गाना 'जिंदगी तेरे नाम' रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने प्यार दिया। अब योद्धा का दूसरा गाना 'तेरे संग इश्क हुआ' भी रिलीज कर दिया है। 'तेरे संग इश्क हुआ' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना के बीच केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और नीति मोहन ने गाया है। वहीं, इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है और इसके लिरिक्स कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है ।फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# चीन के विरुद्ध भारत से सहयोग मजबूत कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी



- बाइडन ने कहा, अमेरिका चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे अपने सहयोगियों के साथ अमेरिका अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है।

स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। बाइडन ने गुरुवार को अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।' बाइडन ने कहा, 'वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रह है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है।

# आयोग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करें वोटर आईडी कार्ड

देश में चुनावी माहौल बना हुआ है। चुनाव में मतदान या वोट देना देश के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार होता है। वोट देने के लिए वोटर आईडी कार्ड होना बहुत जरूरी है। अगर आप भी 18 साल के हो गए हैं तो आपको वोटर आईडी-कार्ड के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। आईए जानते हैं इसके बारे में...

**18** साल से अधिक उम्र वाले युवा ही बनवा सकते हैं वोटर आईडी-कार्ड




### वोटर आईडी-कार्ड का कहां कर सकते हैं प्रयोग



आप ऑनलाइन आसानी से वोटर आईडी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑफलाइन भी कार्यालय में जाकर वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। आपको बता दें कि ऑनलाइन अप्लाई करने का प्रोसेस काफी आसान है। इसमें आप ऑनलाइन आवेदन करते हैं और वोटर आईडी-कार्ड तैयार होकर आपके घर पर आ जाता है। ऐसे में आपको वोटर आई-डी कार्ड के लिए कहीं भाग-दौड़ करने की जरूरत नहीं है।

**ईसी की तैयारी**-लोकसभा चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 और 19 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर रहेगा। 18 साल की उम्र पूरी करने वाले भी वोटर बन सकेंगे। बता दें 80 साल से ऊपर के मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराया जाए। चुनाव को देखते हुए आयोग ने तैयारी तेज कर दी है।

### ये है आवेदन करने का आसान तरीका

घर बैठे वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले आपको चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://eci.gov.in/ पर जाना पड़ेगा। फिर वोटर सर्विसेस पोर्टल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको नया अकाउंट बनाना होगा। उसके लिए आपको अपना नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद ओटीपी भरने के बाद आपको पासवर्ड बनाना होगा। जिसके बाद आपका अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद आपको लॉगिन करना होगा न्यू अकाउंट से इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा। उसके बाद आपको आपको अपनी पर्सनल जानकारी भरनी होगी। नाम, पता, जेंडर अगर घर में और किसी का वोटर कार्ड है तो उसकी जानकारी भर दें। लगभग एक सप्ताह के अंदर वोटर कार्ड बनकर डाक द्वारा आपके घर आ जाएगा।



### दस्तावेजों मे क्या है जरूरी

वोटर कार्ड अप्लाई करते समय आपके पास हाल ही में खींची गई दो कलर फोटो होना जरूरी है। इसके साथ ही आपकी उम्र का प्रूफ और पता होना जरूरी है। बर्थ सर्टिफिकेट या फिर दसवीं की मार्कशीट दोनों का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इन डॉक्युमेंट में से अगर एक भी डॉक्यूमेंट आपके पास नहीं होता, तो फिर आपको अपने माता-पिता जिनका वोटर लिस्ट में नाम हो।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने वायुसेना की चार यूनिटों को किया सम्मानित

गाजियाबाद, एजेंसी



- 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है यह सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एयरफोर्स की चार यूनिटों को सर्वोच्च सैन्य सम्मान से सम्मानित किया। इन्हें राष्ट्रपति मानक और रंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 25 वर्षों में सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

जिन चार यूनिटों को सम्मान दिया जाता है उसमें 45 स्क्वार्डन, 221 स्क्वार्डन, 11 बेस रिपेयर डिपो और 509 सिग्नल यूनिट शामिल हैं। चारों यूनिट की ओर से ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन, ग्रुप कैप्टन शुभांकन, एयर आफिसर कमांडिंग आशुतोष वैद्य और कमांडिंग आफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहली बार गाजियाबाद पहुंची।

### 11 से मॉरीशस दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से मॉरीशस के तीन-दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगी, मुर्मू द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया कि मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

## एक नजर

### मोदी के दौरे से पहले असम में सीएए को लेकर विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। यूओएफए प्रवक्ता और रैजर दल के प्रमुख अखिल गोगोई ने कहा कि पहले शनिवार को प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन अहोम समुदाय के संगठनों के अनुरोध पर यह एक दिन पहले किया गया। गोगोई ने प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री अहोम समुदाय के जनरल लाचित बोरफुकान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ऐसे में, समुदाय ने हमसे विरोध प्रदर्शन की तारीख बदलने का अनुरोध किया।

### चाबहार बंदरगाह पर चर्चा के लिए अफगान पहुंचा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** ईरान में भारत की सहायता से निर्मित चाबहार बंदरगाह का अफगान लोगों के लिए उपयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों के बीच तौर तरीकों पर बातचीत चल रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के मामलों के लिए संयुक्त सचिव के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल है। संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल इस समय अफगानिस्तान के दौरे पर है।

### थाईलैंड: विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा

**बैंकॉक।** थाईलैंड के खोन केन में स्थित नदी में गीन एनर्जी के टार्गेट को पूरा करने के लिए हाइड्रो-फ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है।



### नाइजीरिया में आतंकियों ने 287 बच्चों का किया अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में गुरुवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल पर हमला किया, आतंकियों ने हमले के बाद 287 छात्रों का अपहरण कर लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अधिकारियों को बताया है कि, देश में अपहरण की सबसे बड़ी दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि हमलावरों ने कदूना राज्य के कुरिगा शहर में सरकारी स्कूल को घेर लिया, उस वक्त स्कूल में छात्र आ चुके थे। प्रधानाध्यापक सानी अब्दुल्लाही ने बताया कि 287 बच्चे लापता है। गवर्नर ने ग्रामीणों से बातचीत की और कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चा घर लौटे। हम सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

# समावेशी सुधारों को लेकर भारत ने यूएनएससी में पेश किया मॉडल

## भारत ने जी4 देशों की तरफ से कहा- परिषद में सदस्यों की संख्या 15 से बढ़ाकर 25-26 हो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए विस्तृत योजना का मॉडल पेश किया है। भारत ने जी4 देशों की तरफ से योजना संयुक्त राष्ट्र में रखी, जिसमें कई ऐसे सुधारों की सिफारिश की गई है, जिन्हें लागू करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ज्यादा लोकतांत्रिक और समावेशी बन सकेगी। भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज 'इंटरगवर्नमेंटल नेगोसिसएशन ऑन सिक्योरिटी काउंसिल रिफॉर्म' कार्यक्रम में शामिल हुईं।



इस कार्यक्रम में रुचिरा कंबोज ने जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की तरफ से प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या मौजूदा 15 से बढ़ाकर 25-26 करने की सिफारिश की गई है। साथ ही इसमें छह स्थायी सदस्यों और चार या पांच अस्थायी सदस्यों को शामिल करने की सलाह दी गई है। भारत ने सुझाव दिया है कि छह नए स्थायी सदस्यों में से दो अफ्रीकी राज्यों और एशिया प्रशांत के देशों, एक लैटिन अमेरिकी देशों और कैरेबियाई देशों और एक पश्चिमी यूरोपीय देशों और अन्य देशों की तरफ से प्रस्तावित किया जाना चाहिए।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था में स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों में प्रतिनिधित्व की कमी है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उतनी प्रभावी नहीं है और वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए इसमें तुरंत सुधार की जरूरत है। कंबोज ने कहा कि कोई भी सुधार प्रतिनिधित्व की कमी को नजरअंदाज करके संभव नहीं है और खासकर स्थायी कैटेगरी में भारी असंतुलन है और इसी वजह से सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने में अक्षम साबित हो रही है। कंबोज ने कहा कि सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई हैं।

### फ्रांस-अमेरिका ने परिषद में शामिल करने का किया समर्थन



भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में वीटो को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि नए स्थायी सदस्यों के पास भी मौजूदा सदस्यों की तरह जिम्मेदारी और अधिकार होंगे, लेकिन वे किसी मुद्दे पर पूरी समीक्षा के बाद ही वीटो का फैसला कर पाएंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों चीन, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास ही वीटो पावर है। वहीं दो अन्य सदस्य अस्थायी होते हैं, जिनका दो साल के लिए चुनाव होता है और उनके पास वीटो पावर नहीं होती। फ्रांस और अमेरिका ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का समर्थन किया है।

# भारत-जापान को यूएन वही स्थान दे जिसके वो हकदार: जयशंकर

टोक्यो, एजेंसी

- जापान में विदेश मंत्री ने फिर दोहराया, यूएनएससी में हो बदलाव
- विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश को यूएन से बाहर रखा गया

भारतीय विदेश मंत्री जापान दौरे पर हैं। एस जयशंकर शुक्रवार को निक्केई फोरम में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा-दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह सयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अच्छा नहीं होगा।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर जयशंकर ने कहा कि परिषद में भारत और जापान को वैसा ही स्थान देने की जरूरत है, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, अगर दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश और कुछ बड़े संसाधन मुहैया कराने वालों को संयुक्त राष्ट्र से बाहर रखा जाता है तो यह संगठन के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इसका जल्दी अहसास हो। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर छह से आठ मार्च तक जापान दौरे पर हैं। वह अपने जापानी समकक्ष योको कामिकावा के साथ 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के लिए यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की जब स्थापना हुई थी, तब करीब 50 सदस्य देश थे। जबकि आज 200 सदस्य देश हैं। इसलिए अधिकतर इस बात को समझते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार की बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'अगर किसी संगठन में चार गुना सदस्य बढ़ जाते हैं तो उस संगठन का नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता समान नहीं रह सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि आज दुनियाभर में कई जरूरी मुद्दे हैं, लेकिन इनमें संयुक्त राष्ट्र वह भूमिका नहीं निभा रहा है जो इसे निभानी चाहिए।



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मौजूद विदेश मंत्री जयशंकर।

# नेपाल की सियासी उठापटक से भारत की नीति अपरिवर्तित

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी उठापटक के बाद भारत ने अपनी नीतियों को लेकर आश्वासत किया है। बता दें, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ पंद्रह साल पुरानी साझेदारी खत्म करके मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उनके इस कदम का वहां के सात प्रदेशों की सरकारों पर भी असर पड़ा है। प्रदेशों की सरकारों के अस्थिर होने का खतरा बढ़ गया है।

भारत सरकार ने हिमालयी राष्ट्र के प्रति अपनी नीति को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। भारत ने शुक्रवार को नेपाल को आश्वासन दिया है कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के बीच गठबंधन टूटने और नई सरकार के गठन के बाद हिमालयी राष्ट्र के प्रति उसकी नीति अपरिवर्तित रहेगी।

नेपाली मीडिया ने बताया कि भारत की ओर से यह आश्वासन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव की ओर से मिला है। नेपाल के प्रति भारत की नीति के संबंध में नवीन ने गुरुवार को उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों के मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ और वित्त मंत्री वर्षा मान पुन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की।

# मोदी के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ नया नहीं: उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर दौरे पर बयान जारी किया है। उमर ने निशाना साधते हुए कहा कि पीएम के भाषण में जम्मू-कश्मीर के लिए कुछ भी नया नहीं था। इससें घाटी के लोगों की उम्मीद धराशायी हो गई हैं।



उमर ने कहा कि पीएम ने उन्हीं चीजों के बारे में बात की है, जिनके बारे में वह हमेशा से ही करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा कुछ भी उनके भाषण में सुनने को नहीं मिला जिसे लोग सुनना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि लोस चुनाव को लेकर भी मोदी ने कुछ साफ नहीं किया है।

# पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है भारत

जिनेवा, एजेंसी



- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में बोले आईडब्ल्यूएफ अध्यक्ष अरविंद

इंडिया वाटर फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने गुरुवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है, जो न केवल अपने नागरिकों बल्कि आवश्यकता पर पड़ोसियों की खाद्य सुरक्षा का भी ध्यान रखता है।

अरविंद जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के 55वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने नीली क्रांति को लेकर भारत सरकार की पहल और कदमों के बारे में भी बताया। अरविंद कुमार ने कहा 'भारत उन कुछ देशों में से एक है जो न केवल अपने लोगों के लिए एक मजबूत सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली के साथ खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि जरूरत पड़ने पर अपने पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए भी खाद्य सुरक्षा को मजबूत करता है। इसके अलावा अरविंद ने कहा कि देश में छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीली क्रांति एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है। यह योजना मछुआरों और जैव-सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों के पूर्ण संभावित उपयोग से खाद्य और पोषण सुरक्षा में योगदान करते हैं।

# उड़ान भरते ही गिरा विमान का टायर बाल-बाल बचे यात्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के साथ ही यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का एक टायर नीचे गिर गया।

विमान ने जापान के ओसाका जाने के लिए उड़ान भरी थी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान में 235 यात्री सवार थे। इसके अलावा 10 फ्लाइट अटेंडेंट और चार पायलट भी मौजूद थे। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि बोइंग 777-200 के उड़ान भरने के बाद एक टायर गिर गया। इसकी जानकारी होते ही तुरंत लॉस एंजलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर इसे डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया।

## कान्हा की नगरी में बम-बम...



**मथुरा :** महाशिवरात्रि के अवसर पर नंदी पर विराजमान भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप भूत-प्रेत, नाचते-गाते पिशाच, डाकिनी, शाकिनी। इन्हें झूमते-नाचते देख कान्हा की नगरी के ब्रजवासी भी झूमने पर मजबूर हो उठे। यह अद्भुत नजारा श्रीकृष्ण नगरी में निकाली गई शिव बारात का है। भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात में आकर्षक झांकियों के साथ नृत्य और बैंड की मधुर ध्वनि में श्रद्धालु झूमते रहे। ● एजेंसी

**विज्ञान** | विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने नए शोध में की आश्चर्यजनक खोज


# पृथ्वी से अरबों गुना अधिक होता है क्वासर ब्लैकहोल का द्रव्यमान

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड में ब्लैकहोल की ताकत का अंदाजा हम सभी जानते हैं। मगर महाशक्तिमान ब्लैकहोल की शक्ति का एहसास कम ही लोगों को पता होगा , जिनका द्रब्यमान पृथ्वी से अरबो गुना अधिक होता है और ये करीबी कोई भी वस्तु को निगलने के बाद तेजी से उगल देते हैं।

नया शोध क्वासर कहे जाने इन ब्लैकहोल के बारे में चौंकाने वाली जानकारी देता है। वैज्ञानिकों के सामने दो प्रश्न खड़े होते हैं, कुछ ब्लैक होल इतने बड़े कैसे हो जाते हैं जो किसी समय शिशु रहे होंगे। आमतौर पर यही समझते हैं कि ब्लैक-होल रोमांचकारी, बुरे सबसे हिंसक और शून्य से घिरा होता है। मगर यहां महाविशाल ब्लैक होल की बात हो रही है, जिनका द्रव्यमान सूर्य से अरबों गुना अधिक होता है। इन्हें क्वासर कहा जाता है जो आस-पास के पदार्थ को खाते हैं और अतिरिक्त पदार्थ को इतनी आक्रामक तरीके से उगलते हैं कि वे प्रकाश की अविरल धारा बनाते हैं और अपनी ही आकाशगंगा को हिलाकर रख देते हैं। यह इतनी बड़ी घटना है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है।

मगर तकनीकि सुविधाओं के विकास ने इन महाशक्तियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे बड़ी सुविधा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के आ जाने से संभव हो सकी है। गत दिवस वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन जारी किया है। जिसमें जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से चमकदार क्वासरों की आबादी की पहचान की है, जो काफी विशाल हैं। इस खोज के बहुत बड़े होने का कारण यह है कि बहुत लंबे समय तक वैज्ञानिक यह सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं कि कुछ क्वासर विशाल आकार तक कैसे पहुंचते हैं। जिन क्वासर की खोज हुई है , वह समस्याग्रस्त क्वासर हैं, जो आसपास के पदार्थ को सक्रिय रूप से खाना शुरू कर देता है, तो यह अंततः एक बड़ा भयानक क्वासर बन जाता है। विज्ञान संस्थान टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रिया के प्रो जोरिट मैथी की टीम ने यह खोज की है।



जेम्स वेब द्वारा ली गयी क्वासर यानी महा ब्लैकहोल की तस्वीर।

### तारे की मृत्यु के बाद जन्म लेता है ब्लैकहोल

जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंत के करीब पहुंचता है, तो उसकी आंतरिक परमाणु संलयन प्रक्रिया के दौरान हाइड्रोजन सामग्री को हीलियम में बदल देता है, जो कि खत्म होने लगती है। अंत में आंतरिक संलयन पूरी तरह से बंद हो जाता है। तब बाहरी दबाव भी समाप्त हो जाता है और तारा अपने आप ही ढह जाता है। इस अवस्था को विस्फोटक सुपरनोवा मृत्यु कहा जाता है और तब एक ब्लैकहोल का जन्म होता है। मरते तारों के प्रतिमान बताते हैं कि यदि मूल तारा सूर्य के भार से 40-50 गुना ज्यादा हो, तो संकुचन जारी रहता है और विचित्र स्थिति बन जाती है जिसे गुरुत्व सिंग्युलैरिटी और आम बोलचाल में ब्लैकहोल कहते हैं।

# अमेरिका: एक साल में 31% बढ़ा घृणा अपराध

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीयों में सबसे ज्यादा हमले सिखों पर हो रहे, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने किया खुलासा

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों में से सिख समुदाय पर सबसे ज्यादा हमलों की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सिखों पर हमलों की 151 घटनाएं हुई जो 2023 में बढ़कर 198 हो गई। सिखों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले 31 फीसदी बढ़े हैं।

अमेरिका के के न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, न्यूजर्सी, अलबामा, वॉशिंगटन और सिएटल में सिखों के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जबकि अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदायों के खिलाफ हेट क्राइम के कुल मामले 2022 में 375 और 2023 में 520 हुए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में रहने वाले 50 लाख भारतीयों में से सिखों की आबादी 5 लाख है। अलबामा के गुरुद्वारे के बाहर रागी जत्थे के सदस्य राजसिंह (29) की 24 फरवरी को हमलावरों ने हत्या कर दी। गुरुद्वारा प्रबंधन का आरोप है कि हेट क्राइम का मामला होने के बावजूद पुलिस ने अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

दिसंबर 2023 में न्यूयॉर्क में जसमीर (66) की हत्या को भी पुलिस ने हेट क्राइम का मामला दर्ज नहीं किया। बता दें, साल 2021 की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अतिरिक्त, 4.3% एशियाई विरोधी घटनाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। घृणा से प्रेरित अपराधों की अन्य सबसे बड़ी श्रेणियों में 6.1% घटनाओं के साथ हिस्पैनिक या लातीनी विरोधी घटनाएं और 13.4% घटनाओं के साथ श्वेत-विरोधी घटनाएं शामिल थे।




### दर्ज केस से कई गुना ज्यादा हेट क्राइम: सिख संगठन

सिख पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के अध्यक्ष गुरिंदर खालसा का आरोप है कि सिखों पर हेट क्राइम एफबीआई के आंकड़ों से कई गुना ज्यादा है। खालसा का दावा है कि मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सिखों के खिलाफ 2022-2023 में हेट क्राइम के 1200 से ज्यादा मामले हुए। अमेरिका में सिख गलत पहचान का शिकार भी होते हैं। पगड़ी दाढ़ी के कारण इन्हें मुस्लिम समझ लिया जाता है। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने इसका खुलासा पुलिस को किया है।